राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 191
लखनऊ, रविवार 15 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



आबकारी अधिकारी ने शराब ठेकों का किया निरीक्षण 10

सरस महोत्सव महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम : केशव 03

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,59,810/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,46,500/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,19,890/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# बंगाल से जंगलराज का होगा खात्मा : मोदी

### कोलकाता में पीएम मोदी बोले- बदलाव दीवारों पर लिखा जा चुका

**एजेंसी, कोलकाता।**

पीएम मोदी ने कोलकाता में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कोलकाता की धरती से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। सड़क, रेलवे और पोर्ट इंफ्रोस्ट्रक्चर से जुड़ी 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

इस दौरान पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा। अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा।

पीएम ने कहा, ये प्रोजेक्ट पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत को नई रफ्तार देंगे, इनसे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, लाखों लोगों का जीवन आसान होगा, उन्हें नए अवसर मिलेंगे। आज देश में रेलवे को आधुनिक बनाने का तेज अभियान चल रहा है। हमारा ये संकल्प है कि पश्चिम बंगाल इस अभियान में पीछे न रहे.इसीलिए केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर का भी तेजी से विस्तार कर रही है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने संबोधन में ममता सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि बंगाल में महाजंगलराज खत्म होगा, बदलाव अब दीवारों पर लिख चुका है। उन्होंने कहा कि निर्मम सरकार कुर्सी जाते देख बोखला गई है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार परिवर्तन को रोक नहीं पाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि एक बार फिर से बंगाल में कानून का राज होगा।



### प्रधानमंत्री मोदी ने कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को किया समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोलकाता से वर्चुअल माध्यम के जरिए कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं के शुरू होने से रेल अवसंरचना, यात्री सुविधाओं और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। रेलवे ने शनिवार को बताया अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित तमलुक रेलवे स्टेशन और हल्दिया रेलवे स्टेशन का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। इन स्टेशनों पर आधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर यात्री सुविधाएं, सुगम आवागमन की व्यवस्था और उन्नत बाहरी संरचना विकसित की गई है, जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव मिल सकेगा। इसके अलावा रेल संपर्क और परिचालन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से बेलदा और दांतन के बीच तीसरी रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस अतिरिक्त लाइन के शुरू होने से ट्रेनों के संचालन में सुगमता आएगी तथा यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही अधिक तेज और व्यवस्थित हो सकेगी। रेल सुरक्षा और समयबद्ध संचालन को ध्यान में रखते हुए कलाईकुंडा और कनीमहुली के बीच स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली भी शुरू की गई। इस आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली से ट्रेनों के बीच की दूरी कम होगी और रेल परिचालन की क्षमता में वृद्धि के साथ सुरक्षा मानकों में भी सुधार होगा।

### असम के सिलचर में 23,550 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम के सिलचर में लगभग 23,550 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने शिलांग-सिलचर हाई-स्पीड कॉरिडोर समेत कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कहा कि इन परियोजनाओं से बराक घाटी को पूर्वोत्तर भारत का बड़ा लॉजिस्टिक्स और व्यापारिक केंद्र बनने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वर्षों तक पूर्वोत्तर की उपेक्षा की और असम के युवाओं को हिंसा एवं आतंकवाद के रास्ते पर धकेला। प्रधानमंत्री ने लगभग 22,860 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 166 किलोमीटर लंबे शिलांग-सिलचर हाई-स्पीड कॉरिडोर का भूमि पूजन किया। यह पूर्वोत्तर भारत का पहला एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड चार-लेन हाई-स्पीड कॉरिडोर होगा। इसके पूरा होने के बाद मेघालय और असम के बीच कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी से सिलचर के बीच यात्रा का समय करीब 8.5 घंटे से घटकर लगभग 5 घंटे रह जाएगा।

# जेल से बाहर आए सोनम वांगचुक

### 170 दिन बाद खत्म हुई एनएसए की हिरासत

**एजेंसी, जोधपुर।**



लद्दाख के प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शनिवार दोपहर जोधपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। करीब 170 दिन तक जेल में रहने के बाद केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ लगे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) को तत्काल प्रभाव से हटा दिया।

सोनम वांगचुक को 24 सितंबर 2025 को लद्दाख प्रशासन ने हिरासत में लिया था, जिसके बाद 26 सितंबर को उन्हें जोधपुर जेल में शिफ्ट किया गया। उन पर लद्दाख में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुई हिंसा भड़काने का आरोप था, जिसमें चार लोगों की मौत हुई और 150 से अधिक लोग घायल हुए थे।

केंद्र सरकार का यह फैसला उस समय आया है जब उच्चतम न्यायालय में वांगचुक की पत्नी गीतांजलि द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 17 मार्च को होने वाली थी। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाने के लिए उनकी हिरासत खत्म करने का निर्णय लिया गया।

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि वह लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को संवाद और बातचीत के माध्यम से हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। रिहाई के बाद सोशल मीडिया पर वांगचुक ने लिखा कि मैं सक्रियता से पीछे नहीं हटा हूं। हमारा संघर्ष लद्दाख की सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए था और आगे भी रहेगा। वांगचुक की रिहाई की मांग लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस ने लगातार उठाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### द्रविड़, बिन्नी व मिताली को सर्वोच्च लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में ऐतिहासिक योगदान देने वाले तीन महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़, रोजर बिन्नी और मिताली राज को बीसीसीआई के प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड में सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह रविवार, 15 मार्च 2026 को नयी दिल्ली में आयोजित होगा। बीसीसीआई ने घोषणा की है कि रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड (पुरुष वर्ग में बीसीसीआई का सर्वोच्च सम्मान) प्रदान किया जाएगा, जबकि मिताली राज को महिलाओं के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलेगा। यह पुरस्कार भारतीय क्रिकेट के विकास और वैश्विक स्तर पर योगदान के लिए दिए जाते हैं।

### इनामी नक्सली कमांडर मृत्युंजय भुइया समेत दो माओवादी गिरफ्तार

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के दो इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए नक्सलियों में जोनल कमांडर मृत्युंजय भुइया और सब-जोनल कमांडर बबलू राम शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक स्वचालित एके-47 रायफल, 21 जिंदा कारतूस और लेवी के लगभग 1.60 लाख रुपये नगद बरामद किए हैं। गिरफ्तार नक्सली मृत्युंजय भुइया छिपादोहर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव का रहने वाला है और वह माओवादी संगठन में जोनल कमांडर के पद पर कार्यरत था। उस पर झारखंड पुलिस ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वहीं उसके साथ पकड़ा गया बबलू राम बिहार के अरवल जिले के निरखपुर गांव का निवासी है और माओवादी संगठन में सब-जोनल कमांडर के रूप में सक्रिय था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### संघ के जिला कार्यवाह पर जानलेवा हमला, दो हिरासत में

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के धामपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार के घर में घुस कर दूसरे समुदाय के लोगों ने जानलेवा हमले का प्रयास किया। हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ भी की और जेवर समेत नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक हमला करने वाले आरोपित सोहेब और उसके पिता सत्तार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। यह भी पूछताछ की जा रही है कि उनके साथ और कौन लोग थे। भाजपा और संघ ने पुलिस से दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### यूपी में एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई के आदेश जारी

**लखनऊ।** पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग और जिला प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में निरीक्षण और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रवर्तन टीमों ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की। इस दौरान एलपीजी वितरकों के खिलाफ 4 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि गैस की कालाबाजारी में शामिल अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 20 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 व्यक्तियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है।

# देश विरोधी तत्वों को दिखाना होगा बाहर का रास्ता : योगी

**लखनऊ/कैथल, समृद्धि न्यूज।**



### जो मुकाबला नहीं कर पाए, वे फैला रहे देश में अराजकता : सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं और सीधे मुकाबले की स्थिति में नहीं हैं, वे अब अफवाहों और अराजकता के जरिए देश में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

शनिवार को हरियाणा के कैथल स्थित सौंगल गांव में बाबा मुकुट नाथ मठ के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए देश विरोधी और धर्म विरोधी तत्वों को पहचान कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश सुरक्षित रहेगा तभी सनातन सुरक्षित रहेगा और इन दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ के आठमान भंडारा और शंखाढाल कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के बाद जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद दशकों तक सरकारों को वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति से फुर्सत नहीं थी, जिसके कारण राम मंदिर जैसे आस्था के केंद्रों की उपेक्षा हुई।

योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल अयोध्या में भव्य मंदिर बना है, बल्कि काशी, महाकाल और केदारनाथ धाम का भी कायाकल्प हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं पर उठ रहे सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल अपनी हार का ठीकरा न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग पर फोड़ते हैं, जो उनकी हताशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कड़वा-कड़वा थू और मीठा-मीठा गप की नीति अब नहीं चलेगी। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया युद्ध और आर्थिक संकट से त्रस्त है, लेकिन भारत 145 करोड़ देशवासियों के भरोसे और किसानों के पुरुषार्थ से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में शेरनाथ महाराज को पीर की पदवी दी गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों के सानिध्य में सनातन की ध्वज पताका हमेशा ऊंची रहेगी और इसे कोई भी ताकत झुका नहीं सकती। इस अवसर पर विधायक बालकनाथ, राजनाथ महाराज, हरिनाथ महाराज और अशोक गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सीएम योगी ने कहा कि हमारा दायित्व है कि जो लोग देशहित में कार्य कर रहे हैं, उन्हें समर्थन-सहयोग करें और जो लोग देशविरोधी-धर्मविरोधी आचरण कर रहे हैं, उन्हें नकारना, दुत्कारना और बाहर का रास्ता दिखाना है। भारत का हर सनातन धर्मावलंबी चाहता था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, क्योंकि राम सनातन के प्रतीक और भारत के आधार स्तंभ हैं।

### सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी

सीएम ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल में महालोक, उत्तराखंड में केदारपुरी और बद्रीनाथ पुरी में भव्य धाम का निर्माण, यह तब हुआ जब उसके बारे में सोचने वाली सरकारें हैं। सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी। आजादी के बाद कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या उन्हीं लोगों ने दी, जिन्होंने तुष्टिकरण के नाम पर देश को बांटा। जब देश में जनचेतना जागरूक हुई तो जिन लोगों ने सनातन व देश के प्रति अन्याय किया था, देशवासियों ने उन्हें अविश्वास का प्रतीक बना दिया और भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास जताया। जनता जिस रूप में देश को लेकर चलना चाहती थी, मोदी जी के नेतृत्व में वैसा ही काम हो रहा है।

# 1300 रुपये तक महंगी होंगी फ्लाइट की टिकटें

**एजेंसी, नई दिल्ली।**





### अकासा एयर ने बढ़ाया किराया, यात्रियों से वसूलेगा फ्यूल सरचार्ज

अकासा एयर ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया है, जिससे यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कंपनी ने घोषणा की है कि 15 मार्च 2026 की रात 00.01 बजे से की जाने वाली सभी नई बुकिंग्स पर प्रत्येक सेक्टर (उड़ान खंड) के लिए 199 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज लिया जाएगा।

यह चार्ज उड़ान की दूरी और अवधि के आधार पर अलग-अलग होगा। इस फैसले का मुख्य कारण मध्य पूर्व (वेस्ट एशिया) में जारी भू-राजनीतिक तनाव है, खासकर ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष के चलते क्रूड ऑयल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जो किसी भी एयरलाइन के कुल खर्च का बड़ा हिस्सा (लगभग 40:) होता है। अकासा एयर से पहले, एयर इंडिया ने 12 मार्च से घरेलू उड़ानों पर 399 रुपये और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर डॉलर में (कुछ मामलों में 8332 रुपये तक) फ्यूल सरचार्ज शुरू कर दिया था। इंडिगो ने भी 14 मार्च से घरेलू और भारतीय उपमहाद्वीप के लिए 425 रुपये, मिडिल ईस्ट के लिए 900 रुपये, साउथ ईस्ट एशिया, चीन, अफ्रीका के लिए 1800 रुपये, और यूरोप के लिए 2300 रुपये तक का चार्ज लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने स्पष्ट किया है कि यह सरचार्ज 15 मार्च से पहले की बुकिंग्स पर लागू नहीं होगा। कंपनी ने कहा कि वह स्थिति पर नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर इस चार्ज की समीक्षा करेगी। यह कदम एयरलाइंस के लिए अनिवार्य हो गया है क्योंकि ।ज्थ् की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं, और बिना अतिरिक्त चार्ज के ऑपरेशनल लागत को कंट्रोल करना मुश्किल हो रहा है। यात्रियों को अब टिकट बुक करते समय इस अतिरिक्त खर्च को ध्यान में रखना होगा, खासकर लंबी दूरी की उड़ानों पर।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी

# 90 हजार लाभार्थियों को पहली किस्त का हस्तांतरण 16 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के 90 हजार पात्र लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रथम किस्त की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए अंतरित करेंगे। कार्यक्रम 16 मार्च को अपराह्न 4.30 बजे इंदिरा गांधी में होगा।

मुख्यमंत्री द्वारा 20 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री फतेहपुर गोरखपुर प्रयागराज सहारनपुर महाराजगंज तथा देवरिया के एक-एक लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली संवाद करेंगे और उनसे योजना के लाभ एवं अनुभव जानेंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 मांग आधारित योजना है, जिसके अंतर्गत पात्र शहरी लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य पात्र परिवार को सुरक्षित एवं पक्का आवास उपलब्ध कराना है, जिससे सबके लिए आवास की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

# पंजाब में भाजपा अकेले बनाएगी अगली सरकार : शाह

**एजेंसी, चंडीगढ़।**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में भाजपा का चुनावी शंखनाद करते हुए साफ कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अकेले मैदान में उतरेगी और सरकार बनाएगी।

शनिवार को मोगा के गांव किल्ली चाहलां में भाजपा की पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि अब तक भाजपा पंजाब में छोटे भाई की भूमिका में रही है, लेकिन अब समय आ गया है कि पार्टी खुद सरकार बनाए। उन्होंने दावा किया कि पंजाब की जनता आज भाजपा के साथ है।

पंजाब के ज्वलंत नशों के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस व अकाली दल ने पंजाब में नशों को बढ़ावा दिया है। चार महीने में पंजाब को नशा मुक्त करने का दावा करने वाला आम आदमी पार्टी भी इस दिशा में कुछ नहीं कर पाई। पंजाब को केवल भाजपा ही नशा मुक्त राज्य बना सकती है। भाजपा ने वादे के अनुसार, कश्मीर से धारा 370 को समाप्त किया। नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर है। पंजाब की सबसे बड़ी समस्या कर्ज, ड्रग्स, धर्म परिवर्तन, भ्रष्टाचार, गैंगस्टरवाद है। आज पंजाब से उद्योग पलायन कर रहे हैं। किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। युवाओं के पास अपने भविष्य को लेकर कोई विजन नहीं है। अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पंजाब में 19 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा को असम, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तराखंड में जब 19 प्रतिशत वोट मिले तो अगली सरकार भाजपा ने बनाई। इस बार पंजाब में सरकार बनाने का समय आ गया है। पंजाब सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर आड़े हाथों लेते हुए अमित शाह ने कहा कि पंजाब में आज सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार होती तो कानून व्यवस्था ऐसी न होती, सरकार होती तो नशे का कारोबार न होता।

# महिला आयोग के सामने नहीं पहुंचे रैपर बादशाह, गिरफ्तारी के निर्देश

**एजेंसी, पानीपत।**



हरियाणा में 'टटीरी' गीत के रैप वर्जन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गहरा गया है। इस मामले में हरियाणा राज्य महिला आयोग ने सिंगर और रैपर बादशाह के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए उनकी गिरफ्तारी के निर्देश जारी कर दिए हैं।

आयोग ने साथ ही पंचकूला और पानीपत के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को बादशाह का पासपोर्ट जब्त करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि वह देश छोड़कर बाहर न जा सकें। यह कार्रवाई इसलिए की गई क्योंकि आयोग द्वारा जारी नोटिस के बावजूद बादशाह तय तारीख पर व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हुए। महिला आयोग ने 'टटीरी' गीत के रैप वर्जन में इस्तेमाल किए गए आपत्तिजनक शब्दों और वीडियो में छात्राओं के चित्रण को लेकर 6 मार्च को नोटिस जारी किया था। नोटिस में बादशाह को 13 मार्च को आयोग के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था। हालांकि, निर्धारित तारीख को वह आयोग के सामने उपस्थित नहीं हुए।

# अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**





अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है।

यह घोषणा शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत की गयी है।

इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी (सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी (सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का काम करता है।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए इस नोटिस में अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी मिल सकती है।

यह कदम हाल ही में आयतुल्लाह अली खामेनेई और अन्य शीर्ष ईरानी अधिकारियों की मौत के बाद जारी सैन्य अभियानों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

**राहत** | पेट्रोलियम मंत्रालय ने की पैनिक बुकिंग से बचने की अपील

# वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्तओं को सिलेंडर की आपूर्ति शुरु

### अगले दो दिनों में 92 हजार टन गैस लेकर दो जहाज पहुंचेंगे भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देशभर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई शुरू कर दी गई है। वहीं, घरेलू रसोई गैस की सप्लाई में भी तेजी से सुधार हो रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि 29 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई शुरू कर दी गई है। देश में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं है। इसके पर्याप्त भंडार मौजूद है, लेकिन लोग अभी भी बड़े पैमाने पर पैनिक बुकिंग कर रहे हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि पैनिक बुकिंग से बचें। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि शिवालिक और नंदा नाम के हमारे एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज पास को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों के बारे में काफी चर्चा हुई है उसके बाद निर्णय यह लिया गया कि व्यावसायिक उपभोक्ता को कुछ एलपीजी दी जाए। इस संबंध में राज्य सरकार से भी बात हुई है...और 29 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में व्यावसायिक सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है और वो ग्राहक को मिल रहे है...।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) ने कहा कि जहां तक कच्चे तेल और रिफाइनरियों का सवाल है, हमारे पास कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति है, और हमारी रिफाइनरी भी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। खुदरा दुकानों पर स्टॉक खत्म होने की कोई भी घटना सामने नहीं आई है। पेट्रोल-डीजल भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं।

# पुलिस महानिरीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

गोंडा, समृद्धि न्यूज। शनिवार को द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान जनपद गोण्डा के परीक्षा केंद्र शहीदे आजम सरदार भगत सिंह (टामसन) इण्टर कालेज, सरजू प्रसाद क.पा.इ.का. गोण्डा, श्री गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, कस्तूरबा बालिका इण्टर कालेज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण तथा परीक्षा की समुचित निगरानी का जायजा लिया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पाई गई।

इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।



### जिले में 2,730 परीक्षार्थियों ने छोड़ी दरोगा भर्ती परीक्षा,दो पालियों में 6,870 ने दिया पेपर

जिले में उत्तर प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती परीक्षा के पहले दिन दो पालियों में कुल 2730 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। जिले के 14 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा में कुल 9600 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, लेकिन 6870 ने ही परीक्षा दी है। प्रथम पाली में 4800 में से 3428 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1372 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी 4800 में से 3442 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 1358 ने इसे छोड़ दिया।

# सेंट जेवियर्स मालवीय नगर में बच्चों के लिए निःशुल्क दंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल, मालवीय नगर में बच्चों के दांतों की देखभाल और जागरूकता के उद्देश्य से एक निःशुल्क दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उन्नति डेंटल केयर क्लिनिक के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. के. के. श्रीवास्तव ने बच्चों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।

शिविर के दौरान 2क्लॉस एवं 3 क्लास के कुल 170 बच्चों की दंत जांच की गई, जिसमें लगभग 60 बच्चों में कैविटीज एवं रूट से संबंधित समस्याएं पाई गईं। डॉ.के के श्रीवास्तव ने बच्चों को दांतों की सही तरीके से सफाई करने, नियमित ब्रश करने और दांतों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या जीन आनंद मैंम ने कहा कि बच्चों की छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याएं समय पर ध्यान न देने पर बड़ी समस्या का रूप ले सकती हैं। इसलिए विद्यालय समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बच्चों और अभिभावकों को जागरूक करने का प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर प्रेक्षा मैम ने कहा कि यदि ऐसी छोटी-छोटी बीमारियों का समय रहते पता चल जाए तो अभिभावकों को सूचित कर बच्चों को आगे होने वाली गंभीर समस्याओं से बचाया जा सकता है। दर्पण मैम एवं विद्यालय परिवार ने इस पहल को बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए डॉ और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

# किसान सम्मान निधि के सदुपयोग का आह्वान

मनकापुर /गोंडा समृद्धि न्यूज।

कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किश्त के हस्तांतरण का सजीव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी असम से देश के 9.32 करोड़ पात्र कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से एक क्लिक में रु.18640 करोड़ से अधिक धनराशि हस्तांतरित की।

उन्होंने कृषकों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सदुपयोग का आवाह्न किया। कृषि विज्ञान केंद्र में सजीव प्रसारण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार सिंह प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह जिला पंचायत सदस्य ने प्रतिभाग कर कृषकों से वैज्ञानिक खेती करने का आवाह्न किया।

डॉ. एस. के. वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने कृषकों से औद्यानिक



फसलों की खेती से अधिक आय प्राप्त करने की सलाह दी।

डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने उर्द एवं मूंग की वैज्ञानिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने पशु टीकाकरण, डॉ. अजीत सिंह वत्स ने एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, डॉ. मनोज कुमार सिंह ने आम एवं लीची की वैज्ञानिक खेती, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे ने हरी खाद उत्पादन तकनीक,डा. ज्ञानदीप गुप्ता ने मिश्रित मत्स्य उत्पादन तकनीक, डॉ दिनेश कुमार पांडे ने फल परिरक्षण की जानकारी दी।

इस अवसर पर रवि प्रताप सिंह एडीओ एजी, राजेश जायसवाल बीटीएम, सौरभ श्रीवास्तव उप कृषि निदेशक कार्यालय, शिवा कृषि तकनीकी संस्थान के बीवी सिंह एवं नित्यानंद शुक्ला आदि सहित प्रगतिशील कृषकों अनवर अली, सुनीता यादव एवं बालिका शर्मा आदि ने प्रतिभाग कर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सजीव प्रसारण को देखा तथा खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

# खबरें एक नजर में

## बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** तरब गंज थाना क्षेत्र के डुमरिया डीह तरब गंज मार्ग स्थित महराज गंज बाजार के पास 55 वर्षीय किसान दया राम यादव पुत्र पाटन दीन यादव की शुक्रवार की देर शाम को एक बाइक की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया ।चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। तरब गंज थाना क्षेत्र के बौरिया गांव के निवासी दया राम यादव बाइक से महराज गंज बाजार आया था ।घर का सामान खरीदने के बाद एक नाई की दुकान पर सेविंग कराने के बाद सड़क को पार करने लगा ।तभी सामने से आ रही एक बाइक की टक्कर लग गई ।जिस से गम्भीर रूप से घायल हो गया ।इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाते समय रास्ते में मौत हो गई ।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के भतीजे संतोष यादव ने बताया कि उस के चाचा दया राम यादव खेत का कार्य करते थे। शुक्रवार के दिन घर का सामान लाने के साथ ही खेत के लिए रासायनिक दवा खरीदने आए थे ।मृतक के पांच बच्चे है। सब से बड़ा पुत्र राम किशुन यादव और चार लड़कियां है ।

## 17 मार्च से शुरू होगी 48 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में आगामी रबी विपणन सत्र 2026-27 के तहत गेहूं खरीद की सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए हैं कि किसानों को केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी फसल का उचित मूल्य समयबद्ध तरीके से दिलाया जाए। गेहूं बिक्री के लिए किसानों को खाद्य विभाग के पोर्टल https://fcs.up.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। अब तक 424 किसान अपना पंजीकरण करा चुके हैं। पारदर्शी खरीद हेतु जमीन के रकबे का डिजिटल सत्यापन (ष्रस्ष्ट के माध्यम से) किया जाएगा। 3 हेक्टेयर तक तहसीलदार, 3-5 हेक्टेयर तक उपजिलाधिकारी और 5 हेक्टेयर से अधिक का सत्यापन अपर जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का भुगतान 48 घंटे के भीतर उनके आधार लिंक बैंक खाते में PFMS के माध्यम से सीधे भेज दिया जाएगा। सभी ऋय केंद्रों पर स्टाफ की नियुक्ति हो चुकी है। साथ ही, परिवहन और हैंडलिंग के लिए ठेकेदारों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूर्ण है। केंद्रों की जियो-टैगिंग भी कराई जा रही है। किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु जनपद में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसान निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। जनपद कंट्रोल रूम- 05263-235718, विभागीय टोल फ्री नंबर 1800-1800-150। जिलाधिकारी ने अपील की है कि किसान भाई बिचौलियों के झांसे में न आएं और अपनी उपज सरकारी केंद्रों पर ही बेचें। किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल कंट्रोल रूम या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

## सफाई कर्मचारी संघ का गांधी पार्क में प्रदर्शन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** नगर के गांधी पार्क में अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन ने चार सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन ने पूर्व में इन मांगों के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा था, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर कर्मचारियों ने यह कदम उठाया। यह प्रदर्शन गोंडा के सफाई और सामान्य कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में था। संघ ने अपनी चार सूत्री मांगों के निस्तारण के लिए पहले भी प्रशासन को ज्ञापन दिया था। अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के जिला महासचिव अरविंद चौधरी ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे मजबूर होकर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के नगर उपाध्यक्ष अरविंद वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष नंदू वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष प्रदीप उर्फसोनू वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष विष्णु भारती और नगर कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष जायसवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बलुहा नजरिया गांव के निवासी 50 वर्षीय भाना यादव पत्नी वीरेंद्र यादव शुक्रवार की देर शाम को घर से सब्जी लेने गांव के चौराहे पर आई थी ।सब्जी खरीद कर वापस घर जाने के लिए सड़क को पार करते समय एक तेज रफ़्तार आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया जिस से गम्भीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका भाना यादव के पांच बच्चे है ।चार पुत्री और एक लड़का है। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया हैं।

# दहेज लोभियों ने गर्भवती विवाहिता को पीट-पीटकर मार डाला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दहेज की वेदी पर एक और बेटी की बलि चढ़ गई। ससुराल वालों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर एक गर्भवती महिला की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी और उसके गर्भस्थ शिशु की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है। ग्राम मोहम्मदपुर निवासी ओमप्रकाश शुक्ल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रागिनी का विवाह 16 फरवरी 2021 को बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम तिगाई निवासी राकेश कुमार पुत्र तेजशंकर के साथ किया था। विवाह के समय पिता ने अपनी सामर्थ्य अनुसार 1 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और इलेक्ट्रॉनिक सामान उपहार स्वरूप दिए थे। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति राकेश, ससुर तेजशंकर, सास और देवर अनुपम उसे अतिरिक्त दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि दो माह पूर्व भी देवर अनुपम ने रागिनी पर मिट्टी का तेल डालकर उसे जलाने का प्रयास किया था, लेकिन उस समय वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकली थी। ताज़ा घटनाक्रम के अनुसार, शुक्रवार (13 मार्च 2026) को ससुराल वालों ने मिलकर रागिनी की बुरी तरह पिटाई की। रागिनी गर्भवती थी और आरोपियों ने जानबूझकर उसके पेट पर जोरदार प्रहार किया। गंभीर चोट लगने के कारण रागिनी को असहनीय पीड़ा हुई और अंततः उसकी मृत्यु हो गई। पीड़ित पिता ने थाना फखरपुर में पति राकेश कुमार, ससुर तेजशंकर, सास और देवर अनुपम के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की सघन जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संजीव चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 190387 वादों का हुआ निस्तारण

- राजस्व के 180004 वादों का हुआ निस्तारण
- सेटेलमेन्ट की धनराशि रही रु. 17 करोड़ 47 लाख 670

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 90 हज़ार 387 वादों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट) राकेश कुमार सिंह, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश कविता निगम, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट) सुनील प्रसाद, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) अरबिंद कुमार गौतम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश विराट शिरोमणि, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी-प्रथम आनन्द शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी.-द्वितीय अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री



प्रिया कुमारी राय एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद बहराइच के कुल 190387 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 9227 वादों, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दीप कान्त मणि की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 13 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हरेन्द्र प्रसाद द्वारा 64 वादों, स्थायी लोक अदालत द्वारा 01 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 09 वादों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1069 मामले तथा राजस्व के 180004 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू. 17 करोड़ 47 लाख 670 रही। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइच अरबिन्द कुमार गौतम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्धान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# महिला को पुलिस ने लात-घूसों से पीटा, विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

- लाइनमैन भाई की मौत पर डीएम आवास पर प्रदर्शन कर रहीं थीं महिलाएं

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



ट्रांसफॉर्मर की लाइन ठीक करने गए एक लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद घरवाले शुक्रवार को डीएम आवास पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें खींच-खींच कर हटाया। मृतक की बहन को लात-घूसों से पीटा। इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जो किसी राहगीर ने बनाया है।

वीडियो में पुलिसकर्मी महिला को लात-घूसे मारते दिख रहे हैं। घटना के बाद इलाके में आक्रोश है। लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को पहले समझाने की कोशिश की गई थी। जब लोग सड़क खाली नहीं कर रहे थे, तब उन्हें हटाने के लिए बल प्रयोग किया गया। मामला थाना रामगांव क्षेत्र का है।मिर्जापुर गांव के रहने वाले दीपचंद्र मौर्य (45) बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन थे। उसके 4 बच्चे हैं। एक बेटी की शादी हो चुकी है। 2 दिन पहले (11 मार्च) दीपचंद्र बहराइच शहर के मोहल्ला गुल्लाबीर में खराब बिजली लाइन ठीक करने गए थे। मरम्मत का काम चल रहा था, तभी अचानक बिजली की सप्लाई चालू हो गई। करंट लगने से दीपचंद्र गंभीर रूप से झुलस गए। साथी कर्मचारी उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मौत के बाद परिजनों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि काम के दौरान बिजली सप्लाई ठीक से बंद नहीं कराई गई थी। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद घरवाले और गांववाले जिलाधिकारी आवास के पास पहुंच गए। उन्होंने दोषियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इससे कुछ देर के लिए ट्रैफिक रुक गया।

**जाम हटाने पहुंची पुलिस ने पीटा**

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पहले समझाने की कोशिश की। उन्हें कई बार सड़क खाली करने के लिए कहा, लेकिन वे लोग हटने के लिए तैयार नहीं हुए। इसके बाद उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। वहीं, दीपचंद्र के साथी कर्मचारियों ने भी घटना को गंभीर लापरवाही बताया है। उनका कहना है कि जब ट्रांसफार्मर पर मरम्मत का काम चल रहा था, तो बिजली सप्लाई अचानक कैसे चालू हो गई? इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने मामले की जांच की मांग की। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव घरवालों के हवाले कर दिया है। मामले की जांच की बात कही गई है।

# काश्तकार से रिश्वत लेते विडियो में दिखे लेखपाल

- एसडीएम ने किया निलंबित, कहा- जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

महसी तहसील में तैनात लेखपाल प्रदीप सिंह को रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद निलंबित कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी प्रकाश सिंह ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। यह मामला महसी तहसील के जब्दी गांव से संबंधित है।

लेखपाल प्रदीप सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा था। इस वीडियो में उन्हें एक काश्तकार से जमीन के रकबा संशोधन के नाम पर कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में पैसे के लेनदेन और उससे जुड़ी बातचीत स्पष्ट सुनाई दे रही है।



वीडियो सामने आने के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। एसडीएम प्रकाश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रारंभिक जांच के आदेश दिए। जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर लेखपाल प्रदीप सिंह को निलंबित कर दिया गया। एसडीएम प्रकाश सिंह ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वीडियो की पुष्टि और लेखपाल के आचरण की जांच के बाद यह कड़ी कार्रवाई की गई है। लेखपाल के खिलाफ विभागीय जांच अभी भी जारी है। हालांकि, प्रशासन ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर ही लेखपाल को निलंबित करने का निर्णय लिया है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से फूस का मकान जलकर राख



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

चौकी बैवाही क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार गांव में शनिवार की शाम अचानक लगी आग से एक गरीब परिवार का फूस का मकान जलकर राख हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कमल किशोर गिरी के फूस के मकान में शनिवार को लगभग साढ़े तीन बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। शुरुआत में लोगों को जब तक आग की जानकारी हुई तब तक लपटें तेज हो चुकी थीं। गांव में शोर मचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बाल्टी व अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फूस का मकान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। इस अग्निकांड में घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ति कमल किशोर गिरी ने बताया कि आग लगने से करीब एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि घर में रखी करीब 1500 रुपये की नगदी भी आग में जल गई। घटना की सूचना प्रशासन को दी गई है। इस संबंध में हल्का लेखपाल श्याम प्रसाद ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है और वह मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ति परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया त्रैमासिक निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, प्रभारी ईवीएम अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा व अन्य अधिकारियों, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण शुक्ल, सपा के उपाध्यक्ष अनिल यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव हमज़ा शफीक व बसपा के जिला संयोजक सुखराम प्रजापति के साथ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर जल निगम के अवर अभि. संदीप जायसवाल, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र गंगवार मौजूद रहे।

# बाइक पेड़ से टकराई, दो युवक गंभीर घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

खैरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ये युवक एक शादी समारोह से अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, यह हादसा खैरीघाट क्षेत्र के लौकीहा गांव के पास हुआ। दुर्घटना में जंगलपुरवा, थाना हरदी निवासी अमृतलाल और सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक लौकीहा गांव में एक बारात में शामिल होने के बाद अपने घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं।



घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शिवपुर पहुंचाया। सीएचसी शिवपुर में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सीएचसी शिवपुर के अधीक्षक डॉ. नलिन राजा ने बताया कि दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# खाटू श्याम बाबा की श्रद्धापूर्वक निकाली रथ यात्रा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

आज होगा विशाल भंडारा

विकासखंड विशेश्वरगंज के पुरैना बाजार में शनिवार, 14 मार्च 2026 को श्री खाटू श्याम बाबा की रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। रविवार, 15 मार्च 2026 को यहां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

श्री राम जानकी मंदिर, रामलीला मैदान, पुरैना बाजार से शुरू हुई इस यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष भूरे मिश्रा और मनीष मिश्रा ने किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक झांकियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें अयोध्या धाम से बंकू सिस्टर और सुरेंद्र प्रेमी, तथा बरेली से शिवम राज विशेष प्रस्तुतियां देंगे। विशाल भंडारे का आयोजन 15 मार्च 2026, रविवार को दोपहर 2:00 बजे से प्रभु इच्छा तक किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। आयोजकों ने सभी से



अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस आयोजन को सफल बनाने में मोनू उपाध्याय, गुरदेव सिंह, रक्षा राम वर्मा, डॉक्टर होटल, पंडित श्री दिनेश कुमार मिश्रा, पंडित अभिषेक मिश्रा, कुंदन मोबाइल शॉप और हिमांशु सहित कई लोगों का सहयोग मिल रहा है।

# करोड़ों रुपये के अर्थदंड व समझौते के साथ लोगों को मिला त्वरित न्याय

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, आज जनपद न्यायालय परिसर बलरामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जनपद एवं सत्र न्यायाधीश श्री उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न श्रेणियों के हजारों लंबित मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया। लोक अदालत के दौरान राजस्व, फौजदारी, सिविल, बैंक रिकवरी और मोटर दुर्घटना जैसे मामलों में बड़ी सफलता प्राप्त हुइ। अदालतों द्वारा कुल 6,809 वादों का निस्तारण किया गया। **राजस्व मामले :** राजस्व न्यायालयों द्वारा कुल 35,662 मामलों का निस्तारण किया गया (प्री-लिटिगेशन सहित)। **बैंक रिकवरी :** बैंक से संबंधित 1,002 मामलों का समाधान करते हुए 6.05 करोड़ रुपये की धनराशि का समझौता कराया गया। **अर्थदंड की वसूली :** फौजदारी वादों में कुल 1,62,300 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। **पारिवारिक न्यायालय :**



60 वादों का निस्तारण किया गया और 16.20 लाख रुपये दिलाए जाने के आदेश पारित किए गए। **मोटर दुर्घटना दावा :** 21 वादों का निस्तारण कर 1.69 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिकर धनराशि जारी करने का आदेश दिया। **विद्युत मामले :** विद्युत बिल से संबंधित सभी 79 वादों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया। **फौजदारी एवं अन्य :** सर्वाधिक 3,108 फौजदारी मामलों का निस्तारण किया। **त्वरित न्याय की अपील :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री यशपाल वर्मा ने बताया कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का कम खर्च और बिना किसी कटुता के समाधान करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से न केवल न्यायालयों का बोझ कम होता है, बल्कि वादकारियों को भी मानसिक और आर्थिक राहत मिलती है। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, बैंक प्रतिनिधि और भारी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल की छात्रा ने घर में लगाई फांसी

झंझरी/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में एक हाई स्कूल की छात्रा ने शनिवार की सुबह घर में छत के छल्ले से रुपट्टा से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिए। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है ।कोतवाली देहात के बेसिया चैन गांव के निवासी राम नरेश की पुत्री 13 वर्षीय नेहा ने शनिवार के दिन ही घर में कमरे का दरवाजा बंद कर के फांसी लगा लिया। मृतका नेहा की मां रामरति ने बताया कि शनिवार की सुबह घर के लोगो को चाय पानी नाश्ता बना कर दिया। इस के बाद सब लोग खेत में चले गए। खेत का काम कर थे । थोड़ी देर के बाद मृतका की मां रामरति घर पर पानी लेने के लिए आई और पुत्री नेहा को आवाज लगाने लगी ।जब आवाज लगाने पर कोई आवाज नहीं आई तो घर में गई। वहां देखा कि नेहा ने फांसी लगा लिए ।घर के लोगो को आवाज देकर बुलाया गया ।रुपट्टा खोल कर उतार कर मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया ।मृतका की मां ने बताया कि उस के दो पुत्री और दो पुत्र थे। मृतका नेहा ने अबकी बार हाईस्कूल की परीक्षा दिया है ।बड़ा पुत्र दीपक बाहर रहकर नौकरी करता है ।बाकी लोग घर पर रहते है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

# वेटिकन-रोम से बेहतर बन रहा विंध्याचल धाम : शर्मा

- विरासत के साथ विकास व आस्था के साथ व्यवस्था की सोच पर आगे बढ़ रहा देश
- ऊर्जा मंत्री ने मिर्जापुर में किया 2 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मिर्जापुर में दो करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं में पटेल चौराहा का सौंदर्यीकरण, विंध्याचल बरतर में जोनल ऑफिस का निर्माण, ओझला पुल का सुंदरीकरण तथा अहिल्याबाई होल्कर पार्क के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहर की आधारभूत सुविधाओं के साथ धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी।

श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास और आस्था के साथ व्यवस्था की सोच को धरातल पर उतारा जा रहा है। श्रद्धा और स्वच्छता, संस्कृति और समृद्धि को साथ लेकर ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास किया जा रहा है ताकि



श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने वेटिकन सिटी और रोम जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक शहरों को देखा है। अपने अनुभव के आधार पर वे कह सकते हैं कि विंध्याचल धाम का विकास जिस प्रकार से हो रहा है, वह इन स्थानों से बेहतर, भव्य रूप में सामने आ रहा है। वाराणसी अयोध्या और विंध्याचल में कॉरिडोर और आधारभूत ढांचे का जो विकास हुआ है, वह अद्भुत है और अपना विंध्याचल धाम किसी से कम नहीं है। चौबे घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है और घंटाघर क्षेत्र में पक्के घाटों का निर्माण भी कराया जाएगा। ऊर्जा क्षेत्र के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मड़िहान तहसील में 765 केवीए का विद्युत उपकेंद्र स्वीकृत हो गया है, जो उत्तर प्रदेश का चौथा 765 केवीए उपकेंद्र होगा। इसके अलावा विंध्याचल विद्युत उपकेंद्र में एक अतिरिक्त 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाकर क्षमता वृद्धि की गई है। 30 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।इस अवसर पर विधायक रत्नाकर मिश्र, विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली, जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, नगर पालिका परिषद मिर्जापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन कोर्स-2026 शुरू

- ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने सीखी हिप सर्जरी के लिए आधुनिक सर्जिकल तकनीक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

जॉइंट केयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आज से हयात रीजेंसी, लखनऊ में हिप सर्जरी के लिए दो दिवसीय इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन कोर्स- 2026 शुरू हुआ। इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन कोर्स के समन्वयक और मशहूर रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सौरव शुक्ला ने पाठ्यक्रम के शुभारंभ पर एक पत्रकार वार्ता में बताया कि इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन कोर्स 2026 का उद्देश्य ऑर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में लेटेस्ट सर्जिकल टेक्नीक, हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और एकेडमिक एक्सीलेंस को बढ़ावा देना है।

डॉ. सौरव शुक्ला ने कहा कि दो दिन के ट्रेनिंग प्रोग्राम में मॉडर्न सर्जिकल टेक्नोलॉजी पर चर्चा होगी। उन्होंने आगे बताया कि जॉइंट केयर फाउंडेशन ने इस प्रोग्राम के दौरान इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन कोर्स फेलोशिप देने का फैसला किया है।

भारत और विदेश के 80 से ज्यादा ऑर्थोपेडिक सर्जन इस कोर्स में हिस्सा ले रहें हैं और उन्हें जाने-माने नेशनल और इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स से सीखने का मौका मिलेगा। उन्होने बताया कि इस पाठयक्रम में जाने-माने फैकल्टी कंट्रीब्यूटर के तौर पर सुनील दाश, बेल्जियम से डॉ. फ्रांज जे. वंदेपुट्टे, दिल्ली से प्रो. राजेश मल्होत्रा, पुणे से डॉ. महेश कुलकर्णी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान दिल्ली से डॉ. विजय कुमार, अहमदाबाद से डॉ. कार्तिक पटेल, हैदराबाद से डॉ. कृष्ण किरण, और बेंगलुरु से डॉ. नारायण हुल्से, 20 राज्यों से डेलीगेट्स शामिल हैं। पाठ्यक्रम के बारे में बात करते हुए डॉ. सौरव शुक्ला ने कहा कि यह कोर्स हिप सर्जरी के लिए एक हाई-लेवल स्किल डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म देगा। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि इंडिया एंटीरियर हिप फाउंडेशन पूरे भारत में हिप सर्जरी को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत एकेडमिक प्लेटफॉर्म की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स हिप सर्जरी के लिए एक हाई लेवल रिस्क डेवलपमेंट प्लेटफार्म देगा। उन्होंने कहा आज रोबोटिक सर्जरी से एक्यूरेसी सटीक होती है इसमें बगैर खून निकले बिना ज्यादा काटपीट के आसान सर्जरी हो जाती है।

## खबरें एक नजर में

### स्कूल से घर लौट रही बीए छात्रा से मोबाइल छीना, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में शुक्रवार दोपहर दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने बीए सेकंड ईयर की छात्रा से मोबाइल छीन लिया। वारदात जनता डेयरी के सामने करीब दोपहर 1 बजे हुई। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से जांच कर रही है। मानस नगर कृष्णानगर निवासी पूजा (20) पुत्री सुनील कुमार केकेवी कॉलेज में बीए सेकंड ईयर की छात्रा है। शुक्रवार को वह कॉलेज से घर लौट रही थी। इसी दौरान जनता डेयरी के सामने बाइक सवार दो युवक आए और बात कर रही छात्रा के हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पीछा करने की कोशिश की लेकिन बदमाश तेज रफ्तार में भाग निकले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना को 24 घंटे से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। घटना के बाद दो युवकों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई है। जिसमें बाइक सवार दो लड़के जाते दिखाई दे रहे हैं। छात्रा का दावा है इन्हीं लड़कों ने मोबाइल छीनने की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान कर रही है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में दलित छात्रों को टारगेट किया जाता है, स्टूडेंट्स ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय पर बिरसा आंबेडकर फुले छात्र संगठन (बीएपीएसए) से जुड़े छात्रों ने बड़ा आरोप लगाया है। संगठन के स्टूडेंट्स ने हजरतगंज के परिवर्तन चौक पर शनिवार को प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने कहा कि हमारे लिए यूजीसी रेगुलेशन लागू किया जाए। जब तक यूजीसी लागू नहीं होता, तब तक प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा। हम यहीं धरने पर बैठे रहेंगे। कुछ देर धरने पर बैठने के बाद छात्रों ने वहां से विधानसभा की तरफकूच कर दिया। पुलिस ने उन्हें केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के नीचे बैरिकेडिंग कर रोक दिया। प्रदर्शन कर रहे मानव रावत ने कहा कि यह लड़ाई लंबी है। यह सिर्फहमारी अधिकारों की नहीं भविष्य को बचाने की लड़ाई है। न्याय मिलने तक हम लोग पीछे हटने वाले नहीं है। मांग है कि यूजीसी गाइडलाइंस 2026 को तुरंत लागू किया जाए। नाट फाउण्ड सूटेब्ल (एनएफएस) का सहारा लेकर की जा रही नियुक्तियों की पहले जांच हो। उनका कहना है कि एनएफएस लगाने वाली समितियों की भूमिका की भी समीक्षा जरूरी है। लखनऊ विश्वविद्यालय के आकाश ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में ओबीसी, एससी और एसटी वर्गों के साथ भेदभाव की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। छात्रों को उनके जाति के आधार पर कई तरीके की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सवर्ण जाति के शिक्षक सरनेम देखकर दलित छात्रों के इंटरनल में नंबर काट लेते हैं। अगर सवर्ण छात्रों के बीच दूसरे छात्रों का विवाद होता है तो शिक्षक सवर्ण छात्र का साथ देते हैं। ऐसे तमाम भेदभाव को खत्म करने के लिए यूजीसी बेहद जरूरी है।

### लखनऊ में सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनार का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं लखनऊ चेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय होटल अम्बर में 14 से 15 मार्च तक आयोजित दो दिवसीय सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनार का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। सेमिनार की शुरुआत सुबह 9.30 बजे निर्धारित समय पर हुई। इस आयोजन में देशभर से कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें उत्तर प्रदेश के 43 प्रतिभागी शामिल हैं, जबकि मध्यप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, उत्तराखंड, केरल और दिल्ली से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सेमिनार का औपचारिक उद्घाटन पवन बाथम द्वारा स्वप्निल बंसोद (फिडे लेक्चरर) को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सेमिनार के समन्वयक आनंद सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं लेक्चरर का स्वागत करते हुए सेमिनार परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दीं। दो दिवसीय इस सेमिनार में फिडे लेक्चरर द्वारा कुल चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले तीन सत्रों में प्रतिभागियों को आर्बिटर मैनुअल, शतरंज के नियमों तथा प्रतियोगिताओं के संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, जबकि अंतिम सत्र में परीक्षा आयोजित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, परीक्षा के आधार पर वर्ल्ड चेस फेडरेशन (थ्क्म्) द्वारा योग्य प्रतिभागियों को नेशनल आर्बिटर का टाइटल प्रदान किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस सेमिनार से उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षित आर्बिटरों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे विभिन्न जिलों में शतरंज प्रतियोगिताओं का सफल संचालन संभव हो सकेगा और प्रदेश में शतरंज के विकास को नई गति मिलेगी।

### अज्ञात वाहन ने पिकअप को मारी टक्कर हेल्पर की मौत, ड्राइवर घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायल का इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार सुबह करीब 4 बजे शारदा नहर के पास लक्ष्मणपुर में हुई। उपनिरीक्षक राजीव पटेल को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि पिकअप की टक्कर किसी अज्ञात वाहन से हो गई थी। पिकअप में चालक अतुल (निवासी जगदीशपुर, अमेठी) और हेल्पर राजीव सिंह (निवासी जगदीशपुर, कमरौली, अमेठी) सवार थे। दोनों को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने हेल्पर राजीव सिंह को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चालक अतुल को आगे के इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

# सरस महोत्सव महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में आयोजित सरस महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर कहा कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की मजबूत आधारशिला बन रही हैं। डबल इंजन की सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें 'लखपति दीदी' बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

श्री मौर्य परेड मैदान प्रयागराज मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित सरस मेला का शुभारम्भ करने के उपरांत महोत्सव को सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। जो महिलाएं पहले घर की चाहरदीवारी तक सीमित रहती



- महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता का प्रतीक स्वयं सहायता समूह की 'दीदियां'

थीं, आज वे अपने परिश्रम और उद्यमिता से परिवार की आय बढ़ाने के साथ-साथ गांव और समाज में सम्मान प्राप्त कर रही हैं। इन समूहों से जुड़ने के बाद महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ी है और उन्हें परिवार तथा समाज में पहले से अधिक सम्मान मिल रहा है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक उत्तर प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की संख्या को 1करोड. 10 लाख से बढ़ाकर 3 करोड़ तक पहुंचाना है। साथ ही प्रदेश में एक करोड़ 'लखपति दीदी' बनाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में छह करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसके लिए योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। सरकार स्वयं सहायता समूहों को उद्योग स्थापित करने के लिए बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता और अनुदान उपलब्ध करा रही है। यदि कोई समूह 5 करोड़ रुपये की लागत से कोई फैक्ट्री या उत्पादन इकाई स्थापित करता है, तो उसे 1 करोड़ 75 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाता है। सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 90 प्रतिशत की अतिरिक्त सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। जिससे महिलाएं बड़े स्तर पर उद्योग स्थापित कर सकें।

### विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण

श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं केवल छोटे स्तर तक ही सीमित न रहें, बल्कि उन्हें उद्योग, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण का संकल्प लिया गया है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की इस मुहिम को और मजबूत बनाने के लिए सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा प्रदेश को विकास के नए शिखर पर पहुंचाने में सहभागी बनें।

# संकट में सहारा 181 हेल्पलाइन, 8.42 लाख से अधिक महिलाओं को मिली मदद

- महिलाओं को मिला भरोसेमंद सुरक्षा तंत्र, 24 घंटे सहायता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर योगी सरकार की प्रतिबद्धता मजबूत होती दिख रही है। 181 महिला हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए संकट की घड़ी में भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है।

2017 से संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन प्रदेश भर में चौबीसों घंटे सक्रिय है और अब तक इसके माध्यम से 8.42 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी विषम परिस्थिति में फंसी महिलाएं 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रहीं हैं। उन्हें त्वरित राहत मिलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ रहा है।181 महिला हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक समर्पित सहायता तंत्र के रूप में कार्य कर रही है।

इस हेल्पलाइन के जरिए प्रदेश के किसी भी कोने से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर सकती हैं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं। कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उन्हें तत्काल सलाह व आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हैं। महिला हेल्पलाइन 181 को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर महिलाओं को तुरंत सहायता उपलब्ध करा सके।

# मायावती ने कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने के कांग्रेस के प्रस्ताव पर उठाया सवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कांग्रेस के इस प्रस्ताव पर शनिवार को सवाल उठाया कि यदि वह केंद्र में सत्ता में आती है तो बसपा के संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मायावती ने देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं से अन्य राजनीतिक दलों, विशेष रूप से कांग्रेस द्वारा बसपा को कमजोर करने के प्रयासों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में कई वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने बी आर आंबेडकर को कभी उचित सम्मान नहीं दिया तो अब पार्टी कांशीराम को सम्मानित करने का प्रस्ताव कैसे रख सकती है। कांशीराम की जयंती रविवार को मनाई जाएगी।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कांग्रेस ने दलितों के मसीहा और संविधान के प्रमुख निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को कभी उचित सम्मान नहीं दिया, न ही उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया... तो अब वही पार्टी कांशीराम को कैसे सम्मानित कर सकती है? उनकी यह टिप्पणी लखनऊ में कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान सम्मेलन में पारित एक प्रस्ताव के एक दिन बाद आई है, जिसमें कहा गया कि सत्ता में आने पर पार्टी कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करेगी। उन्होंने कहा, केंद्र में सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी ने कांशीराम के निधन पर एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित



नहीं किया। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार ने भी राजकीय शोक की घोषणा नहीं की।

उन्होंने कहा कि दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई संगठन और राजनीतिक दल, जो अक्सर बड़े राजनीतिक दलों के हाथों की कठपुतली बनकर काम करते हैं, बसपा को कमजोर करने की कोशिश करते हुए राजनीतिक लाभ के लिए कांशीराम के नाम का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं। मायावती ने कहा, अब ये सभी दल कांशीराम द्वारा बनाई गई पार्टी बसपा को आए दिन अलग-अलग हथकंडे इस्तेमाल करके कमजोर करने में लगे हैं इसलिए उनके (कांशीराम के) अनुयायियों और समर्थकों को सतर्क रहना चाहिए, विशेष रूप से कांग्रेस के खिलाफ जिसकी दलित विरोधी विचारधारा और मानसिकता ने बसपा के गठन को आवश्यक बना दिया। बसपा प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कांशीराम की जयंती के उपलक्ष्य पर 15 मार्च को देशभर में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में आयोजित कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने की अपील की।

# राजधानी में आप का गैस के लिए प्रदर्शन, नेताओं को टांगकर ले गई पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ में आप कार्यकर्ताओं ने गैस के लिए प्रदर्शन किया। वे स्वास्थ्य भवन चौराहे पर इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। कार्यकर्ताओं ने पोस्टर-बैनर ले रखे थे। एक कार्यकर्ता ने पूरे शरीर पर बैनर पहन रखा था, जिस पर लिखा था-नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब।

पुलिस सबको हिरासत में लेने लगी। पुलिस को करीब आते देख कई कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए। उसके बावजूद पुलिस ने सबको टांगकर गाड़ी में बैठा दिया। इसके बाद इको गार्डन भेज दिया। इससे पहले जिला अध्यक्ष इरम को पुलिस ने सुबह 4 बजे से ही हाउस अरेस्ट कर लिया था। आप जिला अध्यक्ष इरम ने कहा एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों और किल्लत से पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। आम जनता के चूल्हे से आंच खींच ली गई। इसके बाद दो वक्त की रोटी के लिए भी संघर्ष शुरू हो गया है।

सरकार ने लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाने से रोकने के लिए सुबह सुबह मेरे घर पर ही पुलिस भेज दी। ताकि हम लोग इस जनहित के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन न कर सकें। मैं डबल फेल सरकार के डबल खटारा इंजनों से कहना चाहती हूं कि हम आपकी पुलिस से डरकर जनता की आवाज उठाना बंद नहीं कर सकते। जिला महासचिव दिनेश प्रताप ने आरोप



लगाया सीएम योगी की पुलिस ने उनके साथ बर्बरता की है। उनके कपड़े फट गए हैं। गरीबों की आवाज उठाने पर उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है। कार्यकर्ताओं के साथ ज्यादती की गई। हम अपने लिए प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। यह दुर्गाभ्यपूर्ण है। सरकार जरूरत को अफवाह बता रही है। सिलेंडर के दाम नहीं बढ़ने चाहिए। हमारे पास ज्ञापन भी था लेकिन पुलिस ने हमें हिरासत में लिया।

जिला महासचिव ज्ञान सिंह कुशवाहा ने कहा इन्होंने पहले सिलेंडर की लत लगवाई, अब परेशान कर रहे हैं। जैसे जिओ का सिम चालू किया था, उसके बाद लत लगाकर उस पर पैसा बढ़ा दिया। इस समय सिलेंडर की कालाबाजारी चल रही है। सरकार कह रही है कि कहीं कमी नहीं है। यहां उनके ही सांसद-विधायक एजेंसी वालों से मिलकर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कर रहे हैं। 900 वाला सिलेंडर तीन से चार हजार रुपए में मिल रहा है।

# कांशीराम कॉलोनी में भीषण आग से हड़कंप

- काले धुएं का उठा गुबार, घर के सामान जले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी के पारा थाना क्षेत्र स्थित सदरौना कांशीराम कॉलोनी के एक मकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। घर के अंदर का सामान जलने लगा। इससे काले धुएं का गुबार उठने लगा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक संख्या 38/1 में ऑटो चालक इरशाद अपने परिवार के साथ रहते हैं।



शनिवार सुबह उनके मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई। हालांकि, आग तेजी से पूरे मकान में फैल गई और घर का सामान जलने लगा। इरशाद के परिवार में उनके पिता, एक बेटा और एक बेटी शामिल हैं। उनकी पत्नी का कुछ समय पहले निधन हो चुका है। आग लगने के समय परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर थे। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग से लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर खाक हो गया है। हालांकि, नुकसान का सही आकलन अभी बाकी है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने में मदद करने लगे। सुरक्षा कारणों से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। इस घटना में अभी तक किसी जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### महिला सफाई कर्मचारियों को नारी सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत उर्विश समाज सेवा संस्थान एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान की टीम के साथ सफाई कार्य में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले महिला सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य गरिमा किट प्रोत्साहन रूप दिया गया।30 महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित आरआरआर सेन्टर को सक्रिय करते हुए, जन मानस से अपनी अनुपयोगी वस्तु जैसे इस्तमाल किए हुए कपड़े, जूते, पुराने बैग, खिलौने, किताब, को जरूरतमंद मानस को दान करने की प्रेरणा दे, जो उसको पुनः उपयोग कर सके।कार्यक्रम का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद, जोनल सेनिटरी अधिकारी अजीत राय की उपस्थिति के साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संचिता मिश्रा द्वारा संचालित किया गया।

**तैयारी** — एलएसजी का इकाना स्टेडियम में लगेगा कैंप

# टॉम मूडी और जस्टिन लैंगर पहुंचे लखनऊ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आईपीएल की तैयारियों के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) खिलाड़ियों का लखनऊ आना शुरू हो गया है। 16 मार्च से इकाना स्टेडियम में टीम का कैंप लगने लगेगा। इसमें खिलाड़ी प्रैक्टिस करेंगे। एलएसजी के ग्लोबल डायरेक्टर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला खिलाड़ी टॉम मूडी और हेड कोच जस्टिन लैंगर के अलावा टीम का कोचिंग स्टाफ शनिवार को आ गया है।

15 मार्च को टीम के कप्तान ऋषभ पंत समेत अधिकतर भारतीय खिलाड़ी लखनऊ में दोपहर के समय आ जाएंगे और 16 मार्च से एलएसजी का कैंप इकाना स्टेडियम में शुरू हो जाएगा। टीम के अहम खिलाड़ियों में शुमार ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श, दक्षिण अफ्रीकी कप्तान एडन मार्करम और वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज निकोलस पूरन के 18 से 20 मार्च तक लखनऊ आने की संभावना है। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) की टीम अपने होम ग्राउंड यानी इकाना स्टेडियम में एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफअपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसमें टीम को कुल चार मैच खेलने हैं, जिसमें दो मैच घर और दो मैच बाहर होंगे। टीम को अपना दूसरा मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच अप्रैल को



हैदराबाद में, तीसरा मुकाबला कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ कोलकाता में और चौथा मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ लखनऊ में खेलना है। आईपीएल में सबसे महंगी टीम के रूप में शामिल होने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए अभी तक आईपीएल के चारों सत्र बेहद सामान्य रहा है। टीम ने अपने पहले दो सीजन (वर्ष 2022 व 2023) में प्लेऑफ में जगह बनाई। इसके बाद टीम के प्रदर्शन में गिरावट दर्ज की गई, जब टीम वर्ष 2024 और 2025 में सातवें पायदान पर फिसल गई। पिछले सत्र वर्ष 2025 आईपीएल से पहले टीम प्रबंधन ने आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी बोली (27 करोड़) लगाकर विकेटकीपर बल्लेबाज को शामिल किया, लेकिन यह फैसला भी टीम को प्लेऑफ के करीब नहीं पहुंचा सका। नए सत्र के लिए टीम ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश के अलावा दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्टजे को शामिल है। ऐसे में नए सत्र में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जगी है।

# भौतिक विज्ञान के संग रसायन विज्ञान जोड़कर हाईस्कूल विज्ञान की कापियों का किया जाए मूल्यांकन : डॉ. अमित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. अमित कुमार राय ने शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है कि हाईस्कूल विज्ञान विषय में रसासन विज्ञान के प्रश्नों का मूल्यांकन भौतिक विज्ञान के शिक्षकों से कराया जाए। हाईस्कूल विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र में तीन खण्ड क भौतिक विज्ञान खण्ड ख रसायन विज्ञान तथा खण्ड ग जीव विज्ञान होते हैं।

उक्त विषय की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किसी एक अध्यापक द्वारा करना सम्भव नहीं होता है इसलिए अलग.अलग दो अध्यापकों से पैनल मूल्यांकन व्यवस्था के अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाता है। भौतिक विज्ञान खण्ड को विज्ञान अध्यापक पद पर नियुक्त शिक्षक द्वारा मूल्यांकित कराया जाता है। रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान खण्ड को एक अन्य अध्यापक जीव विज्ञान अध्यापक द्वारा मूल्यांकित कराया जाता है।

रसायन विज्ञान खण्ड को जीव विज्ञान अध्यापक से मूल्यांकित कराने की व्यवस्था असंगत एवं विश्वसनीय मूल्यांकन प्रणाली के प्रतिकूल है, क्योंकि जीव विज्ञान अध्यापक हाईस्कूल कक्षा 9 और 10 के लिए नियुक्ति योग्यता जन्तु तथा वनस्पति विज्ञान के साथ बी0एस0सी0 प्रशिक्षित है एवं जीव विज्ञान अध्यापक की नियुक्ति के समय आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में प्रतियोगी प्रश्न पत्र में जन्तु एवं वनस्पति विज्ञान के ही प्रश्न पूछे जाते हैं रसायन विज्ञान के नहीं। दूसरी तरफ विज्ञान अध्यापक हाईस्कूल कक्षा 9 और 10 के लिए नियुक्ति योग्यता भौतिक तथा रसायन विज्ञान के साथ बी0एस0सी0 प्रशिक्षित है एवं प्रशिक्षित स्नातक विज्ञान अध्यापक पद पर नियुक्ति की प्रतियोगी परीक्षा में भौतिक विज्ञान के साथ रसायन विज्ञान के प्रश्न पूछे जाते हैं जीव विज्ञान के नहीं।

अतः मूल्यांकन की पवित्रता एवं गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए तत्काल मूल्यांकन केन्द्रों के नियंत्रकों को इस आशय का आदेश जारी करें कि विज्ञान की उत्तर पुस्तिकाओं में रसायन विज्ञान वाले खण्ड को बी0एस0सी0 भौतिक एवं रसायन विज्ञान वर्ग के शिक्षकों द्वारा ही मूल्यांकित किया जाये।

## खबरें एक नजर में

### रोजा रजवाह नहर में पानी की आपूर्ति नियमित कराने को विधायक से मांग



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रोजा रजवाह से निकलने वाली नहर पर क्षेत्र के अनेक गांवों के सैकड़ों किसान अपनी फसलों की सिंचाई के लिए पूर्ण रूप से निर्भर हैं। वर्तमान समय में नहर में पानी समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण किसानों को सिंचाई करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या निदान को लेकर सुदेश सिंह छोटू ने विधायक ददरौल अरविंद सिंह को पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि कई किसानों की फसलें पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच रही हैं। किसान अत्यंत चिंतित एवं परेशान हैं, क्योंकि समय पर सिंचाई न होने से उनकी मेहनत और आजीविका दोनों पर संकट मंडरा रहा है। उक्त गंभीर समस्या को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश प्रदान कर रोजा रजवाह से निकलने वाली नहर में पानी की आपूर्ति नियमित एवं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित कराएं, जिससे क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और उनकी फसलें सुरक्षित रह सकें।

### दरोगा पर कार्रवाई नहीं होने से स्वास्थ्य महकमा के कर्मचारियों में रोष

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** सरकारी अस्पताल बंडा में दरोगा द्वारा आकस्मिक सेवा में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ गाली-गलौज व महिला मरीज के लिए महिला सिपाही उपलब्ध न कराये जाने के मामले में उच्च अधिकारियों द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस तरह की घटना से स्वास्थ्य कर्मियों में रोष व्याप्त है। बताते चलें कि गुरुवार की शाम एक युवती 108 एम्बुलेंस के माध्यम से ईलाज के लिए सीएचसी बंडा लायी गई थी। महिला की हालत व उसके तीमारदारों के साथ में न होने के चलते अस्पताल द्वारा गार्ड की मांग की गई थी। सूचना के कई घंटे बाद थाने में तैनात दरोगा राहुल कुमार व एक सिपाही अस्पताल पहुंचा।दरोगा द्वारा युवती से जानकारी ली गई। जिसके बाद अचानक दरोगा के तेवर बदल गये।दरोगा ने ड्यूटी पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से अभद्रता शुरू कर दी। आरोप है कि दरोगा ने कर्मचारी को बाहर बुलाकर गाली-गलौज करने के साथ घर से उठा लेने की धमकी दी। कर्मचारी द्वारा जिसकी जानकारी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक को दी गई। जिसके बाद कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। सूत्रों की मानें तो दरोगा सुबह पुनः अस्पताल पहुंचा और गलतफहमी में गाली-गलौज करने की बात कहकर माफी मांगने लगा।दरोगा द्वारा कर्मचारी के साथ अभद्रता को लेकर कर्मचारियों ने उच्च अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। लेकिन मामले की न तो जांच की गई न ही आरोपी दरोगा के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश दिखाई दिया। वहीं दूसरी ओर युवती के लिए थाने से होमगार्ड भेजा गया। जबकि महिला सुरक्षाकर्मी की तैनाती की जानी थी। युवती रात भर अस्पताल में भर्ती रही।दरोगा द्वारा स्थिति देखने के बाद भी महिला सुरक्षाकर्मी न भेजा जाना बंडा पुलिस की महिलाओं के प्रति कितनी संवेदनशीलता है व्यक्त करती है।दरोगा द्वारा कर्मचारी के साथ अभद्रता व गाली-गलौज के मामले को कर्मचारी यूनियनों ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### अधिवक्ता पुत्र आयुषमान ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** सरस्वती विधा मंदिर के कक्षा आठ के छात्र आयुषमान मिश्रा ने कक्षा 9 हेतु अखिल भारतीय सैनिक लिखित परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और स्कूल का गौरव बढाया।सरस्वती विधा मंदिर इन्टर कालेज तिलहर के इंगलिश मीडियम की कक्षा 8 बी में अध्ययनरत छात्र आयुषमान मिश्रा के द्वारा कक्षा 9 में प्रवेश हेतु आयोजित आल इंडिया सैनिक परीक्षा में सफलता हासिल करने पर कालेज के प्रधानाचार्य डा जितेन्द्र सिंह चौहान ने बधाई दी। परीक्षा में कामयाबी हासिल करने वाले छात्र आयुषमान ने अपनी सफलता श्रेय माता उर्वशी देवी मिश्रा आंगनवाडी कार्यकत्री और पिता संजय मिश्रा एडवोकेट सहित सरस्वती विधा मंदिर के गुरू जनों को दिया है।छात्र की सफलता पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष शीलेंद्र मोहन मिश्रा,चिकित्सक प्रमोद मिश्रा,पूर्व ब्लाक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू,व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि आदि ने हर्ष जताया।

### वरिष्ठ लेखपाल अमरदीप के निधन पर जताया शोक

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** लेखपाल अमरदीप सक्सेना की समसामयिक निधन पर तहसील में एसडीएम सदानंद सरोज की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मैं धारण किया गया । इस मौके पर सभी ने उनकी आत्मा शांति की ईश्वर से प्रार्थना की। गौरतलब है कि तिलहर तहसील के परगना खेड़ा बझेड़ा के गांव सुनौरा रामपुरा क्षेत्र पर तैनात शाहजहांपुर निवासी लेखपाल अमरदीप सक्सेना की गुरुवार को अपरान्ह में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। इसी क्रम में शुक्रवार पूर्वान्ह तहसील सभागार में एसडीएम सदानंद सरोज की अध्यक्षता में मृतक लेखपाल की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में तहसील परिवार के तहसीलदार दीपेंद्र कुमार , नायब तहसीलदार मनु माथुर , पूनम मधुकर , अमित कुमार , स्टेनो सौरभ त्रिपाठी , लेखपाल अंशु वाजपेई , कमलेश मिश्रा सहित राजस्व निरीक्षक व लेखपाल व अन्य कर्मी शामिल रहे।

### बेटे को केस से निकलवाने को पिता से ठगे डेढ़ लाख, बेटा भी गया जेल



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहाँपुर।** नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी अली हसन पुत्र गबड़े ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके बेटे सलीम का एक लड़की के सम्बन्ध में विवाद हो गया था । जिसका निस्तारण कराने के लिये उसके मोहल्ले के हाशिम पुत्र जासीन , खैरपुर निवासी रोमान ने उसके घर आकर उसे यह विस्वास दिलाया कि उसके लड़के सलीम के मामला का वह निस्तारण करा देगे। इसके चलते उसने हासिम , रोमान व कटरा थाना क्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी सचिन को तीन बार में डेढ़ लाख रुपए दिए थे। लेकिन सलीम का मामला निस्तारण नहीं हुआ और मुकदमा दर्ज कर सलीम को जेल भेज दिया गया। अलीहसन का आरोप है कि उसका बेटा जब जेल चला गया तो उसने उक्त तीनों से लिए गए डेढ़ लाख रुपए वापस मांगे तो उक्त तीनों ने रुपए देने से इनकार करते हुए जन से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोतवाल जुगुल किशोर ने बताया कि प्रथम दृष्टया अली हसन के साथ फ्रॉड हुआ है । मामले की हाशिम , रोमान व सचिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नाबालिग किशोर की गुमशुदगी दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी आदर्श वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनका भातीजा अरनव राजपूत पुत्र स्व रामकुमार वर्मा 16 बीती 12 मार्च को लगभग 2 बजे घर से बिना बताए कही चला गया है । रिश्तेदारी आदि में उसकी तलाश की गई।

लेकिन कोई सुराग नहीं लगा । आदर्श वर्मा ने अनहोनी की आशंका जताते हुए अरनव राजपूत की गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# यूपी एसआई परीक्षा : शाहजहांपुर में प्रथम दिवस शांतिपूर्ण संपन्न

- डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- 2418 रहे अनुपस्थित

समृद्धि न्यूज





**शाहजहांपुर।** यूपी एसआई की दो दिवसीय परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में 4560 के सापेक्ष 3330 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो वहीं 1230 अनुपस्थित रहे। इसके अलावा दूसरी पाली में 4560 के सापेक्ष 3377 उपस्थित एवं 1183 अनुपस्थित रहे। प्रथम दिवस परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। अधिकारी परीक्षा केंद्र में भ्रमण कर जायजा लेते रहे।

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक पुलिस नागरिक समकक्ष पदो भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा जनपद में 13 केंद्रों पर चल रही उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रथम पाली में जीएफ कॉलेज एवं द्वितीय पाली में राजकीय पॉलीटेक्निक परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा आज प्रथम दिन दो पालियों में (प्रथम पाली पूर्वान्ह 10.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित हुई। जनपद में परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम काकिया। दो दिवसीय परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में 4560 के सापेक्ष 3330 उपस्थित एवं 1230 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पाली में 4560 के सापेक्ष 3377 उपस्थित एवं 1183 अनुपस्थित रहे। उधर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा संयुक्त रुप से जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण की प्रक्रिया तथा केन्द्रों के आसपास यातायात व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों के मुख्य द्वारों पर की जा रही चेकिंग व्यवस्था का भी निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अंदर न ले जाए जा सकें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल, केन्द्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों से भी वार्ता की गई तथा उनसे परीक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों के प्रति संतोष व्यक्त किया गया।

## तिलहर गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की उमड़ी भारी भीड़

- अज्ञात लोगों ने मुख्य गेट का दरवाजा तोड़ डाला
- कोतवाल ने एजेंसी पर की पुलिस बल की तैनाती



**समृद्धि न्यूज, तिलहर- शाहजहांपुर।** गैस बुकिंग के चलते एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ताओं में जमकर धक्का मुक्की हुई । इस दौरान कुछ शरारती तत्वों ने गैस एजेंसी कार्यालय के गेट के शीशे तोड़ दिए। सूचना पर कोतवाल जुगुल किशोर पाल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ पर काबू पाते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया। गौर तलब है कि खड़ी देशों में युद्ध के चलते गैस बुकिंग का सर्वर खराब होने से लोगों में बीते कई दिनों से गैस बुकिंग को लेकर मारामारी की स्थिति बनी हुई है । और गैस उपभोक्ताओं की रिफिल बुक नहीं हो पा रही है। शनिवार को तिलहर गैस एजेंसी पर गैस बुकिंग एवं केवाईसी को लेकर भारी संख्या में उपभोक्ता जा डटे । एजेंसी पर भीड़ लग जाने पर अनिष्ट की आशंका से ग्रस्त एजेंसी स्वामी अशोक सिंह ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को भी लगा दिया । दोपहर बाद काउंटर खिड़की पर लगी लाइन टूट गई । और पहले केवाईसी एवं गैस बुकिंग रसीद कटाने को लेकर उपभोक्ताओं में धक्का मुक्की होने लगी। इसी भीड़ में कुछ युवा हंगामा काटने लगे और कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए मुख्य गेट के शीशे को तोड़ दिए ।

इससे आहत एजेंसी स्वामी ने सभी काउंटर बंद करबा दिए । और अधिकारियों सहित पुलिस को घटना की इत्तला दे दी। कोतवाल जुगल किशोर पाल भारी पुलिस बल के साथ एजेंसी पहुंचे और उन्होंने एजेंसी से घटना की जानकारी ली।

## 25 मार्च को विद्यालयों में मनाया जाए 'नवारम्भ उत्सव': बीएसए दिव्या गुप्ता

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में एक साथ 25 मार्च 2026 को 'नवारम्भ उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा से जोड़ने तथा बालवाटिका में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए 3000 रुपए की ग्रांट संबंधित विद्यालयों में भेजी जा चुकी है इसके अंतर्गत को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बालवाटिकाओं में विशेष गतिविधियों के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। समस्त एस आर जी एवं एआरपी 5 विद्यालयों में नवारम्भ उत्सव का का सफलतापूर्वक आयोजन करवाते हुए अनुश्रवण आख्या फोटो सहित प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि 'नवारम्भ उत्सव' का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक एवं माताएं कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकें। इसके लिए विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने क्षेत्र के 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों को आमंत्रित करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 3-4 वर्ष के बच्चों का बालवाटिका में प्रवेश कराया जाएगा तथा बच्चों द्वारा रेत, मिट्टी अथवा बालू पर लेखन और आकृति अंकन जैसी रचनात्मक गतिविधियां भी कराई जाएंगी। साथ ही 5-6 वर्ष के ऐसे बच्चों को, जिनकी आयु 6 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, उन्हें कक्षा 1 में प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। बीएसए ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जाए और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षकों तथा समुदाय के सहयोग से इसे सफल बनाया जाए।

## बढ़ती महंगाई व एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में ज्ञापन




**शाहजहांपुर।** वर्तमान समय में देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से गंभीर रूप से परेशान है। आम आदमी पार्टी का मानना है कि यह महंगाई केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का परिणाम है, जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रूपये तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर में 120 रुपए की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। देश के कई हिस्सों से चिंताजनक आंकड़े सामने आ रहे हैं। मुंबई में लगभग 20 प्रतिशत होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं और लगभग 50 प्रतिशत तक बंद होने की आशंका जताई जा रही है। तमिलनाडु में लगभग 10 हजार होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर हैं, जबकि पंजाब और दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों में हजारों छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी में लगभग 650 उद्योगों में से करीब 170 उद्योग बंद हो चुके हैं, जिससे लगभग एक लाख लोग बेरोजगार हो गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस संकट के कारण देशभर में लगभग एक करोड़ लोगों के बेरोजगार होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। भारत में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ हार्मुज़ के रास्ते आता है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों, ईरान पर हमलों और निर्दोष स्कूली बच्चों की मौत जैसे मामलों पर केंद्र सरकार की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। साथ ही गैस क्षेत्र में कुछ निजी कंपनियों, विशेषकर अडानी समूह, को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण गैस की कीमतों में कई जगह तीन गुना तक वृद्धि होने के आरोप भी सामने आ रहे हैं, जिसका सीधा बोझ आम जनता पर पड़ रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं द्वारा 14 मार्च 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में जिला कलेक्ट्रेट पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया।

## जलालाबाद में भव्य सामूहिक विवाह 150 जोड़े पवित्र बंधन में बंधे



**समृद्धि न्यूज। शाहजहाँपुर।** माँ वैष्णोधाम मैरिज लॉन जलालाबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक हरिप्रकाश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में 150 जोड़ों (144 हिंदू और 6 मुस्लिम) का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत मिर्जापुर, कलान एवं जलालाबाद की अध्यक्ष, नगर पालिका जलालाबाद, अल्हागंज एवं कलान के अध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी, संबंधित बीडीओ, ईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन इंदु अजनबी ने किया। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी जलालाबाद, मिर्जापुर, कलान, नगर पालिकाओं एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मचारियों ने सहयोग किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गलत दवा व इंजेक्शन से ग्रामीण की मौत, हुआ पोस्टमार्टम

- मृतक के बेटे ने मेडिकल संचालक के खिलाफ दी तहरीर

समृद्धि न्यूज



**तिलहर - शाहजहांपुर।** पेट दर्द इलाज में गलत दवा व इंजेक्शन लगाने से पिता की मौत होने का आरोप लगाते हुए बेटे ने एक मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैना पुर निवासी ब्रजेश ने पुलिस को बताया कि उसके पिता श्यामलाल पुत्र मंगली लाल 50 की शुक्रवार को पेटदर्द होने से तबियत बिगड़ने पर वह पिता को तिलहर के एक निजी अस्पताल में ले गया । जहां गलत दवा व इंजेक्शन लगते ही कुछ ही क्षणों में उसके पिता की मौत हो गई । फिर भी दिल की तसल्ली के लिए आनन फानन में पिता को लेकर वह सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पीड़ित बेटे ने अस्पताल संचालक के खिलाफ घटना की तहरीर दी है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम कराया है।

## कलान विधायक ने रोड के चौड़ीकरण के लिए किया शिलान्यास

- भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास को प्राथमिकता दी : विधायक

समृद्धि न्यूज



**कलान, शाहजहांपुर।** जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कलान में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शाहजहांपुर की सीमा

काली देवी मंदिर से लेकर शाहजहांपुर की सीमा कांकरकठा तक रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा।उ

इस चौड़ीकरण से आवागमन मे परेशानी नहीं होगी, और कलान में लगने वाले जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास को प्राथमिकता दी है। इसी का उदाहरण है कि गोलाघाट पुल का निर्माण किलापुर घाट पर पैंटूल पुल कई सड़कें बन चुकी हैं। इस सरकार में अपराधी या तो प्रदेश छोड़कर चले गए या उन्होंने दूसरा रास्ता चुन लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष हरिनारायण। गुप्ता ने कहा, जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा द्वारा जलालाबाद विधानसभा में जो विकास कार्य हुए हैं वह जनता से छिपे नहीं है।उन्होंने कहा कि विधायक की सक्रियता के चलते हुए क्षेत्र में सड़कों का जाल, पुल और पुलियों का निर्माण प्राथमिकता के तौर पर किया गया

इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख गेदन लाल गुप्ता ब्लाक प्रमुख ससुर अमरगोपाल वर्मा, मिर्जापुर के ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, दिलीप गुप्ता, पंकज गुप्ता

विनोद गुप्ता। संदीप गुर्जर। अजय सिंह, अभिषेक वर्मा, जयपाल वर्मा आज भाजपाई मौजूद थे।

## भगवा ढोल के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा सामूहिक शंखनाद कार्यक्रम

- सैकड़ों लोग एक साथ शंख बजाकर करेंगे सनातन धर्म का जयघोष
- देर शाम तक चलेगी भजन संध्या



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** वीआई पी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस बार भी नव संवत्सर व चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ पर सामूहिक शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन हनुमत धाम पर 19 मार्च सायंकाल 5:30 बजे किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों लोग एक साथ एक ही समय पर शंखनाद कर सनातनी नववर्ष का जयघोष करेंगे। सदर बाजार स्थित विनीत ज्वेलर्स पर आयोजित प्रेस वार्ता में ग्रुप की संरक्षक विनीत गुप्ता ने बताया कि शंखनाद कार्यक्रम सनातनी भाइयों को सनातनी नव वर्ष का संदेश देने के लिए आयोजित किया जाता है । सभी एक सूत्र में बंधे और परिवार समाज और राष्ट्र के लिए नई सोच के साथ कुछ ऐसा कर सके जो अपने आप में अनुकरणीय , स्मरणीय बन सके । इस समय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी जी ने पूरे देश को भगवा मय करके सनातनी लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। इसी क्रम में वी आई पी ग्रुप हर संवत्सर पर सभी सनातनियों को एकत्र कर भगवा मय सूत्र में पिरोने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि शंखनाद से आसपास के विषाणुओं का नाश होता है । उन्होंने हनुमत धाम पर 19 मार्च को पांच बजे सभी से पहुंचने का आवाहन किया। शंखनाद कार्यक्रम में सर्वाधिक देर तक शंख बजाने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उनके लिए प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की व्यवस्था उनकी ओर से की गई है। ग्रुप की हेमा अग्रवाल ने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि इस बार कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान करने के लिए भगवा ढोल की टीम आ रही है, जो कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बिंदु बनेगी। ग्रुप की रिधी बहल ने कहा कि यदि हो सके तो भगवा या पीत वस्त्र धारण कर अपने-अपने शंख साथ में लेकर हनुमत धाम पहुंचे, ताकि कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया जा सके।

ग्रुप दीपमाला रस्तोगी ने कहा कि ग्रुप लगातार इस प्रयास में रहता है कि कार्यक्रमों के जरिए सामाजिक जागरूकता एवं सामाजिक समरसता का प्रयास किया जा सके।

## लंबे इंतजार के बाद वजीरपुर घाट पर पैंटून पुल निर्माण की शुरुआत

**समृद्धि न्यूज, अल्हागंज, शाहजहांपुर।**



वजीरपुर घाट पर बहुप्रतीक्षित पैंटून पुल के निर्माण कार्य का आज विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक शरद वीर सिंह, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर जिलों के बीच व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। गौरतलब है कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से इस पुल की मांग कर रहे थे। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और विकास की नई उम्मीद जगी है। पुल की मांग वजीरपुर गांव के लोग काफी समय से कर रहे थे। उनकी आवाज को नरेंद्र सोमवंशी और उनके सहयोगियों ने प्रमुखता से उठाया था।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने दो बंद मकानों को बनाया निशाना लाखों के जेवर चोरी

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया ओर सीढ़ी लगाकर मकान के अंदर घुस गए ओर मकान में अलमारी तोड़कर लाखों रुपए के जेवर चोरी कर ले गए। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने मामले की जांच की। नगर के मोहल्ला तकिया कसभरा निवासी अवधेश गुप्ता शुक्रवार को अपने मकान में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी शाहजहांपुर शादी में गए थे। उसी रात अज्ञात चोरों ने दीवार पर सीढ़ी लगाकर छत पर पहुँच गए जीने से नीचे उतरकर कमरे का ताला तोड़कर घुस गए ओर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। शनिवार की सुबह जब अवधेश शादी से वापस आये तो बाहर दरवाजे पर ताला खोला ओर अपने परिवार के साथ मकान के अंदर घुसे लेकिन जब उन्होंने कमरे का ताला टूटा देखा ओर मकान में सामान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। जब उनकी पत्नी ने बताया कि बक्शे में सोने के कुंडल व चांदी की पायले चोरी हो गई। उसके बाद अवधेस गुप्ता ने पुलिस को फोन करके चोरी की जानकारी दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। फिलहाल खबर लिखे जाने तक कोई तहरीर नही आई है। इसके अलावा इसी मोहल्ले में नन्हेलाल के मकान के दरबाजे की कुंडी काटकर चोर लाखो रुपये का सामान चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। फिलहाल दो लोगों ने तहरीर दे दी है लेकिन रिपोर्ट दर्ज नही हुई है।



### सोलर पैनल चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस ने सोलर पैनल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया एक सोलर पैनल भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक रोजा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार स्वामी विवेकानंद आश्रम अकर्रा रसूलपुर निवासी टेक्नीशियन ओम प्रकाश सिंह की तहरीर पर थाना रोजा में मुकदमा संख्या 109/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुनीश पुत्र रामाधीन निवासी ग्राम बिलिन्दापुर गोटिया थाना रोजा को उसके घर से दोपहर करीब 12:40 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घर से एक कंपनी का एक सोलर पैनल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 21 जनवरी 2026 को ग्राम बिलिन्दापुर के बाहर रवीन्द्र के खेत से दो सोलर पैनल चोरी किए थे। इनमें से एक पैनल बरेली-सीतापुर हाईवे पर एक अज्ञात व्यक्ति को 3000 रुपये में बेच दिया, जबकि दूसरा अपने घर में छिपाकर रख लिया था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, उपनिरीक्षक शम्भूदयाल भार्गव, उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक पूनम दहिया, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल राजवीर सिंह, कांस्टेबल प्रवेन्द्र कुमार और कांस्टेबल हरवीर सिंह शामिल रहे।

### ट्रांसफार्मर के पास के गेहूं काटने की अपील

**कांट, शाहजहांपुर।** खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पककर तैयार है। ऐसे में उनको आग से बचाने के लिये किसानों से खेत में लगे ट्रांसफार्मर के आस पास के थोड़े बीच को साफ करने की अपील अवर अभियंता ने की। कुर्रिया कलां क्षेत्र के चौहनापुर विद्युत उपकेंद्र के जेई ब्रजेश निषाद ने कहा कि एक पखवाड़े के बाद गेहूं की फसल तैयार हो जायेगी।जिसे आग से बचाने के लिये किसानों को ट्रांसफार्मर के चारों तरफ 10 फिट तक साफ सफाई कर मिट्टी को खोद देना चाहिए।इससे इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट होने पर फसल सुरक्षित रहेगी और आग लगने की घटनाएं भी कम होगी।

### वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स व वैशाली म्युजिकल ग्रुप भव्य शंखनाद कर मनाएगा हिन्दू नववर्ष

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में सामाजिक कार्यो में अहम भूमिका निभाने वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स और वैशाली म्यूज़िकल ग्रुप भव्यता के साथ हिन्दू नववर्ष मनाने जा रहा है। शनिवार को कार्यक्रम आयोजको ने प्रेसवार्ता कर पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी हेमा अग्रवाल,रिद्धि बहल, विनीत गुप्ता ने बताया ग्रुप द्वारा कई वर्षो से हिंदू नववर्ष शंखनाद व भजन संध्या आदि कार्यक्रम आयोजित हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। इस साल भी 19 मार्च को हनुमतधाम पर शाम पांच बजे शंखनाद का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे विजयी प्रतिभागियों सम्मानित भी किया जाएगा। जिसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम है। ग्रुप की अध्यक्ष दीप माला रस्तोगी और ग्रुप क्रिएटिव अभिनय गुप्ता ने बताया कि जब उपरोक्त कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी तब गिनेचुने लोग ही कार्यक्रम हुआ करते थे लेकिन अब इस कार्यक्रम की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई है कि सैकड़ों की संख्या में आमजन इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते है। इस बार कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए पांच कार्यक्रम प्रभारी बनाए गए है। जिनकी देखरेख में कार्यक्रम को भव्यता के साथ सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी विनीत गुप्ता ने बताया कि सनातन धर्म मे शंखनाद से ही हर काम की शुरुआत होती आ रही है। इसलिए उन्होंने भी हिन्दू नववर्ष को शंखनाद के साथ मनाने के बारे में विचार किया। उन्होंने बताया पीएम नरेंद्र मोदी से भी उनको शंखनाद के साथ हिंदू नववर्ष बनाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम आयोजकों आमजन से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करते हुए आग्रह किया है कि कार्यक्रम में बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपना शंख साथ मे लाए और हिंदू नववर्ष को हर्षोल्लास के साथ मनाए। प्रेसवार्ता में ग्रुप क्रिएटिव अभिनय गुप्ता, अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमा अग्रवाल, सँयुक्त सचिव रिद्धि बहल, कार्यक्रम प्रभारी विनोद गुप्ता ज्वेलर्स आदि मौजूद रहे।

# जीवन में नैतिकता और अनुशासन को अपनाना बेहद आवश्यक : कृष्ण सिंह यादव

- इस दौरान पत्रकार गौरी शंकर त्रिवेदी को फूल भेंट कर सम्मानित किया गया

समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह उत्साह और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर के सातवें दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर की गई, जिसके माध्यम से लोगों को स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने योग एवं व्यायाम कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संकल्प लिया। श्रमदान सत्र के अंतर्गत ग्राम रुस्तमपुर चक में सघन सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने गांव के विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। लक्ष्य गीत के उपरांत शिविर में उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।




समारोह की मुख्य अतिथि महिला उत्थान समिति की अध्यक्ष श्रीमती आसमा सुल्ताना रहीं। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में नैतिकता और अनुशासन को अपनाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर को विद्यार्थियों के लिए सीखने और समाज सेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सामाजिक विषयों पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। बाल विवाह पर आधारित नाटक का नेतृत्व सुब्हाना वारसी एवं उनके साथियों ने किया, जबकि दहेज प्रथा पर आधारित नाटक का नेतृत्व अंजलि और उनके साथियों ने किया। इसके अलावा एकल गीत, सरस्वती वंदना एवं युगल गीत की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर श्रीकृष्ण सिंह ने शिविर के सफल आयोजन पर सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में उतारना ही इस कार्यक्रम का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता अभियान और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों की सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यादवेंद्र कुमार आर्य ने शिविर के दौरान एक सप्ताह में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन भी उन्होंने ही किया। समारोह में डॉ. जयेंद्र कुमार, सत्यप्रकाश, पवन कुमार, सुब्हाना वारसी, ललिता, मनु, मोनी, आकांक्षा शुक्ला, अंजलि, काशिफा बानो, फायजा, वसु, दिव्यांशी, अंशिका, प्रिंसी यादव, युवराज सिंह, अतुल, विजय शुक्ला, योगेश शुक्ला, शिवांगी सहित अनेक छात्र-छात्राएं एवं संपादक गौरी शंकर त्रिवेदी श्यामा राजपूत विनोद राजपूत कृष्ण कुमार पाण्डेय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पिपरिया जयभद्र गांव में वरुण गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**समृद्धि न्यूज़, पूरनपुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र निवासी युवा नेता राहुल पांडे के नेतृत्व में वरुण गांधी का 46 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित ग्राम वासियों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं है।युवा नेता राहुल पांडे ने इस अवसर पर कहा कि वरुण गांधी का संघर्ष,स्पष्ट विचार और जनता के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है। ईश्वर उन्हें सदैव सफलता और दीर्घायु प्रदान करें। ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र में साथी युवाओं के द्वारा केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।वरुण गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर प्रसाद भारती,शिवम यादव, आशीष पांडे, अरविंद पांडेय, राजेंद्र गिरी, राहुल राठौर, कपिल पांडे,राहुल पांडे,राजू, सानू, बृजेश पांडे,दिनेश गिरी,साहिल पांडे, हरिराम पांडे, राजीव कश्यप, रामकृपाल भारती, दिनेश शर्मा,विनोद शर्मा, सतीश पांडे सहित बड़ी संख्या में गांव के अन्य ग्रामवासी शामिल हुए हैं।



## किशोरी को भागने के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पुवायां।** थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसकी पुत्री को गांव नवाबपुर गंगा निवासी सौरभ गुप्ता और अमन गुप्ता बहला फुसलाकर 5 मार्च को भाग ले गए।

जिसको तलाश करने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ट्रक चोरी मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, बैटरी बरामद



समृद्धि न्यूज

**कलान, शाहजहांपुर।** थाना कलान पुलिस को ट्रक चोरी के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुकदमे में प्रकाश में आए एक वांछित अभियुक्त को चोरी किए गए ट्रक की बैटरी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कलान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 9 नवंबर 2025 को प्रदीप कुमार निवासी मोहल्ला रामलीला ग्राउंड कस्बा व थाना कलान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके ट्रक नंबर क्र24ञ6431 को क्रेन से बांधकर चोरी कर लिया गया। इस मामले में थाना कलान पर मुकदमा संख्या 360/2025 धारा 303(2) बीएनएस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान चोरी हुआ ट्रक पहले ही अकबराबाद (अलीगढ़) पुल के नीचे से बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द किया जा चुका था। विवेचना में अभिषेक चौधरी और सुमित यादव के नाम सामने आए, जबकि नामजद रमेश राजपूत का नाम जांच में हटाया गया। शनिवार को थाना कलान पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभिषेक चौधरी निवासी ग्राम हिसावदा, थाना सिंघावली अहीर, जिला बागपत को ग्राम नानकपुर जाने वाले रास्ते से सुबह 10:57 बजे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी किए गए ट्रक से संबंधित एक बैटरी बरामद हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह, उपनिरीक्षक सचिन कुमार और कांस्टेबल वसु आर्य शामिल रहे।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

- विधायक चेतराम एडवोकेट ने किया कार्यशाला का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** शनिवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का एक दिवसीय कार्यक्रम पूरनपुर रोड स्थित वीर जी पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि भाजपा विधायक चेतराम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, स्कूल कायाकल्प योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस दौरान स्कूल कायाकल्प योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान अरुण सिंह, फतेहचंद वर्मा, रामभजन वर्मा, नीरज पासवान, विनोद कुमार, रामभजन वर्मा, नवीन अवस्थी, शिवदास समेत कई प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एआरपी और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विधायक चेतराम ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। सरकार द्वारा विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं बेहतर बनाने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनकी सफलता में ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों की अहम भूमिका है। खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता बताते हुए कायाकल्प, स्वच्छता, पठन-पाठन की गुणवत्ता और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार के कहा कि अप्रैल से नए सत्र का शुभारंभ हो रहा है, सभी शिक्षक बच्चों को प्रवेश संख्या बढ़ाए। संगोष्ठी में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विद्यालयों में संसाधनों के बेहतर उपयोग और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## बंदियों के हस्तनिर्मित उत्पादों की हुई प्रदर्शनी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में जिला कारागार द्वारा बंदियों के कौशल विकास और पुनर्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हस्तनिर्मित उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन माननीय जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने फीता काटकर किया।प्रदर्शनी में बंदियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उपयोगी और आकर्षक उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इनमें पेंटिंग्स, बैग, गमले सहित कई प्रकार की हस्तनिर्मित वस्तुएँ शामिल रहीं। इन उत्पादों को देखकर न्यायालय में मौजूद न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और आम लोगों ने बंदियों की कला और रचनात्मकता की सराहना की।स्टॉल का अवलोकन करने पहुंचे अतिथियों ने कहा कि इस तरह की पहल बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित होती है और उन्हें समाज में पुनर्वास का अवसर मिलता है।कार्यक्रम के दौरान न्यायालय के कई माननीय न्यायाधीश, जेल अधीक्षक जेपी तिवारी, अधिवक्तागण तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने बंदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई और इस प्रयास की सराहना की। सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा,जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी सहित जेल स्टाफ मौजूद है।



# जनपद में जल्द मिलेगी कई विकास कार्यों की मंजूरी : डीएम

## 98.75 लाख से बनेगा वजीरपुर का पैंटून पुल

- किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार आवश्यक कदम उठा रही योगी सरकार: हरि प्रकाश

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के वजीरपुर में पैंटून पुल की मांग को लेकर किसानों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। जिसको संज्ञान लेते हुए बीजेपी विधायक हरि प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक शरदवीर सिंह और जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्राचार करते हुए किसानों की समस्याओं को अवगत कराते हुए पैंटून पुल बनाए जाने की मांग की । सीएम योगी आदित्यनाथ ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बीजेपी विधायक हरि प्रकाश वर्मा की मांग पर 100 वर्ष पुराने घाट वजीरपुर और मनिहार घाट पर पैंटून पुल की स्वीकृति के बाद शनिवार को मुख्य अतिथि बीजेपी विधायक हरि प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक शरदवीर सिंह और जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया गया। इस दौरान विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार लगातार किसानों नौजवानों और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में शिक्षा सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग को लेकर काफी कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। इस दौरान उन्होंने पैंटून पुल को लेकर धरना देने वाले और श्रेय हासिल करने वाले बिना नाम लिए सपा नेताओं पर भी निशाना साधा उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी सरकार में कुछ नहीं विकास कर सके वह आज जब बीजेपी सरकार के विकास कार्यों को शुरू होने से पूर्व श्रेय लेने के बाद धरना प्रदर्शन करने लगते हैं।



जबकि बीजेपी सरकार लगातार किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर संकल्पबद्ध है साथ ही जो कार्य बिना किसी मांग के ही पूरे हो रहे हैं वह लोग कार्य के होने की जानकारी मिलते ही धरना प्रदर्शन करके रोकने का प्रयास करने लगते हैं । किसान नेता नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने सर्व प्रथम पैंटून पुल बनाए जाने के लिए बीजेपी विधायक हरि प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक शरदवीर सिंह और जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पैंटून पुल के साथ दोनों ओर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की और छुट्टा गौ वंशों से निजात दिलाने के लिए गौ शाला के निर्माण की मांग की।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि गौ शाला के निर्माण के लिए जब भी सैलाफ मुक्त एरिया में जगह मिल जाएगी तो किसानों की समस्या को देखते हुए स्थाई गौ शाला का निर्माण अवश्य कराया जाएगा।

# मनुष्य के राग, रोष, ईर्ष्या, मद और मोह यह पांच शत्रु हैं : कथा व्यास

- आज संत सम्मेलन व भंडारा प्रसाद वितरण के साथ होगी श्रीमद्भगवत कथा ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** शहर स्थिति चित्रा टाकीज में चल रही कथा के सप्तम दिवस कथा के क्रम में व्यास जी ने बताया रूप, विद्या, धन, अधिकार ये चार नशे हैं। संसार के लोग जीवन के लक्ष्य से भटक कर इनमे फंस जाते हैं। राग, रोश, ईर्ष्या, मद और मोह यह पांच शत्रु हैं इनसे बचकर रहना चाहिए अन्यथा जीवन में कष्ट आने में विलम्ब नहीं लगेगा। साथ ही सुदामा चरित का मार्मिक वर्णन किया। डा दामोदर दीक्षित ने जो लोग पूरी कथा नहीं सुन पाये उनके कल्याण के लिए बारह स्कंधों का सारांश वर्णन किया। श्रीमद् भागवत में सम्पूर्ण कथा को संक्षेप में कहने का विधान है



लगभग सभी ग्रंथो के अंत में ऐसी व्यवस्था की गई है। अनेक द्रष्टान्तो से उन्होंने यह बताया कि काल्पनिक सुख के आभाव का नाम दुःख है। सर्व प्रथम पुरोहित अनंतराम जी द्वारा मुख्य यजमान श्री कमलेश कुमार खन्ना ने देव पूजन करके मंचासीन कथा व्यास एवं संतों विद्वानो का माला चन्दन आदि से स्वागत अभिनन्दन किया। श्री रमेश त्रिपाठी, प्रसून त्रिपाठी एवं रामबली ने संगीत पर हनुमान चालीसा और भजन आदि गाये। रायबरेली से पधारे स्वामी ज्योतिर्मयानन्द जी महाराज पटना से पधारे स्वामी सत्यनंद जी महाराज, श्री रामदुलारे त्रिगुनायत, सुमन जी, राजेश जी, संचालक आचार्य रामानंद दीक्षित, आदि ने आशीर्वचन प्रदान किये एवं संक्षेप में प्रवचन किया। बिठूर से पधारी साध्वी रमा मिश्रा, आदि की पावन उपस्थिति रही। ध्रुव नारायन मेहरा, सुधा मेहरा, सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना व चंद्र शेखर खन्ना (धीरू खन्ना), रोली खन्ना व रागिनी खन्ना, डा राम मेहरोत्रा, आदि अनेक भक्तों का सहयोग रहा। सायं आरती एवं प्रसाद के साथ कथा को दिवस विश्राम दिया गया। कल 15 मार्च को होगा संत सम्मेलन जिसमे में पटना विहार से पधारे स्वामी सत्यानंद, रायबरेली से पधारे स्वामी ज्योतिर्मयानन्द जी हरिद्वार से पधारे स्वामी अक्षयानंद, उरई से पधारे पंडित अवधेश दीक्षित, बरेली से पधारे पंडित ब्रजेश पाठक, पीलीभीत से पधारे पंडित शिवकुमार सुमन, बरेली से पधारे पंडित रामदुलारे त्रिगुणायत आदि के दर्शन एवं आशीर्वचन सुनने का लाभ मिलेगा संचालक आचार्य रामानंद दीक्षित रहेंगे संतों के प्रवचन पश्चात दोपहर 12 बजे वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना का उदबोधन होगा वे विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संतों को धन्यवाद प्रेषित करेंगे तदोपरांत भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है, जिसमें आयोजकों सभी से सपरिवार भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का निवेदन किया है।

कल कथा की पूर्णाहुति तथा संत सम्मेलन प्रथम सत्र में प्रातः 08:30 से 12:30 तक तदोपरांत भंडारा होगा।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## अनिद्रा की महामारी

भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रमकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है। मां-बाप के टोकने पर वे दलील देते हैं कि ऑन लाइन पढ़ाई चल रही है। कोरोना संकट ने देश-दुनिया में ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प तो दिया, लेकिन तमाम तरह की विसंगतियां व विकृतियां भी किशोरों के जीवन में भर दी हैं।

एक चौंकाने वाला आंकड़ा बताता है कि देश में सत्तर करोड़ भारतीय छह घंटे की नींद नहीं ले पाते। वहीं 46 प्रतिशत भारतीय छह घंटे से कम की नींद ले पाते हैं। लेकिन सबसे बड़ा संकट युवाओं व किशोरों से जुड़ा है। वे देर रात तक ऑनलाइन गेमों से जुड़े रहते हैं। रात में जाने-अनजाने दोस्त उनके सहभागी बनते हैं। जो कालांतर एक नशे की लत का रूप ले लेता है। परिजनों की रोक-टोक उन्हें रास नहीं आती। कई घटनाओं में उनके आक्रामक व्यवहार के घातक परिणाम सामने आए हैं। यहां तक कि नजदीकी परिजनों की हत्या की घटनाएं भी हुई हैं। दरअसल, ऑनलाइन खेलों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किशोरों के लिये नशा बन जाते हैं। रात का एकांत उन्हें रास आता है। जिसके चलते वे नींद की परवाह नहीं करते। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर तमाम वर्जित व अश्लील सामग्री की रात्रि में भरमार रहती है। जिसकी चपेट में छोटे-बड़े लोग आ रहे हैं। युवा देर रात का एकांत तलाशते हैं ताकि परिजनों की अनुपस्थिति में वे मनमानी कर सकें। वे देर रात तक ऑनलाइन रहने में अपनी शान समझते हैं। यह भूल जाते हैं कि वास्तव में, वे अपनी सेहत से किस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं अनिद्रा से उच्च रक्तचाप की समस्या पैदा हो रही है। जो कालांतर हाइपरटेंशन में बदल जाती है। दरअसल, शरीर की जैविक घड़ी के परिचालन में व्यवधान से शरीर नकारात्मक प्रतिक्रिया देता है। देर रात जागने और मोबाइल के नशे में किशोर असमय खाते-पीते हैं, जिससे उनमें मोटापे की समस्या भी घर कर रही है। यही वजह है कि अब किशोरों तक में डाइबिटीज की समस्या देखने में आ रही है। दरअसल, कुदरती सोने के समय का विकल्प देर रात या सुबह की नींद नहीं हो सकती है। यह संकट बड़ा है और अभिभावकों व शिक्षकों को किशोरों की देर रात जागने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिये गंभीर प्रयास करने होंगे। अन्यथा देश को कालांतर अस्वस्थ युवा पीढ़ी का संत्रास झेलने को बाध्य होना पड़ेगा।

# पीरियड लीव पर महिलाओं को छुट्टी से इंकार

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण विश्व राजनीति,सामाजिक नीति और आर्थिक विकास का केंद्रीय विषय बन चुका है। आज अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में यह स्वीकार किया जा चुका है कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब उसकी आधी आबादी, महिलाएं समानअवसरों सम्मान और संसाधनों तक बराबरी से पहुँच प्राप्त करे। भारत भी इसी वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हुए महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएँ चला रहा है।भारत सरकार द्वारा संचालित कई कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्रीउज्ज्वला योजना और सुकन्या समृद्धि योजना का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। इन योजनाओं ने न केवल महिलाओं की स्थिति में सुधार किया है बल्कि समाज में उनके प्रति सम्मान की भावना को भी मजबूत किया है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि महिलाएं केवल समाज की आधी आबादी ही नहीं हैं, बल्कि वे मां, पत्नी, बहन, बेटी और परिवार की आधारशिला भी होती हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सुनिश्चित करना सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी बन जाती है। हालांकि कई बार कुछ ऐसी नीतिगत मांगें भी सामने आती हैं जिनका उद्देश्य भले ही महिलाओं की सुविधा और स्वास्थ्य हो, लेकिन उनके सामाजिक और आर्थिक परिणाम जटिल हो सकते हैं ऐसा ही एक मुद्दा हाल ही में सामने आया जब कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश यानी पीरियड लीव को अनिवार्य बनाने की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया ने 13 मार्च 2026 को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए इस याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इस प्रकार के प्रावधान को कानूनन अनिवार्य करना महिलाओं के रोजगार अवसरों को प्रभावित कर सकता है।यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों, समानता और रोजगार के अवसरों के बीच संतुलन को लेकर एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म देता है।

साथियों बात अगर हम मासिक धर्म अवकाश की मांग : पृष्ठभूमि और तर्क को समझने की करें तो मासिक धर्म महिलाओं केजीवन का एक स्वाभाविक जैविक चक्र है। हर महीने आने वाला यह शारीरिक परिवर्तन कई महिलाओं के लिए सामान्य होता है,लेकिन कईमहिलाओं को इस दौरान तीव्र दर्द कमजोरी हार्मोनल असंतुलन और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि कई सामाजिक संगठनों और महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने लंबे समय से यह मांग उठाई है कि कामकाजी महिलाओं और छात्राओं को इस दौरान विशेष अवकाश दिया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि भारत में गर्भावस्था और प्रसूति के लिए छुट्टी का प्रावधान तो मौजूद है जैसे मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 लेकिन मासिक धर्म के दौरान होने वाली शारीरिक तकलीफों को लेकर कोई विशेष कानूनी व्यवस्था नहीं है। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि यदि महिलाओं को हर महीने एक या दो दिन का पीरियड लीव मिल जाए तो इससे उनके स्वास्थ्य और कार्यक्षमता दोनों में सुधार होगा। उनका यह भी कहना था कि कुछ राज्य सरकारों और निजी कंपनियों ने स्वेच्छा से ऐसे प्रावधान लागू किए हैं, इसलिए इसे पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

साथियों बात अगर हम इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट के दृष्टिकोण को समझने की करें तो व्यावहारिकता बनाम भावनात्मकता, याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे को केवल भावनात्मक दृष्टि से नहीं बल्कि व्यावहारिक औरआर्थिक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर जोर दिया अदालत ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी कंपनी या संस्थान द्वारा स्वेच्छा से महिलाओं को पीरियड लीव दिया जाता है तो यह स्वागत योग्य है। लेकिन जब इसे कानून के रूप में अनिवार्य किया जाएगा, तो इसके कई अप्रत्याशित परिणाम सामने आ सकते हैं। अदालत ने कहा कि यदि नियोक्ताओं को हर महीने अतिरिक्त भुगतान वाली छुट्टियाँ देनी पड़ेंगी तो संभव है कि वे महिलाओं को नियुक्त करने से बचें। अदालत की यह टिप्पणी भारतीय श्रम बाजार की वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर की गई थी। भारत में अभी भी बड़ी संख्या में निजी कंपनियां लागत और उत्पादकता के आधार पर कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। ऐसे में यदि महिला कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अतिरिक्त छुट्टियाँ देनी पड़ें, तो कई नियोक्ता पुरुष कर्मचारियों को प्राथमिकता दे सकते हैं। साथियों बात अगर हम याचिका खारिज करने के कर्म को समझने की करें तो रोजगार अवसरों पर संभावित प्रभाव, सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि महिलाओं को कमजोर बताने वाली मानसिकता सेबचना चाहिए। अदालत के अनुसार यदि कानून यह संदेश देता है कि महिलाएं हर महीने काम करने में सक्षम नहीं हैं, तो इससे कार्यस्थल पर उनके प्रति पूर्वाग्रह पैदा हो सकता है। उदाहरण के लिए यदि कोई कंपनी दो उम्मीदवारों में से एक का चयन कर रही हो एक पुरुष और एक महिला तो नियोक्ता यह सोच सकता है कि महिला कर्मचारी को अतिरिक्त छुट्टियाँ देनी पड़ेंगी, जिससे उत्पादकता प्रभावित होगी।ऐसी स्थिति में महिलाओं के रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। अदालत ने कहा कि यह विडंबना होगी कि महिलाओं के हित में बनाई गई नीति ही उनके लिए बाधा बन जाए। साथियों बात अगर हम महिला सशक्तिकरण और



समानता की वास्तविक चुनौती को समझने की करें तो महिला सशक्तिकरण केवल सुविधाएँ देने से नहीं बल्कि समान अवसर सुनिश्चित करने से आता है। यदि कोई नीति महिलाओं को विशेष सुविधा देती है लेकिन उसके परिणामस्वरूप उन्हें रोजगार के अवसर कम मिलते हैं, तो वह नीति अंततः उनके हितों के विपरीत हो सकती है। इसलिए नीति निर्माताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे महिलाओं के स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करते हुए उनके रोजगार अवसरों को भी सुरक्षित रखना है मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं का समाधान केवल कानूनी प्रावधानों से नहीं बल्कि सामाजिक संवेदनशीलता से भी जुड़ा हुआ है। कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए अधिक संवेदनशील और सहयोगी वातावरण बनाना चाहिए।कई कंपनियां पहले से ही लचीले कार्य समय, वर्क फ्रॉम होम और स्वास्थ्य अवकाश जैसी सुविधाएँ दे रही हैं। यदि इन व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए तो महिलाओं को बिना किसी अतिरिक्त कानूनी बोझ के भी सटीक रूप से राहत मिल सकती है।

साथियों बात अगर हम अदालत की सामाजिक चेतावनी को समझने की करें तोसुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की तरह प्रस्तुत करना भी सही नहीं है। महिलाओं की जैविक प्रक्रिया को सम्मान और सामान्यता के साथ देखा जाना चाहिए। अदालत के अनुसार यदि पीरियड लीव को अनिवार्य कानून बना दिया गया, तो इससे समाज में यह धारणा बन सकती है कि महिलाएं नियमित रूप से कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। इस प्रकार अदालत ने महिला सशक्तिकरण के उस सिद्धांत पर जोर दिया जिसमें महिलाओं को कमजोर या निर्भर नहीं बल्कि सक्षम और बराबरी के भागीदार के रूप में देखा जाता है। नियोक्ताओं की चिंता और आर्थिक वास्तविकता सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची ने भी यह टिप्पणी की कि याचिका का विचार अच्छा है, लेकिन नियोक्ताओं की स्थिति को भी समझना जरूरी है। यदि हर महिला कर्मचारी को महीने में दो दिन अतिरिक्त पेड लीव देनी पड़े, तो इसका आर्थिक बोझ कंपनियों पर पड़ेगा। खासकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए यह बोझ अधिक हो सकता है।भारत जैसे विकासशील देश में जहां रोजगार सृजन एक बड़ी चुनौती है, वहां किसी भी नई नीति को लागू करते समय उसके आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण करना आवश्यक है।

साथियों बात अगर हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार को नीति बनाने का सुझाव को समझने की करें तो हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन उसने इस मुद्दे को पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के समक्ष अपना ज्ञापन दे चुके हैं।

अदालत ने सुझाव दिया कि सरकार इस विषय पर सभी हितधारकों महिला संगठनों, नियोक्ताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं से चर्चा कर एक संतुलित नीति बनाने पर विचार कर सकती है। इसका अर्थ यह है कि अदालत ने इस मुद्दे को नकारा नहीं बल्कि इसे नीति निर्माण के दायरे में भेज दिया। साथियों बात अगर हम इस पूरे मामले को वैश्विक परिप्रेक्ष्य मैं समझने की करें व दुनिया में पीरियड लीव की व्यवस्था को देखें तो दुनिया के कुछ देशों में पीरियड लीव का प्रावधान मौजूद है। उदाहरण के लिए जापान, दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान छुट्टी लेने का अधिकार दिया गया है।हाल ही में स्पेन ने भी महिलाओं को पीरियड लीव देने का कानून लागू किया। लेकिन कई देशों में यह व्यवस्था विवादित भी रही है क्योंकि इससे महिलाओं की भर्ती में भेदभाव की आशंका बढ़ सकती है। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ यह सुझाव देते हैं कि पीरियड लीव को अनिवार्य कानून बनाने के बजाय कंपनियों को लचीली नीतियाँ अपनाने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि संतुलित नीति ही समाधान, मासिक धर्म अवकाश का मुद्दा महिलाओं के स्वास्थ्य समानता और रोजगार के अवसरों से जुड़ा एक जटिल विषय है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला यह संकेत देता है कि किसी भी सामाजिक नीति को लागू करने से पहले उसके दूरगामी परिणामों पर गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। महिलाओं को कमजोर या असहाय बताने के बजाय उन्हें सक्षम और स्वतंत्र नागरिक के रूप में देखना ही वास्तविक सशक्तिकरण है। भविष्य में संभव है कि सरकार व्यापक चर्चा के बाद ऐसी नीति तैयार करे जो महिलाओं के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखे और उनके रोजगार अवसरों को भी सुरक्षित रखे। अंततः महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य केवल विशेष सुविधाएँ देना नहीं बल्कि ऐसा समाज बनाना है जहाँ महिलाएं बिना किसी भेदभाव के अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ सकें। और यही वह संतुलन है जिसे बनाए रखना किसी भी आधुनिक लोकतंत्र की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

विचार

# फिल्म शतक है संघ की मौन साधना का दस्तावेज

*विवेक कुमार पाठक*

भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में कुछ संस्थाएँ ऐसी हैं जिनकी भूमिका विचार, संस्कार और समाज निर्माण की दीर्घ परंपरा तक व्याप्त है। ऐसा ही एक संगठन है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसकी स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में विजयादशमी के दिन की थी। सौ वर्षों की इस यात्रा को दृश्य माध्यम में समेटने का प्रयास करती फिल्म शतक एक विचार-यात्रा है। यह फिल्म उस संगठन की कहानी कहती है जो सामाजिक समरसता, राष्ट्रभाव और सेवा के संस्कारों को केंद्र में रखकर कार्य करता रहा है।

फिल्म का मूल स्वर संघ की उस मौन साधना को समझाने का है जिसे अक्सर सामान्य जन सतही तौर पर जानते हैं। संघ का दैनिक जीवन, शाखाओं में गूंजने वाला प्रार्थना गीत, भगवा ध्वज को गुरु मानने की परंपरा और स्वयंसेवकों के सेवा कार्य इन सबको फिल्म एक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करती है। विशेष रूप से यह दिखाया गया है कि कैसे संगठन समाज को जोड़ने, सांस्कृतिक चेतना जगाने और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने का प्रयास करता रहा है।

फिल्म की शुरुआत उस ऐतिहासिक दौर से होती है जब भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। उस समय की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों ने युवा डॉक्टर हेडगेवार को गहरे स्तर पर प्रभावित किया। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे उन्होंने समाज में बिखराव, आत्मविश्वास की कमी और सांस्कृतिक अस्मिता के संकट को महसूस किया। यही अनुभव आगे चलकर संघ की स्थापना के प्रेरक बने। शतक में हेडगेवार के जीवन को बाल्यकाल से लेकर उनके प्रौढ़ चिंतन तक विस्तार से दिखाया गया है, उनकी राष्ट्रभक्ति, संगठन क्षमता और समाज के लिए उनकी दूरदर्शी सोच फिल्म का प्रमुख आकर्षण है।

फिल्म यह भी बताती है कि प्रारंभिक वर्षों में संघ को व्यापक स्वीकृति तुरंत नहीं मिली। कई स्थानों पर उपहास, विरोध और संदेह का सामना करना पड़ा। यहाँ पर स्वामी विवेकानंद का वह विचार स्मरण होता है कि किसी भी बड़े विचार को पहले उपहास, फिर विरोध और अंततः स्वीकार्यता मिलती है। शतक इसी क्रम को ऐतिहासिक घटनाओं के माध्यम से सामने लाती है। धीरे-धीरे संघ की शाखाएँ बढ़ती हैं और संगठन सेवा, अनुशासन और सामाजिक समरसता के माध्यम से समाज में अपनी पहचान स्थापित करता है।

फिल्म का एक महत्वपूर्ण पक्ष स्वतंत्रता आंदोलन के दौर को लेकर है। इस समय विभिन्न विचारधाराओं और संगठनों की सक्रियता थी। फिल्म में यह संकेत मिलता है कि उस काल में कांग्रेस के भीतर भी अलग-अलग धाराएँ थीं और अनेक क्रांतिकारी विचार समानांतर रूप से सक्रिय थे। इस संदर्भ में सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह और विनायक दामोदर सावरकर जैसे नायकों का उल्लेख उस दौर की वैचारिक विविधता को दर्शाता है।

शतक का दूसरा महत्वपूर्ण अध्याय संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के नेतृत्व से जुड़ा है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे हेडगेवार के बाद उन्होंने संगठन को आगे बढ़ाया और कठिन परिस्थितियों में भी उसे स्थिर रखा। भारत विभाजन के समय उत्पन्न सामाजिक तनाव, डायरेक्ट एक्शन डे की हिंसक घटनाएँ और शरणार्थियों की पीड़ा इन सबके बीच स्वयंसेवकों के कार्यों को फिल्म में प्रमुखता से दिखाया गया है।

इसके साथ ही गांधीजी की हत्या के बाद संघ पर लगे प्रतिबंध और उसके परिणामों का चित्रण भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उस समय संघ को राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर गंभीर आरोपों का सामना करना पड़ा। शतक इस कालखंड को केवल घटनाओं के रूप में नहीं बल्कि एक परीक्षा-काल के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसमें संगठन ने अपने अस्तित्व और उद्देश्य दोनों की रक्षा करने का प्रयास किया।

फिल्म में उस दौर के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ वैचारिक संवादों का भी उल्लेख है जिनमें महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और वल्लभभाई पटेल




जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। इन प्रसंगों के माध्यम से फिल्म उस समय की राजनीतिक जटिलताओं और निर्णयों पर विचार करने का अवसर देती है। निर्देशक का उद्देश्य यहाँ किसी निष्कर्ष को थोपना नहीं बल्कि दर्शकों को इतिहास के विभिन्न पक्षों को देखने और समझने के लिए प्रेरित करना प्रतीत होता है।

सिनेमा के दृष्टिकोण से देखें तो शतक की सबसे बड़ी ताकत इसका नैरेटिव टोन है। फिल्म में प्रसिद्ध अभिनेता अजय देवगन की आवाज़ में दिया गया वॉयसओवर पूरे कथानक को गंभीरता और प्रभाव देता है। उनकी आवाज इतिहास की घटनाओं को केवल जानकारी नहीं रहने देती बल्कि उन्हें भावनात्मक अनुभव में बदल देती है।

संगीत भी फिल्म की आत्मा को मजबूत करता है। गायक सुखविंदर सिंह की आवाज़ में गाया गया गीत भगवा है अपनी पहचान फिल्म का भावनात्मक चरम बनकर सामने आता है। इस गीत के माध्यम से फिल्म संघ के सांस्कृतिक प्रतीक भगवा ध्वज को गौरव और पहचान के रूप में प्रस्तुत करती है। कई सिनेमाघरों में यह गीत दर्शकों के भीतर विशेष भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है। हालाँकि यह भी उल्लेखनीय है कि शतक संघ की सौ वर्ष की यात्रा को पूरी तरह समेटने का दावा नहीं करती। फिल्म मुख्यतः हेडगेवार और गोलवलकर के कालखंड पर केंद्रित है और संघ के तीसरे सरसंघचालक बालासाहेब देवरस तक की कहानी का संकेत देती है। इस तरह यह फिल्म सौ वर्षों की यात्रा का अर्धशतक दिखाती है और संकेत देती है कि आगे का इतिहास भविष्य में किसी अगले भाग में सामने आ सकता है।

फिल्म का एक महत्वपूर्ण गुण यह है कि यह दर्शकों को विचार करने के लिए प्रेरित करती है। चाहे संघ के समर्थक हों या आलोचक दोनों के लिए यह फिल्म इतिहास के एक पक्ष को समझने का अवसर प्रदान करती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, राजनीतिक निर्णयों की आलोचना और इतिहास की व्याख्या जैसे विषयों को फिल्म अप्रत्यक्ष रूप से उठाती है। यह दर्शक से अपेक्षा करती है कि वह तथ्यों को देखे, उन्हें तौले और फिर अपना निष्कर्ष स्वयं बनाए।

एक तरह से देखें तो शतक एक वैचारिक फिल्म है, जिसका उद्देश्य मनोरंजन से अधिक विचार और इतिहास को प्रस्तुत करना है। इसकी गति कहीं-कहीं धीमी लग सकती है, किंतु इसका महत्व एक दस्तावेजी महत्व के रूप में है। समग्र रूप से शतक आधुनिक भारत के सामाजिक-राजनीतिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय की सिनेमाई प्रस्तुति है। यह फिल्म उन लोगों के लिए विशेष रूप से रोचक है जो संघ के इतिहास, उसकी विचारधारा और उसके कार्यों को समझना चाहते हैं। संघ के समर्थकों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत हो सकती है, जबकि आलोचकों के लिए यह संवाद और विचार का अवसर प्रदान करती है।

अंततः कहा जा सकता है कि शतक एक ऐसी फिल्म है जो इतिहास, विचार और भावनाओं के संगम से बनी है। यह संघ के उन मौन तपस्वियों की कहानी कहती है जिन्होंने संगठन के माध्यम से समाज निर्माण का स्वप्न देखा। दर्शक इस फिल्म के साथ संवाद भी कर सकते हैं और शायद यही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

**(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं)**

साहित्य



## मैं विद्यार्थी नहीं, मज़दूर हूँ!


**गोलेन्द्र पटेल**

ओ कवियो! ओ लेखको!
किसके लिए लिख रहे हो?
मेरी दादी बन्नी-मजूरी करती थी
अब मेरी माँ करती है

मेरे दादा मज़दूर थे
मेरे पिता विकलांग हैं पर मज़दूर हैं
अतः मैं विद्यार्थी से अधिक मज़दूर हूँ
पुस्तक से अधिक पेट की चिंता है मुझे

जितनी छात्रवृत्ति मिलती है,
उससे काफ़ी अधिक है
उनकी एक किताब की कीमत
मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि

जिन्हें अपना गुरु मानता हूँ
उन्हें ख़रीद कर कभी नहीं पढ़ूँगा
और जिन्हें अपना शिष्य मानता हूँ
उन्हें अपनी किताब ख़रीदने नहीं दूँगा!



## राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# खाड़ी तनाव की आंच भारत तक : ईंधन और गैस आपूर्ति पर चिंता

*रोहित पारीक*

पिछले कुछ समय से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। तेल और गैस के बड़े उत्पादक देशों के बीच बढ़ते टकराव और क्षेत्रीय असुरक्षा के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका गहराती जा रही है। इसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों पर पड़ सकता है।

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। कच्चे तेल के मामले में देश लगभग 85 प्रतिशत तक आयात पर निर्भर है, जबकि एलपीजी और प्राकृतिक गैस का भी महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशों से आता है। इन आयातों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही प्राप्त होता है। ऐसे में यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ता है या समुद्री मार्गों पर खतरा पैदा होता है, तो भारत की ईंधन आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। हालांकि, ईरान ने भारत के ईंधन लदे जहाजों को अपनी सीमा के होर्मुज से सुरक्षित निकालने पर सहमति दी है, लेकिन जहाजों के भारत पहुंचने तक तो संकट बना रहेगा।

बड़ी बात यह है कि देश के कई राज्यों में घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर संकट देखा जा रहा है। गैस सिलेण्डरों के लिए एजेन्सियों के बाहर लंबी कतारें होने के समाचार आ रहे हैं। होटल-रेस्टारेंट और गैस आधारित उद्योगों के बुरी तरह प्रभावित होने की




सूचनाएं साझा हो रही है। हालांकि, सरकारें और प्रशासन अपने स्तर पर इस संकट से पार पाने और आमजन के दिलों में पैदा हुए डर को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आमजन के मन में बन रही संकट की तस्वीर मिट नहीं पा रही है।

हाल के दिनों में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि खाड़ी क्षेत्र में स्थिति और बिगड़ती है, तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा। इसके साथ ही गैस आधारित उद्योगों और बिजली उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है।

भारत सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का निर्माण किया है, ताकि आपातकालीन स्थिति में देश के पास कुछ समय तक ईंधन की उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा सरकार तेल आयात के स्रोतों को भी विविध बनाने की कोशिश कर रही है, ताकि किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम की जा सके।

ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को दीर्घकालिक समाधान के तौर पर वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन पर तेजी से काम करना होगा। इससे न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी।

हालांकि फिलहाल देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने भविष्य को लेकर चिंता जरूर बढ़ा दी है।

ऐसे समय में सरकार, ऊर्जा कंपनियों और नीति निर्माताओं के लिए यह जरूरी हो जाता है कि वे ऊर्जा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और किसी भी संभावित संकट से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार रखें।

कुल मिलाकर, खाड़ी देशों के बीच बढ़ता तनाव सिर्फ क्षेत्रीय राजनीतिक मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। भारत जैसे तेजी से विकसित हो रहे देश के लिए यह स्थिति एक चुनौती भी है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर भी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गायत्री गंगा घाट के सुंदरीकरण को ढहाने का मामला समाधान दिवस में पहुंचा

**हमीरपुर भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के श्री गायत्री गंगा घाट में चल रहे ध्वस्तीकरण का मामला 16वे दिन समाधान दिवस में पहुंचा। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि अगर बगैर टेंडर प्रक्रिया के नगर पंचायत कार्य करा रही थी तो अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए अन्यथा सुंदरीकरण को ढहाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। मामले की जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है कस्बे के श्री गायत्री गायत्री गंगा घाट में नगर पंचायत की ओर से सुंदरीकरण का कार्य जा रहा है। इसको कस्बे के निशांत सिंह ने गत 26 फरवरी को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया था। घटना के 16वें दिन कस्बे के समाजसेवी ओमप्रकाश उर्फ मधु महाराज सहित एक दर्जन तपोभूमि के भक्तों ने समाधान दिवस में पहुंचकर मामले की शिकायत करते हुए स्पष्ट किया है कि अगर नगर पंचायत नियम विरुद्ध टेंडर आदि के बिना कार्य करा रही थी तो नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। अन्यथा सुंदरीकरण को ढहाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। मामले की जांच के लिए टीम बनाई गई है। जिसमे राजस्व, पुलिस एवं नगर पंचायत के कर्मियों को शामिल किया गया है।

### युवती को बहला फुसला कर ले जाने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** मझिला थाना छेत्र से एक युवती को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने युवती के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित भाई के अनुसार उसकी 20 वर्षीय बहन को 10 मार्च को सुबह करीब 5.30 बजे जनपद बदायूं के थाना दातागंज के ग्राम कोली निवासी सतेंद्र कश्यप पुत्र कृष्णपाल बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध कब्जे के विरोध में मारपीट का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना छेत्र के ग्राम सैद पुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित वीरेंद्र सिंह पुत्र भईया लाल के अनुसार उसके सहन में पड़ी सरकारी भूमि को वह अपने बुजुर्गों के समय से उपयोग में ले रहा है। पडोसी विष्णू दयाल ने अपने पुत्रों रोहित और शोभित के साथ मिलकर 12 मार्च को उक्त भूमि पर मिट्टी डलवाना शुरू कर दिया। उसने विरोध किया। 13 मार्च की सुबह करीब सात बजे विष्णू दयाल की पत्नी और दोनों पुत्रों ने उसकी भूमि से आवारा जानवर निकाले। मना करने पर आरोपियों ने उसे गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### दुकान से सामान लेने गई किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी मोहल्ले की दुकान पर सामान लेने गई लेकिन वापस नहीं लौटी परिजनों ने गुमशुदगी की दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले पिता के अनुसार 12 मार्च को दोपहर 2:00 उसकी पुत्री मोहल्ले की दुकान पर सामान खरीदने के लिए गई थी लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। पिता के अनुसार उसने सभी नाते रिश्तेदारों और पुत्री की सहेलियों के यहां ढूंढा परंतु उसका कोई पता नहीं चल सकता। उसे अपनी पुत्री के साथ किसी अनहोनी घटना की आशंका है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

### युवक ने महिला पर दर्ज करवाई साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** एक युवक को महिला से मोबाइल पर दोस्ती करना और उससे बात करना महंगा पड़ गया। महिला ने दोस्ती करके मीठी-मीठी बातें की और अपने अकाउंट में 2 लाख 57 हजार ले लिए। कोतवाली के मोहल्ला होली कलां निवासी सत्यम श्रीवास्तव के अनुसार एक महिला ने दोस्त बनकर उसके साथ साइबर ठगी की। सत्यम श्रीवास्तव के अनुसार उसने क्रमशः महिला के खाते में 9000, 23,000, 25000, 80 हजार एवं ?50,000 अलग-अलग खातों में डाले। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ तो साइबर ठगी हुई है। सत्यम के अनुसार महिला का मोबाइल नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### एसडीएम ने किया इण्डेन गैस एजेंसी का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** घरेलू गैस की किल्ल्त से जूझ रहे लोगों को एसडीएम ने घरेलू गैस की कमी न होने देने का भरोसा दिलवाया है।एसडीएम अंकित तिवारी ने शनिबार को पाली रोड स्थित इण्डेन गैस एजेंसी का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। एसडीएम अंकित तिवारी ने उपस्थित गैस उपभोक्ताओं से कहा कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। अफवाहों में आकर अनावश्यक घरेलू गैस का स्टॉक न लगाएं जरूरत पर ही अपना सिलेंडर रिफिल करवाये। शाहाबाद में पर्याप्त घरेलू गैस उपलब्ध है सभी लोग बुकिंग कर घर पर ही गैस प्राप्त करें।उन्होंने गैस एजेंसी के संचालक को सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। किसी प्रकार की शिकायत आने पर अगर दोषी पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### जिले में एलपीजी गैस का कोई संकट नहीं, उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी में मिलेगी गैस : डीएम

**उरई (जालौन)।** जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर जनपद में संचालित गैस एजेंसियों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 35 गैस एजेंसी वितरकों के माध्यम से 3,52,748 घरेलू गैस कनेक्शनधारकों तथा 740 कामर्शियल कनेक्शनधारकों को गैस आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी एजेंसियां नियमानुसार होम डिलीवरी के माध्यम से गैस आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने विक्रय अधिकारी एचपीसीएल को निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं के पास ओटीपी नहीं पहुंच पाता है।

# मंहगाई के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**समृद्धि न्यूज़, मौदहा हमीरपुर।** देश में बढ़ती मंहगाई एवं गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए चार सूत्री मांगों का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी को सौंपा है।शनिवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में देश में बढ़ती मंहगाई व गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि को लेकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपरौस मौदहा को सौंपते हुए बताया की वर्तमान समय में देश में बढ़ती मंहगाई केंद्र सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। हाल ही में एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में हुई वृद्धि के कारण आम जनता सहित छोटे व्यापारी की परेशानी बढ़ गई है। देश के कई हिस्सों से होटल रेस्टोरेंट के बंद होने की खबर चिंताजनक है। वहीं आप पार्टी ने आरोप लगाते हुए बताया की अमेरिकी के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को लगभग आठ लाख करोड़ का वार्षिक नुक़सान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर ईरान पर हमलों और निर्दोष स्कूली बच्चों की मौत जैसे मामलों पर केंद्र सरकार की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति से घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल वापस लिए जाने, पेट्रोल और डीजल की कीमतों की नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू करने, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाने व महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार से स्पष्ट और जवाबदेही नीति घोषित करने की मांग की है। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद, त्रिलोक चंद, अत्रि यादव, इमामुद्दीन, रविशंकर, अरविंद शिवहरे, रामप्रकाश सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तमाम दावों के बाद गैस संकट से नहीं मिल रहा छुटकारा

**भरुआ सुमेरपुर।** मिडिल इस्ट में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न हुआ गैस सिलेंडर आपूर्ति का मामला तमाम प्रयासों के बाद पटरी में आता नहीं दिख रहा है कस्बे में गत 5 दिनों से उपभोक्ता सिलेंडर के लिए गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं। एजेंसी में लगातार सिलेंडर आने के बाद ग्राहकों को नहीं प्राप्त हो रहे हैं उधर ग्रामीण क्षेत्र के तीन एजेंसियों के 25000 ग्राहकों को पिछले 10 दिनों से सिलेंडर नहीं प्राप्त हो रहे हैं। इससे ग्राहक परेशान है। शासन प्रशासन के तमाम दावों के बाद गैस



सिलेंडर का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कस्बे की एकमात्र गैस एजेंसी में आपूर्ति प्रतिदिन हो रही है। इसके बाद ग्राहकों सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कस्बे की निवासी रेखा गौतम, अमित कुमार, शिवा गुप्ता, इंद्र कुमार, सियाप्यारी, राजेंद्र कुमार ने बताया कि बुकिंग होने के बाद उन्हें 5 दिन से सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। सुबह 9:00 बजे से एजेंसी के बाहर बैठे हैं। 1:00 बज गया है अभी तक सिलेंडर नहीं प्राप्त हुआ है देने का आश्वासन दिया जा रहा है। वहीं सुरौली के इंण्डेन गैस एजेंसी में 12 दिन बाद शनिवार को 356 सिलेंडर प्राप्त हुए हैं। छानी एवं इंगोहटा की एजेंसी में गैस सिलेंडर नहीं है।

## किसान सम्मान निधि का दिखाया गया लाइव प्रसारण

**भरुआ सुमेरपुर।** शुक्रवार को देर शाम विकासखंड कार्यालय सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में किसान सम्मान निधि समारोह का आयोजन करके प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण कराया गया शुक्रवार को देर शाम कृषि विभाग ने ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख जयनरायन की अध्यक्षता में किसान सम्मन निधि समारोह



का आयोजन कराकर किसानों को प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण सुनाया गया। इस मौके पर भाजपा नेता किशन व्यास, ग्राम प्रधान लालाराम यादव, रामखिलावन श्रीवास, कामता प्रसाद वर्मा, पूर्व प्रधान महेश चंद्र शिवहरे सहित किसान मौजूद रहे। बीज भंडार प्रभारी अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के बारे में दी गई जानकारियां

**मौदहा हमीरपुर।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के अंतिम दिन 'पोषण के साथ पढ़ाई 'थीम पर जानकारी देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल आधारित शिक्षा के माध्यम से सामाजिक -भावनात्मक विकास, तार्किक सोच, जिज्ञासा क्षमता के विकास के बारे में जानकारियां कस्बे के ब्लॉक सभागार में उपस्थित आंगनबाड़ियों को दी गई।राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ियों का प्रशिक्षण के अंतिम दिन बच्चों के



विकास के लिए पोषण के साथ खेल शिक्षा आधारित जानकारियां दी गई जिससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास सीखने की गतिविधियों के बारे में जानकारी मुख्य सेविका पूजा देवी द्वारा दिया गया बाल विकास परियोजना अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम बैच में लगभग 100 आंगनबाड़ियों का प्रशिक्षण थीम ,पढ़ाई के साथ पोषण, अभियान के तहत दिया गया। सोमवार 16 मार्च से दूसरे बैच के आंगनबाड़ियों के प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी।

## हाईवे पर साइकिल सवारों से भिड़ी बाइक



**भरूआ सुमेरपुर।** शनिवार को दोपहर करीब 1.30 बजे कस्बे के अंदर हाईवे में नौनिहालों के अचानक साइकिल मोड देने से हमीरपुर की ओर जा रहा बाइक सवार साइकिल से टकरा गया। इस घटना में साइकिल सवार दो नौनिहालों सहित बाइक सवार हाईवे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को मौके से गुजर रहे यातायात प्रभारी ने अपनी सरकारी गाड़ी से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

> तीन घायलों को यातायात प्रभारी ने पहुंचाया अस्पताल

हालत गंभीर होने पर सभी को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। कस्बे के वार्ड संख्या 16 के निवासी लक्ष्य 11 वर्ष पुत्र स्वर्गीय नीलू शिवहरे, ऋतिक 8 वर्ष पुत्र राम प्रकाश दोपहर करीब 1.30 बजे साइकिल से बस स्टॉप की तरफ से आ रहे थे। काली मंदिर के समीप इन्होंने पीडब्ल्यूडी स्टोर की तरफ को अचानक साइकिल मोड दी। इससे मौदहा की ओर से हमीरपुर की तरफ बाइक से जा रहा ललित यादव निवासी भदरस कानपुर साइकिल से टकरा गया और सभी हाईवे में गिरकर तडपने लगे। मौके से गुजर रहे यातायात प्रभारी हरवेंद्र यादव ने सभी घायलों को सरकारी गाड़ी से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रिफर किया गया।

### पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रथम दिवस 1450 अभ्यर्थी परीक्षा से रहे अनुपस्थित

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा का प्रथम दिवस जनपद में शांतिपूर्ण, नकल विहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने प्रथम एवं द्वितीय पाली में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

प्रथम दिवस प्रथम पाली में 2400 के सापेक्ष 1677 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 723 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 2400 के सापेक्ष 1673 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तथा 727 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 3,06,501 मामलों का हुआ निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** 14 मार्च 2026 शनिवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई काव्या सिंह ने बताया कि माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रीता कौशिक द्वारा आज दिनांक 14 मार्च 2026 दिन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री महेन्द्र नाथ, माननीय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विशम्भर प्रसाद,अपर जिला जज मनमोहन सिंह, श्रीमती कुसुम लता, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज यशपाल, समस्त न्यायिक अधिकारी, अध्यक्ष बार एसोसिएशन जय प्रकाश त्रिवेदी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल व बैंक अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओ, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं वादों का निस्तारण कराया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव काव्या सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों द्वारा 4546 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराधिकार प्रकृति के 10 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के 257 वाद, पारिवारिक मामलों के 48 वाद,स्थाई लोक अदालत के 6, फौजदारी के 4190 वाद, विभिन्न प्रकृति के 160 एवं जिला प्रशासन द्वारा 6751 वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते व अभिस्वीकृति के आधार पर किया गया।

## मंडल प्रशिक्षण शिविरों को कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन के गुर बताये

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने जनपद के 19 मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है इसी क्रम में माधौगढ़ व ईंटों मंडल के प्रशिक्षण का आज समापन हो गया एवं कोंच नगर का प्रशिक्षण सत्र आज प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण वर्ग को 7 सत्रों के माध्यम से मंडल में निवास करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें सरकार की उपलब्धियां वैचारिक अधिष्ठान इतिहास विकास कार्य पद्धति बूथ प्रबंधन कार्य विस्तार सोशल मीडिया जैसे विषयों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया वर्ग में सभी कार्यकर्ताओं को 24 घंटे रुक कर प्रशिक्षण दिया गया है। ईंटों



मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम सत्र को बूथ प्रबंधन विषय के बारे में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव ने कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। माधौगढ़ मंडल में विधायक मूलचंद निरंजन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शतक फिल्म पदाधिकारी के साथ ईंटों मंडल में देखी पार्टी का उद्देश्य भारत का पुनर्निर्माण समाज का जन जागरण कर इसे सशक्त समृद्ध एवं एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है कार्यक्रम के जिला संयोजक महामंत्री अग्निवेश चतुर्वेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष उदयन पालीवाल रामलखन औदीच्य, मंडल अध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, कमला पथ कुशवाहा एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दोनों मंडलों में उपस्थित रहे।

## बहू की हत्या करने वाले जेठ को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** कछौना थाना के ग्राम प्रतापपुर मजरा टिकारी में एक शराबी जेठ ने तमंचे से अपने छोटे भाई की पत्नी की पीठ में गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में घायल कर तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त विवरण मे 13 मार्च की शाम करीब 7 बजे थाना कछौना पर सूचना प्राप्त हुई की मंजू पत्नी रामसेवक उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम प्रतापपुर मजरा टिकारी को उनके जेठ राजकुमार पुत्र चेतराम द्वारा पीठ में गोली मारकर घायल कर दिया गया। परिजनों द्वारा घायल महिला को उपचार हेतु सीएचसी कछौना ले जाया गया । जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। इस सम्बन्ध में



मृतका के पति रामसेवक पुत्र चेतराम की तहरीर पर उसके बड़े भाई राजकुमार पुत्र चेतराम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस हत्यारोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी।मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि हत्यारोपी थाना क्षेत्रान्तर्गत सुठेहना फाटक की तरफ आने वाला है जो लखनऊ जाने की फिराक में है। इस सूचना पर थाना कछौना के प्रभारी अमित सिंह और पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गयी। तभी एक व्यक्ति सुठेहना फाटक की ओर से पैदल आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया। उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी की गयी। उक्त व्यक्ति द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें हत्यारोपी राजकुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम प्रतापपुर मजरा टिकारी थाना कछौना बांए पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 खोखा कारतूस बरामद किये गए है।

# उपनिरीक्षक परीक्षा केंद्रों का किया गया सघन निरीक्षण

> उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जायजा लिया। जनपद में आयोजित उप निरीक्षक सीधी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस , प्रशासनिक अमले के साथ विभिन्न परीक्षाकेंद्रों का सघन



निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, तैनाती एवं उनके द्वारा निभाए जा रहे दायित्वों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए पूरी सजगता के साथ कार्य करें। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं नियंत्रित बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### आग से पत्नी को बचाने के प्रयास में झुलसे सेना के जवान की भी मौत

**रामपुरा (जालौन)।** पत्नी को आग की लपटों से बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसे भारतीय सेना के जवान की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को जब जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ऊमरी नगर पहुंचा तो पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। सेना के जवानों और पुलिस अधिकारियों ने पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर निवासी भारतीय थल सेना के जवान बृजेंद्र सिंह जोधावत अवकाश पर अपने घर आए हुए थे।

## डीवी कॉलेज उरई पर एम.एड. छात्र को डिग्री न देने का गंभीर आरोप, छह साल से छात्र परेशान

**उरई (जालौन)।** स्थानीय दयानन्द वैदिक कॉलेज, जो बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से सम्बद्ध है, पर एक अनुसूचित जाति के छात्र के साथ अन्याय और लापरवाही बरतने का गंभीर मामला सामने आया है। कॉलेज के एम.एड. विभाग पर आरोप है कि उसने एक छात्र को उसकी पढ़ाई पूरी करने के छह साल बाद भी डिग्री नहीं दी है, साथ ही उसके साथ जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न भी किया गया। छात्र विनोद कुमार, पुत्र नरेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम ऐदलपुर, जनपद जालौन ने बताया कि उनका दाखिला सत्र 2017-19 में एम.एड. पाठ्यक्रम में हुआ था। अनुसूचित जाति के छात्र होने के कारण उनका चयन सरकार द्वारा निर्धारित शून्य शुल्क कोटे के तहत हुआ था। उनका आरोप है कि जब पहले वर्ष में तो कॉलेज ने कोई फीस नहीं ली, लेकिन दूसरे वर्ष में उन्हें पूरी फीस जमा करने के लिए बाध्य किया गया। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण जब विनोद पर फीस जमा करने का दबाव बढ़ा, तो उन्होंने इसकी शिकायत माननीय कुलाधिपति और जिलाधिकारी से की। यह मामला स्थानीय अखबारों में भी छपा। इससे नाराज होकर, तत्कालीन विभागाध्यक्ष एम.एड. डॉ. सुरेन्द्र कुमार यादव और क्लर्क रामजी समाधिया ने विनोद को धमकी दी कि यदि उन्होंने सुलहनामा नहीं लिखा तो उनका भविष्य खराब कर दिया जाएगा। विवश होकर विनोद ने उस समय सुलहनामा लिख दिया था। इतना ही नहीं, विनोद का आरोप है कि दूसरे वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा में विभागाध्यक्ष ने जातिगत भेदभाव करते हुए उन्हें जानबूझकर केवल पासिंग मार्क्स दिए। जबकि लिखित परीक्षा में उनसे कम अंक पाने वाले अन्य छात्रों को प्रायोगिक परीक्षा में उनसे अधिक अंक दिए गए। उन्होंने इसकी जाँच के लिए सभी छात्रों की मार्कशीट देखे जाने की माँग की है। सबसे बड़ी समस्या डिग्री को लेकर है। विनोद ने बताया कि वह पिछले 6 साल से डिग्री पाने के लिए कॉलेज के चक्कर लगा रहे हैं। बहुत मिन्नतों के बाद उन्हें मार्कशीट तो दे दी गई, लेकिन डिग्री आज तक नहीं दी गई। जब भी वह कॉलेज जाते हैं, कर्मचारियों द्वारा उन्हें ष्डिग्री अभी नहीं आई है, घर आ जाएगी या कल आना, जैसे बहानों से टाल दिया जाता है।

# भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर ओवरलोड वाहनों का कहर जारी

**जांच न होने से धड़ल्ले से गुजर रहे ट्रक-ट्राले, सड़क बदहाल, हादसों का खतरा बढ़ा**

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर ओवरलोड वाहनों का संचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के कारण इस मार्ग पर क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर ट्रक और ट्राले धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। हालत यह है कि ओवरलोडिंग की जांच करना तो दूर, संबंधित विभाग इन वाहनों पर नजर डालना भी जरूरी नहीं समझ रहे हैं। इससे सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इस मार्ग से प्रतिदिन गिट्टी, मौरंग, बालू और अन्य व्यापारिक सामान से लदे भारी वाहन गुजरते हैं। यह सड़क कानपुर, फतेहपुर और बांदा जैसे बड़े जिलों को जोड़ती है, जिसके चलते यहां पहले से ही भारी वाहनों का दबाव रहता है। इसके बावजूद कई वाहन निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर चलते हैं, जिससे सड़क तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है।

रोजा गांव स्थित बलरामपुर चीनी मिल के आसपास ओवरलोडिंग का नजारा खुलेआम देखा जा सकता है। यहां गन्ना ढुलाई के लिए ट्रकों और ट्रालों पर तय मानकों से अधिक गन्ना लादा जाता है। कई वाहनों की ऊंचाई और चौड़ाई भी मानक से अधिक होती है, लेकिन परिवहन विभाग या



अन्य जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होती। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क जल्दी ही गड्ढों में तब्दील हो जाती है। मरम्मत के नाम पर सरकारी धन खर्च होता है, लेकिन कुछ ही महीनों में सड़क फिर खराब हो जाती है। भारी ट्रकों के दबाव से सड़क की सतह धंस रही है, जिससे आए दिन दोपहिया और चारपहिया वाहनों के फिसलने और पलटने की घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों के मुताबिक अधिकांश ओवरलोड वाहन रात के समय निकलते हैं, ताकि जांच से बचा जा सके। मार्ग पर न तो कोई स्थायी चेकपोस्ट है और न ही मोबाइल जांच टीम सक्रिय दिखाई देती है। इससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं और वे नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

**ग्रामीणों ने की सख्ती की मांग**

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग और रोजा गांव स्थित चीनी मिल के आसपास स्थायी जांच चौकी स्थापित कर नियमित चेकिंग कराई जाए। साथ ही ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क की स्थिति सुधर सके और हादसों पर रोक लग सके।

# कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिरौली में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासन की मंशा के अनुरूप उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। उपस्थित शिक्षकों ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटिका और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग की दौड़ में विपिन और सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की दौड़ में अनिल और महिमा विजेता रहे। प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर कक्षा 5 की छात्रा सुनैना और जूनियर स्तर पर प्रिया गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, राहुल, राहुल गुप्ता, दुर्गेश वर्मा, सुमन सिंह, विजय सिंह यादव, शैलेंद्र कुमार, सौरभ वर्मा, अनुदेशक कुलदीप सिंह त्यागी और शिक्षामित्र विनोद कुमार उपस्थित रहे।

## पागल कुत्ते के हमलों से क्षेत्र में हड़कम्प

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** स्थानीय नगर पंचायत के सुमेरगंज वार्ड में गुरुवार सुबह एक पागल कुत्ते के हमले से इलाके में हड़कंप मच गया। कुत्ते ने दो बच्चों सहित पांच लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद घबराए लोगों ने एकत्र होकर कुत्ते को लाठियों से पीटकर मार डाला। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब आठ बजे कक्षा सात का छात्र शिवांश विद्यालय जाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर उसके पैर में काट लिया और भाग गया।

परिजन जब तक छात्र को उपचार के लिए ले जाने की तैयारी करते, तब तक वही कुत्ता सुमेरगंज निवासी वैष्णवी पर भी टूट पड़ा और उसे घायल कर दिया।

# नाबालिक बालिका लापता, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद बाराबंकी के हैदरगढ़ कस्बे में उस समय हलचल मच गई जब नगर पंचायत क्षेत्र से एक 13 वर्षीय बालिका घर से अचानक लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर पिता ने पुलिस में तहरीर देकर बेटी की खोजबीन की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार

कोतवाली हैदरगढ़ के वार्ड पूरे मितई/लिल्हौरा क्षेत्र में 13 मार्च 2026 को शाम करीब 5 बजे घर से अचानक लापता हो गई।

परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक कपिल देव यादव को सौंपी गई है। जब इस पूरे मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बालिका की तलाश के लिए 6 सदस्यीय टीम गठित की गई है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस संभावित स्थानों पर छानबीन कर रही है और जल्द ही बच्ची का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। टीम में स्वाट टीम, सर्विलांस टीम सहित कई अन्य पुलिस कर्मी मौजूद है। इधर परिजनों का कहना है कि बच्ची के अचानक गायब होने से पूरा परिवार बेहद चिंतित है। और लगभग 18 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हांथ खाली हैं वहीं पुलिस ने भी क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और जल्द से जल्द बच्ची का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने सार्वजनिक अपील भी की है। यदि किसी को भी विटिया के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या परिजनों को सूचना दें, ताकि बच्ची को सुरक्षित उसके परिवार तक पहँचाया जा सके।

## शिक्षक के निधन से शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सिद्धौर क्षेत्र के नूरपूर निवासी व पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ से वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक पं0 भगौती प्रसाद का उनके घर पर गत शुक्रवार को निधन हो गया । उनके निधन पर हैदरगढ़ में हुई शोकसभा में सेवानिवृत्त शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। पं सिद्धनाथ त्रिपाठी, माता बदल, हरिश्चंद्र तिवारी, ओम प्रकाश अवस्थी,रमेश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

# विधवा महिला की दयनीय स्थिति देखकर हर कोई भावुक

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत रामसनेहीघाट के धरौली वार्ड संख्या-5 में रहने वाली एक विधवा महिला की दयनीय हालत ने लोगों को भावुक कर दिया है। पति की मौत के बाद चार मासूम बेटियों के साथ यह महिला तिरपाल के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर है। गरीबी और बेबसी का आलम यह है कि हर दिन उसके लिए संघर्ष की नई कहानी बन जाता है।

धरौली वार्ड संख्या-5 निवासी मंजू के पति स्वर्गीय सतनाम की लगभग एक वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पति के निधन के साथ ही परिवार का सहारा भी खत्म हो गया। चार छोटी-छोटी बेटियों की जिम्मेदारी अब अकेले मंजू के कंधों



पर आ गई। न ससुराल से कोई मदद मिली और न ही मायके से कोई सहारा। मजबूरी में मंजू मजदूरी कर किसी तरह बेटियों का पेट पाल रही है और जीवन की गाड़ी खींच रही है।

सबसे बड़ी समस्या सिर पर छत की है। रहने के लिए पक्का घर न होने के कारण मंजू अपनी चारों बेटियों के साथ तिरपाल के सहारे जीवन बिता रही है। बरसात में पानी टपकता है, ठंड में सर्द हवाएं कंपा देती हैं और गर्मी में तपती धूप से बचने का भी कोई ठिकाना नहीं।

# पचास हजार का इनमिया बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्वाट व थाना असन्द्रा की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामिया बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 13-14 की रात्रि को स्वाट व थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु गश्त/चेकिंग की जा रही थी कि कन्धवापुर मोड़ के पास सिद्धौर से रामसनेहीघाट हाइवे की ओर मोटर साइकिल से एक संदिग्ध आता दिखायी दिया, इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई जिससे प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 अंकित



त्रिपाठी के कान के पास से गोली सनसनाती निकल गयी जिससे वह बाल-बाल बच गए। पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग में संदिग्ध अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी सिद्धौर भेजा गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रूपेन्द्र उर्फ सूरज सिंह पुत्र पुत्तन सिंह निवासी देवरी रुखारा थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ के रूप में हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त रूपेन्द्र उर्फ सूरज सिंह उपरोक्त थाना जहांगीराबाद में पंजीकृत मु.अ.सं.-20/2026 धारा 310 (2) / 317 (3) बीएनएस में वांछित था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त के विरुद्ध जनपद बाराबंकी, लखनऊ, में डकैती/चोरी/अवैध शस्त्र बरामदगी/गैंगस्टर एक्ट आदि से सम्बन्धित कुल 11 अभियोग पंजीकृत हैं।

## खबरें एक नजर में

### दिहाड़ी मजदूरों की पत्नियों को वित्तीय सहायता दे रही सरकार

**अमेठी , समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अंतर्गत किसी भी गरीब मजदूर परिवार में पहली बार गर्भधारण करने वाली पात्र महिलाओं को वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है। आज देश में अधिकांश महिलाओं को अल्पपोषण का सामना करना पडता है। समाज में अक्सर आर्थिक एवं सामाजिक तंगी के कारण मजदूरी करने वाली कई गरीब महिलायें अपनी गर्भावस्था के आखिरी दिनों तक अपने परिवार के लिए जीविका अर्जित करना जारी रखती हैं। इसके अलावा वे बच्चे को जन्म देने के बाद, स्वस्थ होने से पहले काम करना शुरू कर देती है, जबकि उनका शरीर इसके लिए तैयार नहीं रहता। इस तरह आर्थिक परेशानी के कारण धात्री महिलायें पूरी तरह स्वस्थ भी नहीं हो पाती और अपने शिशु को स्तनपान कराने में समर्थ भी नहीं हो पाती है। इससे माँ और शिशु दोनों कमजोर रहते हैं और विभिन्न रोग घेरने लगते हैं। महिलाओं की इन्हीं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक जनवरी, 2017 से प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना का शुभारम्भ किया है। इस योजना के अंतर्गत जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य संबंधी विशिष्ट शर्तों की पूर्ति पर पर्याप्त पोषण हेतु पहली बार गर्भधारण करने वाली गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के खातों में रू0 6000/- प्रोत्साहन स्वरूप दिया जाता है।

### वैज्ञानिक के घर पहुंचे सपा सांसद का हुआ गर्मजोशी से स्वागत



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद के अमेठी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विदित हो जगदीशपुर के निशूरा जनदीशपुर वैज्ञानिक इंदु कुमार पाठक के आवास पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद के पहुंचते ही समर्थकों में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया और नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में लोगों ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी उम्मीदें भी जाहिर की हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में शनिवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

### एयरटेल के मोबाइल टावर में लगी आग, जला उपकरण

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अजपुरा मे लगे एयरटेल कंपनी के टॉवर के सेंटरहोम मे अज्ञात कारणों से आग लग गई और कई बेशकीमती मशीनरी जलकर खाक हो गई।आसपास के दुकानदार अतुल,रामनरायण, राजेश वर्मा के अनुसार आग लगने की जानकारी तब हुई जब सेंटरहोम से ऊँची ऊँची लपटे और तेज धुँआ निकल रहा था।आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और लोग भाग खड़े हुए क्योंकि सेंटर होम के अंदर बैटरी बैंक भी रखा था जो अधिक तापमान के चलते ब्लास्ट भी हो सकती थी।टॉवर की देखरेख कर रहें गुड्डू वर्मा ने घटना की जानकारी क्षेत्रीय अधिकारी को दी।जिसके बाद मौके पर पहुँचे अधिकारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।तब तक काफ़ी नुकसान हो चुका था और महंगी बेशकीमती मशीने जल चुकी थी।

# 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम में बीईओ व ब्लाक प्रमुख ने बताया नई शिक्षा नीति

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड बनीकोडर के बीआरसी कोटवा सडक़ में ÷हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय के निर्देशन में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख उर्मिला वर्मा, विशिष्ट अतिथि शशिकांत वर्मा तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी अंजू गोस्वामी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, बच्चों को उनकी मातृभाषा में भाषा व अंक ज्ञान की सरल समझ विकसित करने तथा पूर्व प्राथमिक शिक्षा को रुचिपरक और आनंदमय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बाल वाटिका के शिक्षकों एवं बच्चों को सम्मानित भी किया गया।



इस अवसर पर अतिथियों में नरेंद्र प्रकाश मिश्र, मृगांक शेखर मिश्र, सूर्य प्रकाश वर्मा, अरविंद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, राजेश सिंह, दिग्विजय पांडेय एवं पूर्व एआरपी अतुल गुप्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में एआरपी व ब्लॉक रिसोर्स पर्सन राघवेंद्र प्रताप सिंह, अनिल वर्मा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, अनिल कुमार, नोडल संकुल शिक्षक अंकित तिवारी, राजीव साहू, अनीता चौधरी, जागृति सिंह, ज्योति सहित समस्त बाल वाटिका नोडल शिक्षक, स्पेशल एजुकेटर तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



### डीएम और एसपी ने थाना कमलापुर में की जनसुनवाई

सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना कमलापुर में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. मौर्या ने जिला अस्पताल में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिससे सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की। इसके बाद उन्होंने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर पीड़ित महिलाओं से बातचीत की और उनके मामलों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को महिलाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गौरीगंज में छात्राओं से संवाद करते हुए उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं को चॉकलेट भी वितरित की गई। आंगनबाड़ी केंद्र रायपुर फुलवारी में उन्होंने पोषण कार्यक्रमों की जानकारी ली और उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में शनिवार को थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त करन पुत्र राम शरण निवासी पूरे पाण्डेय मजरे सवितापुर थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज, उ.नि. जगतपाल सिंह, का. शिवम राठौर व का. प्रमोद यादव शामिल रहे।

# एसपी ने एसआई परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद में प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के प्रथम दिन शनिवार को परीक्षा केन्द्र रणवीर इण्टर कॉलेज अमेठी, आरआरपीजी कॉलेज अमेठी, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज अमेठी, रणन्जय इण्टर कॉलेज गौरीगंज व पुलिस कार्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।



प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं एचएचएमडी (हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अन्दर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। केन्द्र के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यातायात सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात अधिकारी कर्मचारी गण को सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करते हुए निर्देशित किया गया ।

# सचिव पर फर्जी भुगतान का आरोप, जांच की उठी मांग

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद सीतापुर में एक ओर जहां जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ ग्राम पंचायतों में तैनात कर्मचारी सरकारी धन का दुरुपयोग करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विकास खंड रेउसा की ग्राम पंचायत काशीपुर से सामने आया है, जहां तैनात सचिव संतराम पटेल पर मजदूरी के नाम पर फर्जी भुगतान करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार सचिव संतराम पटेल के द्वारा ग्राम पंचायत काशीपुर में एक व्यक्ति ललित कुमार मिश्रा के खाते में लगभग ढाई लाख रुपये का भुगतान मजदूरी के नाम पर दर्शाया



गया है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में मजदूरों के लिए प्रतिदिन की मजदूरी लगभग 251 रुपये निर्धारित की गई है। इस दर के अनुसार यदि कोई मजदूर पूरे वर्ष भी कार्य करे तो इतनी बड़ी राशि का भुगतान होना संभव नहीं है। बताया जा रहा है कि यह भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में 15वें वित्त आयोग और 5वें वित्त की मद से किया गया है। लगातार एक ही व्यक्ति के खाते में इतनी बड़ी रकम का भुगतान होने से ग्राम पंचायत में फर्जीवाड़े की आशंका और भी मजबूत हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव संतराम पटेल ने ग्राम प्रधान के साथ मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है और विकास कार्यों के नाम पर सरकारी खजाने को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया है।

गौरतलब है कि सरकार का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देना और मजदूरों को उनका उचित पारिश्रमिक दिलाना है। लेकिन यदि इसी प्रकार कागजों पर मजदूरी दिखाकर भुगतान किया जाता रहा तो सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

### उप निरीक्षक नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती-2025 केन्द्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 के दृष्टिगत डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जनपद के आरएमपी इंटर कॉलेज सीतापुर, पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्नाकोत्तर महाविद्यालय खैराबाद एवं राजा बहादुर डॉक्टर सूर्य बॉक्स सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी, स्ट्रांग रूम, पेयजल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की चेकिंग, शौचालय तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधान के सगे संबंधियों की फर्मों पर लगा भुगतान, नोटिस जारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में पंचायतों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के सरकारी दावों के बीच विकासखंड बिसवां की ग्राम पंचायत शिवथाना से एक गंभीर मामला सामने आया है। यहां ग्राम प्रधान के सगे संबंधियों की फर्मों पर भुगतान किए जाने की शिकायत जांच में सही पाई गई है। मामले में जिलाधिकारी ने प्रधान को नोटिस जारी की थी, लेकिन प्राप्त जवाब को संतोषजनक नहीं माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पूर्व जिलाधिकारी अनुज सिंह के कार्यकाल में स्पष्ट आदेश जारी किया गया था कि किसी भी ग्राम पंचायत में सचिव, प्रधान या ब्लॉक के कर्मचारियों के सगे संबंधियों की फर्मों या खातों पर भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद ग्राम पंचायत शिवथाना में





सचिव और ग्राम प्रधान द्वारा कथित रूप से इस आदेश की अनदेखी करते हुए प्रधान के परिजनों व सगे संबंधियों की फर्मों पर भुगतान लगाए जाने का मामला सामने आया।

इस संबंध में ग्रामीणों ने शपथ पत्र के माध्यम से शिकायत जिलाधिकारी से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए टीम गठित की। आदेश संख्या 4285 दिनांक 23 नवंबर 2024 के तहत जिला पूर्ति अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया गया। जांच अधिकारी द्वारा की गई पड़ताल के बाद पत्रांक संख्या 1475 दिनांक 30 सितंबर 2025 के माध्यम से ग्राम पंचायत शिवथाना, विकासखंड बिसवां की जांच आख्या प्रस्तुत की गई। जांच रिपोर्ट के अवलोकन में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितताएं और नियमों की अनदेखी सामने आई। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने पत्रांक संख्या 8316 दिनांक 17 नवंबर 2025 को ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार अवस्थी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा।

# भव्य शुभारंभ के साथ शुरू हुआ कन्नौज इत्रोत्सव-2026

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

- प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी व राज्यमंत्री असीम अरुण ने किया उद्घाटन
- तीन दिन तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रदर्शनी की धूम



ऐतिहासिक बोर्डिंग ग्राउंड में शनिवार को तीन दिवसीय कन्नौज इत्रोत्सव-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी और समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सूचना विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी, इत्र स्टॉल, फूड स्टॉल तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राधा रानी ब्रज संस्कृति कला समिति मथुरा के भजन, नृत्यांजलि फाउंडेशन लखनऊ की रामायण व गंगावतरण नृत्य नाटिका ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि कन्नौज सदियों से इत्र की राजधानी के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध है और यहां के कारीगरों की कला ने इसे विशेष पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि इत्रोत्सव के माध्यम से कारीगरों, व्यापारियों और उद्यमियों को मंच मिलेगा तथा कन्नौज के इत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

वहीं राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह आयोजन कन्नौज की सांस्कृतिक विरासत और इत्र उद्योग को नई ऊंचाई देगा तथा भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के महोत्सव के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# कृष्ण की बाल एवं गोवर्धन लीला सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



ग्राम असालतनगर, ढकुरैया रोड (धान मील के पास) में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य प्रखर द्विवेदी ने श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया।

आचार्य श्री ने भगवान श्री कृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए उनके बचपन की लीला-प्रसंगों को जीवंत किया। साथ ही गोवर्धन लीला का बखान करते हुए बताया कि कैसे भगवान ने गोवर्धन पर्वत को उठाकर वृंदावनवासियों की रक्षा की और इंद्र के अहंकार को चूर किया। उनके प्रवचन से श्रोता भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गए। कथा में परीक्षित की भूमिका श्रीमती राजकुमारी एवं श्री राधेश्याम गुप्ता ने निभाई। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक चल रही है, जो 16 मार्च को विराम लेगी। 17 मार्च को हवन-पूर्णाहुति एवं भंडारे का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर सर्वेश गुप्ता (रंगपुर वाले), अरविंद गुप्ता (कोटा डीलर), पवन, रामू, रमन, रवी, अभिषेक, ओम, शुभ, प्रेरणा सहित समस्त परिवार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# एनुअल स्पोर्ट्स कार्निवाल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



गीतापुरम कॉलोनी, फर्रूखाबाद रोड स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स कार्निवाल की प्रतियोगिताओं में पीजी से लेकर कक्षा पाँचवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पीजी कक्षा के विद्यार्थियों ने जंप एंड हिट द बॉल और रन एंड विनर, नर्सरी के बच्चों ने थ्रो बॉल्स इन सर्कल, एलकेजी के बच्चों ने रिपोर्ट नंबर्स इन सर्कल, आई फोकस एंड बैलेंसिंग और क्रॉस द हर्डल और यूकेजी के बच्चों ने ग्रैब कलर बॉल्स और बुक रेस में भाग लिया। कक्षा प्रथम के बच्चों ने पासिंग द बॉल, म्यूजिकल चेयर और लेमन एंड स्पून रेस, कक्षा द्वितीय के बच्चों ने खो-खो, रन विद सैक, रन विद हुलाहूप और टग ऑफ वॉर, कक्षा तृतीय के बच्चों ने स्विच चेयर, हेड टू हेड बॉल बैलेंसिंग, टग ऑफ वॉर और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विद्यालय के निदेशक हिमांशु वर्मा ने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सह-पाठयक्रम गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# इस बार चैत्र नवरात्र पर खरमास और पंचक की छाया

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 19 मार्च गुरुवार से आरंभ होकर 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी के साथ समाप्त होंगे। इन्हें वासंतिक नवरात्र भी कहा जाता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष का प्रारंभ माना जाता है, क्योंकि पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि की रचना हुई थी।

पंडित विशाल दीक्षित ने बताया कि सामान्यतः नवरात्र में गृह प्रवेश, मुंडन, विवाह पक्का करना जैसे शुभ कार्य किए जाते हैं, लेकिन इस बार स्थिति अलग है। सूर्य का गोचर मीन राशि (बृहस्पति की राशि) में होने से खरमास चल रहा है, जिसमें शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। हालांकि नवरात्र को शुभ मानकर कुछ लोग



नए कार्य शुरू कर देते हैं, पर विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि से बचना चाहिए, क्योंकि नकारात्मक परिणाम आ सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पंचांग के अनुसार 16 मार्च शाम 6:14 बजे से पंचक शुरू हो रहा है, जो 20 मार्च तक चलेगा। इसलिए नवरात्र की शुरुआत 19 मार्च को पंचक काल में ही होगी, जिससे शुभ मुहूर्तों की कमी बनी रहेगी।

# बालिका कबड्डी टीम ने जीती जोन स्तरीय प्रतियोगिता

- कन्नौज जिले का नाम किया रोशन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत ग्रामीण खेल लीग की जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कन्नौज जिले की जूनियर बालिका कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाया है।

झांसी में आयोजित इस प्रतियोगिता में डीके स्पोर्ट्स अकादमी, छिबरामऊ द्वारा प्रशिक्षित टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। कई वर्षों से भाग लेने के बावजूद जीत से दूर रही कन्नौज की टीम इस बार डीके स्पोर्ट्स अकादमी के कोच दुर्गेश कुमार के कठोर अभ्यास से निखरी। सेमीफाइनल में इटावा को हराकर फाइनल में पहुंची टीम ने निर्णायक मुकाबले में ललितपुर को 17 अंकों के अंतर से मात देकर प्रतियोगिता जीत ली। वहीं सीनियर बालिका टीम उपविजेता रही। कोच दुर्गेश कुमार और बीडीओ सौरभ व आकाश ने बताया कि खिलाड़ियों ने बार-बार हार का सामना किया, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। गिरकर भी उठे और मेहनत जारी रखी। आखिरकार उनकी लगन रंग लाई और कन्नौज को कई साल बाद यह उपलब्धि मिली। अब यह जूनियर टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मेरठ में उतरेगी, जहां और बड़ी सफलता की उम्मीद है।

# कड़ी निगरानी में हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा, डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



कन्नौज। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा का पहला दिन शनिवार को जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने सबसे पहले पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और निगरानी व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बासुदेव सहाय इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंद नगर, पीएसएम पीजी कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज और के.के. इंटर कॉलेज कन्नौज का निरीक्षण किया। इस दौरान अभ्यर्थियों की जांच, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि दूसरे दिन भी परीक्षा को निष्पक्ष और नकलविहीन कराने के लिए सघन जांच और सीसीटीवी निगरानी जारी रहेगी।

# वादकारियों के चेहरे पर खिली मुस्कान

- वाह्य न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



यहां के वाह्य न्यायालय परिसर में लोक अदालत का शुभारंभ न्यायिक अधिकारियों और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। बड़ी संख्या में वाद निस्तारित होने से वादकारियों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुपम कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर लोक अदालत को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से मामलों का निस्तारण कर न्यायालयों में लंबित वादों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। इससे वादकारियों को त्वरित और सुलभ न्याय मिलता है। इस अवसर पर सिविल जज नंदनी उपाध्याय, अपर सिविल जज अंकुश श्रीवास्तव, बार एसोसिएशन के महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे, उपाध्यक्ष दिनेश चन्द्र यादव, विनीत त्रिपाठी, वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य फहीमुज्जमा खां, अमित दुबे, संयुक्त सचिव प्रशासन नरेंद्र शाक्य, पुस्तकालय अध्यक्ष अजय सक्सेना, प्रशासनिक सदस्य ललित दुबे, अवनीश वर्मा, आलोक दीक्षित, योगेंद्र सिंह, सुशील पांडेय, अभिषेक दुबे, रावेन्द्र शाक्य, पुष्पेंद्र सहित अन्य अधिवक्ता, कर्मचारी एवं वादकारी मौजूद रहे।

# सडक़ हादसे की रिपोर्ट दर्ज

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र के नगला लीटा गांव निवासी दामिनी पुत्री ध्रुव सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे उसकी बहन मानसी नवीन मंडी जीटी रोड स्पेयलर की दुकान के सामने तेल लेकर अपने घर जा रही थी, तभी बेवर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसके टक्कर मार दी, जिसमें उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई और बेहोश होकर वहीं गिर पड़ी। उसकी बुआ आरती ने उसे सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे हैलट अस्पताल कानपुर ले गए। हालत में सुधार न होने पर कल्यानपुर के प्राइवेट अस्पताल में उसे भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# आखिरत की तैयारी में जुटें मुसलमानः मुफ्ती रिजवान



- अल्लाह के बताए रास्ते पर चलें मुसलमान

समधन, समृद्धि न्यूज। दुनियावी माहौल में जरुरी कामो मे समय लगाएं और आखिरत की तैयारी में जुटें रहें उस से गाफिल न हों , अल्लाह के बताएं हुए रास्ते पर चलें मुसलमान, रमज़ान में खूब गरीबों की मदद करें। यह बातें शुक्रवार को समधन नगर के मोहल्ला सौरखी मस्जिद में रमज़ान के चौथे जुमा की नमाज़ से पहले नमाजियों को दीनी बातें बताते हुए मुफ्ती रिजवान ने कहीं आगे उन्होंने बताया कि रमज़ान का तीसरा अशरा चल रहा है इसलिए रमजान के जो चंद दिन बाकी रह गए हैं उनमें ज्यादा से ज्यादा अपने आप को नमाज , तिलावत नेक और अच्छे काम और रोजेदारों को इफ्तार कराना और इसके अलावा सवाब के कामों में खूब लगाऐं रमजान की रातों में शब ए कद्र को हासिल करें रातों को जागें इबादत में लगें और इधर-उधर घूमने फिरने के जरिए बेकार की बातों में लगने के जरिए से इन बेहतरीन रातों को बर्बाद न करें ? और इसके अलावा अपने माल के जरिए से इबादत के काम करें जकात को अदा करें जो फर्ज है अपने माल का हिसाब लगाएं सोना, चांदी और नकद और बेचने के लिए खरीदी हुई चीजें , सब को जोड़ें और जो रुपया बने उसका ढाई परसेंट के हिसाब से जरूरतमंदों पर लगाऐं सदका ए फित्र अदा करें और अपने माल दीन के कामों पर खर्च करें मदरसों मस्जिदों में अपने पैसों को खर्च करें भूखे को खाना खिलाएं और जरूरतमंदों को कपड़े पहनाएं इसी तरह जो कर्ज में फंसे हुए लोग हैं उनका तआवुन करें , अपने माल को अल्लाह के लिए खूब खर्च करें यह महीना माल को खूब खर्च करने के लिए है।

# शिक्षकों के पेंशन भुगतान को लेकर शिक्षक संघ ने उठाई मांग

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

- 31 मार्च 2026 को अवकाश प्राप्त करने वाले शिक्षक



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पेंशन, जीपीएफ और एनपीएस की राशि का समय से भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग उठाई है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद द्विवेदी ने कहा कि इस संबंध में संघ ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। बताया कि प्रदेश के कई जनपदों में विद्यालय स्तर या जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की पत्रावलियां अभी तक उप शिक्षा निदेशक कार्यालय को नहीं भेजी गई हैं। ऐसे में 31 मार्च तक संबंधित कर्मचारियों की पेंशन और अन्य देयकों का भुगतान समय से हो पाना मुश्किल हो सकता है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ सेवानिवृत्त शिक्षक और प्रधानाचार्य एनपीएस योजना से आच्छादित हैं। ऐसे में उनकी कटौती, राज्यांश और उस पर मिलने वाले ब्याज की पूरी राशि का सही आकलन कर समय पर भुगतान किया जाना आवश्यक है। यदि बिना पूर्ण आकलन के भुगतान कर दिया जाता है तो भविष्य में शेष धनराशि का भुगतान करना संभव नहीं हो पाएगा, क्योंकि भुगतान होते ही संबंधित कर्मचारी का क्रह खाता बंद हो जाता है। शिक्षक संघ के नेताओं ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की पत्रावलियां जल्द से जल्द पूर्ण कराई जाएं और पेंशन, जीपीएफ तथा एनपीएस की राशि का समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने बताया कि संघ के संरक्षक राजबहादुर सिंह चंदेल, अध्यक्ष चेत नारायण सिंह, महामंत्री अमितेश त्रिपाठी तथा कोषाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा ने इस संबंध में शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर मांग उठाई।

# 2027 में पूर्ण बहुमत से बनेगी सपा सरकार : इरफान सोलंकी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



शहर के हाजी शरीफ ग्राउंड में समाजवादी पार्टी की ओर से रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव के नेतृत्व में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर से सपा नेता इरफान सोलंकी शामिल हुए। इफ्तार के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मीडिया से बातचीत करते हुए इरफान सोलंकी ने गैस सिलेंडर को लेकर हो रही किल्लत और लोगों के बीच मची मारामारी के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम जनता परेशान है और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल होता जा रहा है। सोलंकी ने सपा नेता आजम खान का जिक्र करते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को ऐसी सजा नहीं मिलनी चाहिए कि दुश्मन को भी जेल न मिले।

उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। हाल ही में हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी की जीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि उपचुनाव अक्सर सरकार के कामकाज पर जनता की राय को दर्शाते हैं।

इस मौके पर जय कुमार तिवारी, हसीब हसन, शशिमा दोहरे, अंशु दोहरे, अंशु पाल, कलीम खान सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और एकता मजबूत होती है।

# पांच अप्रैल को होगी माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद बैठक

गुरसहायगंज, कन्नौज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 5 अप्रैल (रविवार) को आयोजित की जाएगी। यह बैठक जय नारायण इंटर कॉलेज (केकेसी), चारबाग, लखनऊ के सभागार में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी संघ के महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने दी उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश भर से संगठन के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

बैठक के मुख्य एजेंडा में संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों तथा एनपीएस से आच्छादित शिक्षकों को मिलने वाले सेवा निवृत्ति लाभों के भुगतान से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन शैक्षिक विचार गोष्ठी शिविर और राज्य परिषद की अगली बैठक के आयोजन पर भी चर्चा प्रस्तावित है। अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में रखे जा सकेंगे। संघ की ओर से जनपदीय अध्यक्षों और मंत्रियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची तथा उनके देयकों की स्थिति की जानकारी बैठक में अवश्य प्रस्तुत करें। महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों से समय पर बैठक में उपस्थित होकर संगठनात्मक कार्यों को सफल बनाने की अपील की है।

# जसोदा में 11 वां होली मिलन एवं सम्मान समारोह आज

- धीरेंद्र आर्य कार्यक्रम के होंगे मुख्य अतिथि

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गनाइजेशन, जिला इकाई कन्नौज द्वारा 11वां होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन 15 मार्च दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री राधा वाटिका मैरिज लॉन, गंगा रोड, पचेला, जसौदा में होगा। आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

आयोजकों ने बताया कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें समाज के लोग एकत्र होकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हैं और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। इस वर्ष भी समारोह को भव्य रूप से आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरसहायगंज नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रजापति धीरेंद्र आर्य उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कई विशिष्ट अतिथि भी समारोह में शामिल होंगे। इनमें जिला पंचायत सदस्य श्री वासुदेव प्रजापति, निहारिका आर्य (पूर्व चेयरमैन), प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट कन्नौज के अध्यक्ष श्री विजय प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष बी.पी.एम.ओ. डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, सीएचओ डॉ. मुकेश प्रजापति गोला, विद्युत विभाग के एसडीओ आशिष प्रजापति, आगरा इंजीनियर मनोज कुमार प्रजापति, मेडिकल ऑफिसर डॉ. रानू गोला, प्रवक्ता भूगोल राज किशोर प्रजापति सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल रहेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में समाज के अन्य प्रतिष्ठित लोगों की भी उपस्थिति रहेगी, जिनमें डॉ. मान सिंह प्रजापति, श्रीमती तुलसीबाला प्रजापति, सोहन प्रजापति, आदित्य प्रजापति, श्री जीतू प्रजापति, विनोद कुमार प्रजापति तथा हरिश्चंद्र प्रजापति प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होली के पारंपरिक फाग गीतों का भी आयोजन किया गया है। प्रसिद्ध गायक शैलेश शास्त्री द्वारा सुबह 10:30 बजे से होली फाग गायन प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे पूरे वातावरण में होली का उल्लास और उमंग देखने को मिलेगा।

# मदरसा मजहरुल उलूम में 16 को होगा रोज़ा इफ्तार

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

रमजान के मुकद्दस महीने के अवसर पर कन्नौज जिले के गुरसहायगंज स्थित मदरसा मजहरुल उलूम में एक भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने दी उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 16 मार्च दिन सोमवार को गांधी नगर स्थित मदरसा परिसर में संपन्न होगा। प्रमुख राजनीतिक हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी इस इफ्तार पार्टी में क्षेत्र की कई दिग्गज राजनीतिक हस्तियां शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों और आकर्षणों में पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी और पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष फर्रुखाबाद हाजी तहसीन सिद्दीकी के साथ कई वरिष्ठ सपा नेता साथ ही क्षेत्र



के अन्य गणमान्य नागरिक तस्कीन सिद्दीकी, अरशद जमाल सिद्दीकी, राशिद जमाल सिद्दीकी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, कमालगंज) और जुनैद सिद्दीकी (जिला पंचायत सदस्य) भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। सामुदायिक एकता के आयोजन पर आयोजकों ने स्थानीय लोगों और अकीदतमंदों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। कार्यक्रम मे सभी मेहमान इफ्तार के समय से कम से कम 15 मिनट पहले पहुंचने का प्रयास करें, ताकि कार्यक्रम को व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न किया जा सके। सद्भाव का प्रतीक-इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य न केवल धार्मिक कर्तव्यों का पालन करना है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना भी है। मदरसा मजहरुल उलूम में होने वाले इस इफ्तार में विभिन्न समुदाय तथा वर्गों के लोगों के जुटने की उम्मीद है, जो एक साथ बैठकर रोजा खोलेंगे और अमन-चैन की दुआ करेंगे। क्षेत्रीय जनता में इस आयोजन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है, और इसे राजनीतिक एवं सामाजिक मेलजोल के एक बड़े मंच के रूप में देखा जा रहा है।





# राष्ट्रीय लोक अदालत में 137769 मामलों का निस्तारण, 11,91,10,805 की वसूली गई धनराशि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद, अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा अपने-अपने स्तर लगाकर संबंधित पक्षकारों के समक्ष उनकी सहमति के आधार पर सुलह संधि करते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। 549 बैंक वसूली से संबंधित मामलों को निस्तारित कर 6,32,78,500 रुपए की वसूली धनराशि बैंकों द्वारा प्राप्त की गई। 60283 विद्युत बिल संबंधी मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जमशेद अली द्वारा 40 पारिवारिक/वैवाहिक वादों का निस्तारण किया गया, इसमें सुलह-संधि के आधार पर 07 जोड़ा पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए विदा किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार तिवारी द्वारा 20 वादों का निस्तारण किया गया। जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष नरेश कुमार द्वारा 13 मामलों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत जनपद में विभिन्न न्यायालयों विभागों कार्यालयों द्वारा अलग-अलग मामले चिन्हित कर निस्तारित किए गए। कुल चिन्हित 4574 मामलों में से 4089 तथा प्री-लिटिगेशन के 134764 मामलों में से 133680 मामले निस्तारित किए गए। इस तरह कुल 139338 मामलों में से 137769 मामलों का निस्तारण कर कुल 11,91,10,805 रुपए धनराशि जमा कराएगी। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी शैली राय, अभिनितम उपाध्याय, शैलेंद्र सचान, तरुण कुमार सिंह, रितिका त्यागी, दीपेंद्र कुमार सिंह, मेराज अहमद, संदीप तिवारी, सत्येंद्र कुमार वर्मा, अंजू कंबोज, सीजेएम घनश्याम शुक्ला, ज्ञानेंद्र सिंह अन्य न्यायिक अधिकारीगण तथा पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, शिव नरेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार राणा, डिप्टी चीफ़ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, दीपक श्रीवास्तव एडवोकेट मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोडल अधिकारी/अपर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार व प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ0 जयवीर सिंह उपस्थित रहे।



परिचय-स्टालों का निरीक्षण करते जिला जज



सुलह के बाद मौजूद दंपत्ति व न्यायिक अधिकारी

## युवक के गुम हो जाने की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर धनी निवासी अरविंद कुमार का चौदह वर्षीय पुत्र आदित्य उर्फ रिंकू शनिवार सुबह लगभग पौने नौ बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। आदित्य कुमार के देर तक वापस घर न आने पर परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास के लोगों व रिस्तेदारी में जानकारी की, लेकिन आदित्य कुमार का कोई पता नही चल सका।थाना पुलिस को ओमप्रकाश ने नाती आदित्य कुमार के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

पुलिस ने जांच कर दिया कार्यवाही का भरोसा



सम्मानित बीएलओ व जिलाधिकारी

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले आठ बीएलओ को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मतदाताओं की फीडिंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 08 बी.एल.ओ. को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। शनिवार को जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पनुरीक्षण में ई-बी0एल0ओ0 एप पर मतदाताओं की फीडिंग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 08 बी0एल0ओ0 को प्रशस्ति पत्र व प्रोत्साहन धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गये बीएलओ में राजेश कुमार सिंह प्रथम 10,000, श्याम जी अवस्थी द्वितीय 8,000, कालीचरन तृतीय 6,000, भूपेन्द्र दीक्षित सांत्वना 3,000, आशीष गुप्ता 3,000, ममता देवी 3,000, ममता दीक्षित 3,000, नर सिंह 3,000 के नाम शामिल है। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचायत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने मधु गैस सर्विस कमालगंज का किया निरीक्षण

▸ केवल ऑनलाइन बुकिंग ही स्वीकार करने के दिये निर्देश

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने मधु गैस सर्विस कमालगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी पर एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही बुकिंग, डिलीवरी व्यवस्था तथा स्टॉक रजिस्टर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी संचालक से प्रतिदिन प्राप्त होने वाले गैस सिलेंडरों की संख्या तथा उपभोक्ताओं तक डिलीवरी में लगने वाले समय की जानकारी प्राप्त की। डीएम ने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैकलॉग बुकिंग की आपूर्ति सबसे पहले सुनिश्चित की जाये तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता न होने पाए केवल ऑनलाइन बुकिंग ही स्वीकार की जाये। उन्होंने यह भी कहा कि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने भी एजेंसी परिसर की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए तथा परिसर में अग्निशमन उपकरण सदैव क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी व गैस एजेंसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।



उपभोक्ताओं से बात करते डीएम एसपी

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, आठ गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। नगर की चिकन वाली गली निवासी नाहर सिंह उर्फ पप्पू व आनंद कश्यप के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। इसी पुराने विवाद ने शुक्रवार शाम दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गये थे। सूचना पर उपनिरीक्षक जगराम सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गये थे और जांच पड़ताल की और दोनों पक्षों से आनंद पुत्र नरेंद्र सिंह, शिवलोक पुत्र नरेंद्र सिंह, विशाल पुत्र नाहर सिंह, विनीत पुत्र नाहर सिंह, नाहर सिंह उर्फपप्पू पुत्र कालीचरन निवासीगण चिकन वाली गली, अर्चित पुत्र नरसिंह निवासी बाग, सनी पुत्र शैलेंद्र, शिवम पुत्र शैलेंद्र सिंह निवासी पहाड़पुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# 16 दिनों से लापता युवक का नाले में मिला शव

▸ मृतक शराब पीने का था आदी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के पुलग़ालिब तिराहे से हमीरपुर लालबाग की ओर जा रहे नाले में शनिवार दोपहर एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लालबाग निवासी 40 वर्षीय रिजवान के रूप में हुई है, जो पिछले 16 दिनों से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार दोपहर पुलग़ालिब के समीप एक गेस्ट हाउस के पास कुछ चरवाहे मवेशी चरा रहे थे। इसी दौरान उन्हें नाले से तेज दुर्गंध महसूस हुई। जब उन्होंने नाले की ओर जाकर देखा तो वहां एक शव उतराता दिखा। उन्होंने आसपास लोगों को जानकारी दी। इस पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी और कस्बा चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

इसी बीच मौके पर पहुंचे लालबाग निवासी इरफान ने शव की शिनाख्त अपने भाई रिजवान के रूप में की। परिजनों की मदद से पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। इरफान ने बताया कि मृतक रिजवान शराब पीने का आदी था। वह 26 फरवरी की शाम करीब 7 बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों और आसपास तलाश करने के बाद 2 मार्च को कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। उसने बताया कि रिजवान मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। आठ महीने पहले उसके हाथ में फैक्चर हो गया था।

जिसका आपरेशन हुआ था, तभी से वह काम भी नहीं कर रहा था और नशे का आदी भी हो गया था। रिजवान की मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया। पत्नी साबिया बेगम, पुत्र अफनान, अफसान, अयान और पुत्रियों उमैरा व नूर का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



मृतक का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

## डीएम ने किसान बस यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार (श्री अन्न) कार्यक्रम एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नालोजी आत्मा योजना के अन्तर्गत अधिकारी/कर्मचारी एवं प्रगतिशील कृषकों के समूह को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया।

जिसमें कृषि विभाग के 20 अधिकारी/कर्मचारी एवं 30 प्रगतिशील कृषकों के दल को गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पन्तनगर उत्तराखण्ड में आयोजित 119वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में प्रतिभाग कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोडा उत्तराखण्ड में मिलेट्स की खेती तथा उत्पादों के उपभोग व उनसे होने वाले स्वास्थ सम्बन्धी लाभ विषय पर कृषकों एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण कराया जाएगा। डीएम ने किसानों का आवाह्न किया कि किसान कृषि संस्थानों से अच्छी जानकारी सीखकर आये एवं स्वयं अपने खेत पर अपनाएं तथा आस पास के किसानों को भी जानकारी दे।



बस को हरी झंडी दिखाते डीएम एसपी

## डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा की प्रथम पाली के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने फतेहगढ़ के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया तथा कंट्रौल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सभी को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया। वहीं उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा क्षेत्र में स्थापित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण एवं चेकिंग की गई। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस बल को पूरी सतर्कता बरतने तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए। जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर ड्यूटी चेकिंग की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में सभी केंद्रों पर परीक्षा अत्यंत सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है।



विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम एसपी

## अमर शहीद नायक जदुनाथ सिंह परमवीर चक्र विजेता की वीरता को सलाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

खजुरी गाँव स्थित परमवीर चक्र विजेतानायक जदुनाथ सिंह की परमवीर स्मृतिका पर 14 मार्च को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, जीओसी-इन-सी, पश्चिमी कमान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एचएस साही, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, कमांडेंट आर्मी वॉर कॉलेज एवं कर्नल ऑफ दराजपूत रेजिमेंट, ब्रिगेडियर माइकल डीसूजा, युद्ध सेना मेडल, कमान्डेंट, राजपूत रेजिमेंट सेंटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेना के उच्च अधिकारी तथा नागरिक प्रशासन के विभिन्न पदाधिकारी, ग्रामवासी तथा बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वीर शहीदनायक जदुनाथ सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा स्मारक परिसर का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर गाँव में किए गए विभिन्न विकास कार्यों की सराहना की गई। जीओसी-इन-सी, पश्चिमी कमान ने कहा कि खजुरी गाँव में हुए विकास कार्य नागरिक प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार, ग्रामवासियों और राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के संयुक्त प्रयासों का परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि इस स्मारक का नवनिर्माण 15 फरवरी 2025 को राजपूत रेजिमेंटल सेंटर, नागरिक प्रशासन और ग्रामवासियों के अथक प्रयासों से किया गया। स्मारक परिसर में 54 फीट ऊँचा राष्ट्रध्वज भी स्थापित किया गया है, जिसके लिए फ्लैग लेडी ऑफ इंडिया, उमा मस्कई का विशेष योगदान रहा। उन्होंने यह भी कहा कि खजुरी गाँव को एक मॉडल गाँव के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न शैक्षिक, कल्याणकारी एवं अन्य जनसुविधा योजनाओं का कार्य विचारत हैं। उन्होंने गाँव के युवाओं से आह्वान किया कि वे परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह के आदर्शों से प्रेरणा ल, अपने जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाएं और भारतीय सेना में शामिल होकर राष्ट्र सेवा करें। सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था राजपूत रेजिमेंटल सेंटर द्वारा की गई है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक प्रशासन के अधिकारियों, ग्रामवासियों तथा सभी सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद व्यक्त किया गया। उन्होंने स्मारक के लिए किए गए असाधारण कार्यों के लिए व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का समापन वीर शहीद नायक जदुनाथ सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प एव भारत माता की जय की जयघोष के साथ हुआ।



सलामी देते लेफ्टिनेंट जनरल आदि

## लूट के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला के साथ लूट करने वाले लुटेरों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। अमृतपुर थाना क्षेत्र के गाँव करनपुर घाट निवासी राम अपनी बहन मंजूदेवी पत्नी अंकित कुमार को साथ बाइक द्वारा ननन्द शारदा पत्नी सुनील कुमार को देखने अस्पताल जा रही थी। जैसे ही वह अलीगंज रोड गाँव ढमडेरा के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे लुटेरो ने मन्जू की चलती बाइक के पास आकर कानों से कुंडल झपटा मारकर छीन लिए और भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक लुटेरा शनी उम्र 28 वर्षीय पुत्र बृज बिहारीलाल निवासी दत्तू नगला थाना कायमगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से महिला का पर्स बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान लुटेरे शनि ने अपने फरार साथी का नाम कुलदीप निवासी एटा बताया। पुलिस जिसको पकड़ने के लिए दबिशे दे रही है। वही पुलिस ने लुटेरे शनि का मेडीकल परीक्षण करवाकर जेल भेजा।

## न्यायालय के आदेश पर 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम नगला अनूप में सरकारी कार्य के दौरान कथित मारपीट और अभिलेख फाड़ने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम नगला अनूप निवासी रीना देवी पत्नी रतेन्द्र सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बूथ संख्या 179 पर बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के रूप में कार्य कर रही हैं और गांव में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का कार्य कर रही थीं। आरोप है कि 7 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 9 बजे वह गांव में एक घर पर एसआईआर फार्म पूर्ण कराने के लिए पहुंचीं थीं। रीना देवी के अनुसार फार्म भरने के लिए आवश्यक जानकारी मांगे जाने पर वहां मौजूद कुछ लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और एसआईआर से संबंधित अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। आरोप है कि इसके बाद कई अन्य लोग भी वहां आ गए और कथित रूप से उनके साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। प्रार्थिनी का यह भी कहना है कि घटना के संबंध में उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस ने मामले में 12 नामजद व्यक्तियों हरेंद्र सिंह, अजय, निर्देश, अंगेश, अवनीश कुमार, जनवेश, सौरभ, गौरव, अवधेश, रुचि, गीता और सोनी के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चल वैजयंती में फतेहगढ़ टीम का रहा दबदबा




खिलाड़ियों को सम्मानित करते क्षेत्राधिकारी लाइंस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कानपुर पुलिस जोन की तीन दिवसीय अन्तर्जनपदीय खेल प्रतियोगिता का स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में भव्य समापन हुआ। 12 मार्च से जारी इस स्पर्धा के पुरुष वर्ग में जनपद फतेहगढ़ ने बॉक्सिंग, कुश्ती और आर्म रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए चल वैजयंतीका प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में क्षेत्राधिकारी लाइन्स अमर पाल सिंह व प्रतिसार निरीक्षक अविचल पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। इस ऐतिहासिक जीत से फतेहगढ़ पुलिस महकमे में हर्ष का माहौल है।

## आबकारी अधिकारी ने शराब ठेकों का किया निरीक्षण

▸ दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को भी परखा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जनपद में आबकारी विभाग का प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। कमालगंज क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण अभियान चलाकर शराब की दुकानों की गहन जांच की। आबकारी आयुक्त के आदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा ने अपनी टीम के साथ थाना कमालगंज क्षेत्र में स्थित विभिन्न आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई तथा पीओएस मशीन के माध्यम से होने वाली बिक्री और ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था का भी परीक्षण किया गया। इसके साथ ही दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को भी परखा गया, ताकि बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। अधिकारियों ने दुकान संचालको को शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण और प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।



जांच करते आबकारी निरीक्षक

नदियाँ हैं जीवन की धारा................

# केडी बालिका डिग्री कॉलेज में इंटरनेशनल डे ऑफ एक्शन फॉर रिवर्स पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कृष्णा देवी बालिका डिग्री कॉलेज आवास विकास में इंटरनेशनल डे ऑफ एक्शन फॉर रिवर्स के पर जागरूकता कार्यक्रम एवं वक्तव्य का आयोजन डॉ0 अनीता रंजन के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नदियों के महत्व तथा पर्यावरणीय संतुलन में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ0 रुबी यादव ने कहा कि नदियाँ केवल जल का स्रोत ही नहीं हैं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) की जीवन रेखा हैं। नदियाँ जल, खाद्य, जैव विविधता तथा कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके माध्यम से लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। वक्ताओं ने बताया कि नदियाँ पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने, भूजल स्तर को बनाए रखने तथा विभिन्न जीव-जंतुओं और वनस्पतियों को जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में छात्राओं को यह भी बताया गया कि बढ़ते प्रदूषण, प्लास्टिक कचरे और अंधाधुंध दोहन के कारण नदियाँ गंभीर संकट का सामना कर रही हैं। यदि समय रहते इनकी सुरक्षा और स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन की समस्या और बढ़ सकती है। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए नदियों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को नदियों के संरक्षण और जल संसाधनों के सही उपयोग के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा तथा सभी ने मिलकर नदियों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. अरिमर्दन सिंह, अनुराग यादव, डॉ. राजीव कुमार, राजेश कुमार, ममता यादव, मनीषा मिश्रा, प्रशांत सिंह तथा कायनात अख्तर सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं।


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में संयुक्त शिक्षक महासंघ ने 3800 पोस्ट कार्ड बांटे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ द्वारा लोगों को पोस्ट कार्ड वितरित किये गये है। लगभग 3800 पोस्ट कार्ड बांटे गये है। प्रथम चरण का आगाज के साथ समापन हुआ। जिसमें अधिकतर लोगों ने पोस्ट लिखकर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में कार्ड भेज दिये है। लगभग 2200 लोगों द्वारा और कार्ड भेजे जायेंगे। शनिवार को डायट में शिक्षक नेताओं ने पहुंचकर 400 कार्ड और बांटे और 100 शिक्षकों से 400 कार्ड भरवाये गये। संगठन की कोशिश है कि कोई शिक्षक इस कार्य से वंचित न रहे। 14 मार्च शनिवार तक आंदोलन के छठवें दिन शिक्षकों में उमंग दिखा। इस समर्थन के लिए शिक्षकों ने एक दूसरे को बधाई दी और हुक्मरानों के कान खड़े हुए है। सभी घटक संगठनों का आभार व्यक्त किया गया है। रविवार को शिक्षक अपने-अपने घरों से मेल करें और पोस्ट कार्ड लिखकर प्रेषित करें। अंतिम दिन को भी सफल बनाये। टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 13 अप्रैल को बाइक रैली निकाली जायेगी जो बीएसए कार्यालय होते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचेगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक के अलावा अटेवा के प्रदेश संयुक्त महामंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जाटव, अलोक द्विवेदी, प्रवेश कटियार, सर्वेश त्रिवेदी, सुजीत कुमार के अलावा सभी शिक्षक संगठनों के लोग भाग ले रहे है।


डायट रजलामई में कार्ड बांटते शिक्षक

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी विद्या निकेतन स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में एक विशेष गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीपी ग्रुप ऑफ स्कूल्ज की निदेशिका डॉ0मिथलेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य आरके बाजपेई, उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैन एवं शिक्षकों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर उन्हें मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। निदेशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं होती, बल्कि यह विद्यालय और समाज के लिए भी गर्व का विषय बनती है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इन सफल प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों को भविष्य में होने वाली परीक्षा और प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार मेहनत, लगन और अनुशासन से कार्य करते हुए अपना, परिवार का और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।


सम्मानित परीक्षार्थियों के साथ मौजूद मिथलेश अग्रवाल व अन्य

# महिमाचन्द्र राजपूत के परिजनों से मिला सपा प्रतिनिधि मण्डल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिनों सूदखोरों के उत्पीड़न का शिकार हुए सदर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 13 शमशेर नगर पार्टी के बीएलए महिमाचंद्र राजपूत ने फांसी लगाकर जान दे दी थी।

शनिवार को समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल उनके घर पहुंचा। सपा नेताओं ने परिवार से घटना की जानकारी हासिल की और पीड़ित परिवार को भरोसा दिया। परिवार के साथ पार्टी पूरी ताकत से खड़ी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी घटनाक्रम से अवगत कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि पीड़ित के 6 नौनिहाल बच्चे हैं, 5 बेटियाँ और 1 बेटा है। कोई कमाने वाला नहीं है। महिमाचंद्र की मौत एक सुनियोजित हत्या है।

**प्रशासन से कार्यवाही की मांग**

जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, उसकी 8 बीघा जमीन सूदखोरों ने हड़प ली है, उम्मीद है कि प्रशासन न्याय करेगा। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि इस क्षेत्र में भू-माफियाओं का एक गैंग सक्रिय है जो इसी तरह से गरीब भोले-भाले लोगों को बहलाकर इकरारनामा करवाकर जमीन हड़प लेता है। सर्वेश अम्बेडकर ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवार को न्याय दे। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि परिवार के साथ अन्याय हुआ है, पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। इस मौके पर शिव शंकर शर्मा, ब्रजेश पाल, रामपाल यादव, विनीत परमार, अमीर सिंह, आशीष शर्मा, अंकुर शाक्य, बंटी यादव, शिवम पटेल, मुख्तार आलम, माजिद अली, अर्चित शर्मा, अजीम खान, पवन राजपूत, किसन पाल, नीलकमल, धीरज राजपूत, शेर सिंह राजपूत, विमलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।


मृतक के परिजनों को सांत्वना देते सपा नेता

## काशीराम की जयंती पर सपा का कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन नायक काशीराम की 92वीं जयंती पर पीडीए दिवस का आयोजन ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में 15 मार्च रविवार प्रातः 10 बजे सम्पन्न होगा। जिसमें पीडीए पर चर्चा व काशीराम के विचारों पर संगोष्ठी होगी। यह जानकारी जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने दी है।

## होली मिलन व संगीत संध्या आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली मिलन समारोह एवं संगीत संध्या का आयोजन अग्रवाल सभा भवन स्टेट बैंक रोड पर 15 मार्च रविवार शाम 5 :30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस मानवेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं सम्मानित अतिथि राजा शमसी होंगे। यह जानकारी पंडित विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान के सचिव आदेश तिवारी ने दी है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसो की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक 15 मार्च प्रातः 10 बजे रविवार को मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में आयोजित होगी। यह जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष राजेश निराला ने दी है।

## महिला ने की मक्के की फसल को बर्बाद, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी संजू के खेत पर मक्के की फसल खड़ी है। शुक्रवार शाम गांव की ही एक महिला की बकरी संजू के खेत मे मक्के के पौधे को खाने लगी। जिस पर संजू ने बकरी को पकड़कर गांव के ही एक युवक के द्वारा महिला के घर भिजवादी। कुछ देर बाद महिला ने बकरी पकड़ने को लेकर संजू से कहासुनी होने लगी। संजू ने आरोप लगाया कि महिला ने रात हमारे तीन विस्वा खेत मे खड़े मक्के के पौधे उखाड़ दिए। थाना पुलिस को संजू ने नामजद महिला के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# आम आदमी ने की गैस सिलेंडर की कीमतों को घटाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

देश में लगातार बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस सिलेंडर की बेहद किल्लत के चलते आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता न केवल महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, बल्कि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते एक बार फिर लाइनों में लगने को मजबूर हो गई। जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने आज गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। देश के कई हिस्सों से होटल और छोटे व्यवसायों के बंद होने की खबरें सामने आ रही हैं, जो सरकार की नीतियों की विफलता को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफहार्मुज़ के रास्ते भारत पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर देश की जनता पर महंगाई के रूप में पड़ रहा है। पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। इस अवसर पर अचल प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह यादव, बृजेश कुमार पाल, अंकित शाक्य, जगतपाल सिंह, राघवेंद्र यादव, रवि शर्मा, सनी राजपूत, संतोष वर्मा लोग मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते आप जिलाध्यक्ष

# भारतीय किसान एसोसिएशन ने समस्याओं को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार कायमगंज को सौंपा। जिसमें कहा कि खटीक समाज अनुसूचित जाति के अंतर्गत आता है, उनके बच्चों की पढ़ाई, नौकरी तथा विभिन्न योजनाओं को लाभ के लिए जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। तहसील कायमगंज द्वारा तहसीलदार, लेखपाल द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बना रहे हैं। प्रदेश में अन्य राज्यों की तरह आलू मंडी टैक्स समाप्त किया जाए। जनपद में बिना लाइसेंस के दवा खाना चल रहे हैं, दूषित खान-पान से लोगों का स्वास्थ्य संकट में पड़ रहा है। मिलावटी घी, तेल, दूध, दही, पनीर व मसाले के कृत्रिम रंग को प्रयोग अत्यधिक हो रहा है। जिससे उल्टी, दस्त जैसे विभिन्न बीमारियों फैल रही है। वहीं कायमगंज के विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है रोस्टर के हिसाब से बिजली दी जाए। जल निगम की लाइन में दूषित पेयजल सप्लाई किया जा रहा है। कायमगंज के फुटपाथों पर अवैध कब्जा है, पैदल निकलना मुश्किल है। अवैध कब्जा हटाया जाए। आवारा पशुओं व कटकने बंदरों को पकड़वाया जाए। मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में शॉपिंग कंपलेक्स है, बारात घर है, निर्माण के बाद आज तक नगर पालिका द्वारा रंगाई सफाई मरम्मत नहीं कराई गई। वहीं सुधा गंगवार के मकान के पीछे पानी की टंकी ही में बहुत भारी यूकेलिप्टस का पेड़ है। जिसमें पेड़ की टहनियों पत्ते टूट कर गिरते हैं, बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उक्त पेड़ को तत्काल कटवाया जाए। यदि मांग पत्र पर कार्रवाई नहीं होती है तो जिला मुख्यालय पर बहुत बड़ा धरना प्रदर्शन होगा। उसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते किसान नेता

# रामनवमी पर निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ में श्री राम लीला परिषद की ओर से रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर दुर्गा मंदिर बनखड़िया में बैठक का आयोजन किया गया। सभासद अनिल तिवारी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में परिषद के अध्यक्ष रविश द्विवेदी सहित सभी पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने बारी-बारी से अपने विचार रखे और कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। अध्यक्ष रविश द्विवेदी ने बताया कि आगामी 27 मार्च को रामनवमी का पर्व नगर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। उन्होंने बताया कि 27 मार्च को सुबह 11 बजे फतेहगढ़ की पुरानी सब्जी मंडी स्थित रामनिवास मंदिर में हवन-पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसे आचार्य दिनेश चंद्र तिवारी विधि-विधान से संपन्न कराएंगे। इसके बाद शाम को छोटी जेल चौराहा, फतेहगढ़ से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और दुर्गा माता की भव्य झांकियां शामिल होंगी। बैठक में परिषद के संरक्षक मुन्ना लाल वार्ष्णेय ने बताया कि फतेहगढ़ नगर की आबादी अब काफी बढ़ गई है, जिसे देखते हुए इस वर्ष भी रामनवमी की शोभा यात्रा का आयोजन छोटी जेल चौराहे से ही किया जाएगा। बनखड़िया क्षेत्र के भक्तों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में पंकज अग्रवाल, अतुल मिश्रा, पंकज प्रकाश, चमन टंडन, श्रवण कुमार, अवनींद्र सक्सेना, राम बाबू, शिवम दुबे, प्रधानाध्यापक राकेश श्रीवास्तव, मंदिर के महंत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


बैठक को सम्बोधित करते रवीश द्विवेदी

# 19 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई उपनिरीक्षक व समकक्ष भर्ती परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उपनिरीक्षक व समकक्ष भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। 19 केंद्रों पर 14 व 15 मार्च रविवार को चार पालियों में परीक्षा सम्पन्न होगी। जिसमें शनिवार को दो पालियों में परीक्षा सम्पन्न हुई। अभ्यर्थियों को जूते-मोजे उतारकर प्रवेश दिया गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा और सीसी कैमरों की निगरानी में शनिवार को पहले दिन उपनिरीक्षक व समकक्ष भर्ती की परीक्षा शुरू हुई। जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 19 केंद्र बनाए गए हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों को सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर उसे जमा कर रेटीना जांचा गया। इसके बाद सुबह लगभग 9:30 बजे प्रवेश दिया गया। पहली पाली की परीक्षा 10 बजे से दो 12 बजे तक होगी, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक समय रहा। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 8 बजे से अभ्यर्थियों का प्रवेश शुरू हुआ, जो 9 बजे तक जारी रहा। प्रवेश के दौरान मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की गई। इसके बाद अंदर बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी की गई। सुरक्षाकर्मियों ने अभ्यर्थियों को पानी की बोतलें और गले की चेन जैसी वस्तुएं भी अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी।

उपनिरीक्षक परीक्षा जिले में शनिवार को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई और रविवार को परीक्षा होना बांकी है। परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी शुक्रवार रात से ही जिले में पहुंचना शुरू हो गए थे। ललितपुर, झांसी, आगरा, मथुरा सहित कई अन्य जनपदों से आए अभ्यर्थी सुबह 7 बजे से ही केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। जिसके बाद सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी सुबह ही पहुंच गए थे। इस दौरान अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र, आइडी देखी गई। जूते-मोजे उतरवाए, मोबाइल, ब्लूटूथ, रंगीन चश्मा, घड़ी, पर्स आदि प्रतिबंधित सामग्री जमा करा ली गई।


परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी


सुरक्षा व्यवस्था देखते सीओ

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रपति को शिक्षकों ने भेजी पाती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षक पात्रता परीक्षा लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षक पर उनकी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदेश भर में 9 मार्च से 15 मार्च तक शिक्षक पाती अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में सभी शिक्षकों द्वारा राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष एवं मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई है। समीक्षा बैठक में अटेवा के संयुक्त प्रदेश मंत्री व महासंघ के जिला संरक्षक ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के आवास पर बैठक सम्पन्न हुई। बेसिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष, महासंघ के जिला संयोजक भूपेश पाठक ने बताया कि जनपद में हजारों पोस्ट कार्ड एवं ई-मेल के माध्यम से शिक्षकों द्वारा टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने जायज मांग सरकार से की जा रही है। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र जाटव ने कहा कि जनपद के समस्त शिक्षक टेट अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु पोस्ट कार्ड ई-मेल के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, नेता प्रतिपक्ष व मुख्यमंत्री को भेज रहे है। बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आलोक कुमार द्विवेदी ने कहा कि जिले के हजारों शिक्षक, शिक्षिकायें सरकार से टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने के लिए शिक्षक की पाती के माध्यम से निवेदन कर रहे है। अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि जब सरकार ने हम शिक्षकों पर अन्याय करते हुए सर्विस के 20 व 30 साल बाद टीईटी लागू किया है, पूर्णतः गलत व असहनीय है। इसलिए जनपद के सभी शिक्षक-शिक्षिकायें पाती के माध्यम से सरकार को अन्याय को सुधारने का संदेश भेज रहे है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश कटियार ने कहा कि शिक्षक की पाती अभियान के माध्यम से जनपद के शिक्षक-शिक्षिकायें उत्साह पूर्व सरकार को अपनी वेदना प्रेषित कर रहे है और टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की मांग कर रहे है। प्रवेश राठौर ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का विरोध में सरकार को शिक्षक की पाती लिखकर टेट अनिवार्यता समाप्ति की मांग कर रहे है। आदेश अवस्थी ने कहा कि सरकार हम शिक्षकों की मांगें अवश्य सुनेगी और अनिवार्यता समाप्त करेगी। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, प्रवेश राठौर, नरेंद्र सिंह जाटव, फूलसिंह शाक्य, राकेश सारस्वत, प्रमोद दीक्षित, आलोक द्विवेदी, शिवओम द्विवेदी, बलविंदर, दुष्यंत पाल, अखिलेश पांडेय, सुधीर पाल, राकेश प्रसाद, देवेंद्र कुमार, विजेंद्र पाल सिंह, महाराज सिंह, हिमांशु शुक्ला, राजेंद्र सिंह, सुनील कुमार, विश्व प्रकाश, प्रबल प्रताप, सुशील कुमार, संतोषी, मयंक, सुधीर शाक्य, कृष्णवीर, राहुल यादव, केके अवस्थी, आशुतोष पांडेय, आदेश अवस्थी, मनोज दुबे, जितेंद्र यादव, संजय यादव, ज्वेल त्रिपाठी उपस्थित रहे।


हाथ में पाती लिये शिक्षक

# ससुरालियों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र से विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम पुरवा दयाम खां, थाना बेला जनपद औरैया निवासी रामवचन ने कोतवाली मोहम्मदाबाद में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री नेहा का विवाह 15 मई 2023 को ग्राम टिलियां निवासी राहुल यादव पुत्र स्व0 सुरेंद्र सिंह यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति राहुल यादव, सास फूलमती और ननद सुमन द्वारा अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर नेहा के साथ आए दिन गाली-गलौज और मारपीट की जाती थी तथा मांग पूरी न होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती थी। पीड़ित पिता के अनुसार उनकी पुत्री को कई बार ससुराल से निकाल भी दिया गया था। कुछ समय पूर्व नेहा ने एक पुत्र को जन्म दिया, लेकिन इसके बाद भी ससुराल पक्ष द्वारा कथित रूप से चार पहिया वाहन की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न जारी रहा। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसे परिजनों से मिलने और बात करने से भी रोक रखा था। बताया गया कि 3 मार्च को पिता ने अपने पुत्र को हालचाल जानने के लिए बेटी के ससुराल भेजा था। इसके बाद 12 मार्च को गांव के लोगों के माध्यम से नेहा की मौत की सूचना मिली। पिता का आरोप है कि 11 मार्च को ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर उनकी पुत्री की हत्या कर दी और घटना को आत्महत्या दर्शाने के उद्देश्य से शव को फांसी पर लटका दिया। घटना की सूचना मिलने पर पिता परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमे को दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।



## हैंडपंप मरम्मत पर 1.73 लाख खर्च, फिर भी पकरिया में कई नल खराब

# कागजों में भुगतान, जमीनी हकीकत में पेयजल संकट बरकरार

- कई हैंडपंपों से निकल रहा गंदा व बदबूदार पानी
- मशीनरी स्टोर और व्यक्तियों को अलग-अलग तिथियों में किए गए भुगतान
- ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य में अनियमितता की जताई आशंका, जांच की मांग



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी (धौरहरा)।** तहसील धौरहरा के ब्लॉक ईसानगर की ग्राम पंचायत पकरिया में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर किए गए खर्च पर सवाल उठने लगे हैं। सरकारी रिकॉर्ड में करीब 1 लाख 73 हजार 36 रुपये की राशि हैंडपंपों की मरम्मत के लिए खर्च दिखाई गई है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। गांव में कई हैंडपंप आज भी खराब पड़े हैं, जबकि कुछ स्थानों पर हैंडपंप से निकलने वाला पानी पीने योग्य नहीं बताया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों ने मरम्मत कार्य में अनियमितता और संभावित धांधली की आशंका जताते हुए मामले की जांच की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई मोहल्लों में लगे हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए दूर-दराज तक जाना पड़ता है। कुछ स्थानों पर हैंडपंप से निकलने वाला पानी गंदा और बदबूदार बताया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि वास्तव में मरम्मत का कार्य कराया गया होता तो गांव में पेयजल संकट की स्थिति नहीं बनती। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की ओर से कागजों में बार-बार मरम्मत कार्य दिखाकर भुगतान निकाल लिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं देता। इससे यह सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर मरम्मत के नाम पर निकाली गई रकम का उपयोग किस तरह किया गया। उपलब्ध भुगतान विवरण के अनुसार हैंडपंप मरम्मत के लिए अलग-अलग तिथियों में कई व्यक्तियों और मशीनरी स्टोरों के नाम पर भुगतान किया गया है। रिकॉर्ड के मुताबिक 30 सितंबर 2022 को मौर्य मशीनरी स्टोर को 48,200 रुपये का भुगतान किया गया। इसके बाद 5 मार्च 2023 को रामचंद्र को 15,350 रुपये तथा पटेल मशीनरी स्टोर को 43,500 रुपये दिए गए। इसके अलावा 22 अगस्त 2025 को जलालुद्दीन को 8,250 रुपये, ओम एंटरप्राइजेज को 19,866 रुपये, फिर उसी दिन जलालुद्दीन को 4,400 रुपये और ओम एंटरप्राइजेज को 2,419 रुपये का भुगतान दर्ज है। वहीं हाल ही में 21 फरवरी 2026 को भी मरम्मत के नाम पर भुगतान किया गया, जिसमें ओम एंटरप्राइजेज को 21,051 रुपये और जलालुद्दीन को 10,000 रुपये दिए जाने का उल्लेख है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार भुगतान के बावजूद गांव के कई हैंडपंप अब भी खराब पड़े हैं। कई जगहों पर लोगों को पानी भरने के लिए दूसरे मोहल्लों तक जाना पड़ रहा है। गर्मी का मौसम नजदीक आते ही पेयजल संकट और बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय पर और सही तरीके से मरम्मत कराई जाती तो लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह पता लगाया जाए कि जिन हैंडपंपों की मरम्मत के नाम पर भुगतान किया गया, वास्तव में वहां क्या काम हुआ। साथ ही यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## नौसर गुलरिया विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी, विधायक अमन गिरि ने शिक्षकों को किया सम्मानित

- सरकार की योजनाओं से शिक्षा से जुड़ रहा हर वर्ग : अमन गिरि

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बिजुआ क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में ग्राम प्रधान, स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों तथा प्रधानाध्यापकों के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरि ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य यह है कि समाज का हर वर्ग शिक्षा से जुड़ सके और क्षेत्र के बच्चे आगे बढ़कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी, ब्लॉक बिजुआ प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारती, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश दीक्षित, गुरु के.के. शुक्ला, अनिल दीक्षित, प्रधान कलेक्टर राज, प्रधान आशीष तिवारी, पूर्व प्रधान सुशील पांडे, प्रधान नेपाली राज सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### राजगढ़ क्षेत्र में नहीं हो रही गैस की बुकिंग उपभोक्ता हो रहे परेशान



**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के गैस की बुकिंग नहीं हो पा रही है। फोन लगाने पर सुबह से शाम तक टोल फ्री नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। लेकिन शादी ब्याह में लान और होटल में पर्याप्त मात्रा में गैस पहुंच रहा है और महंगे दामों पर बेचा जा रहा है एक होटल वाले ने बताया कि पहले सिलेंडर एक हजार रूपये में मिल जाता था वही सिलेंडर अब पंद्रह सौ रुपये मे मिल रहा है। लेकिन हजारों की संख्या में गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं का मोबाइल से बुकिंग नहीं हो पा रही है बुकिंग न होने से वही सिलेंडर होटल में आराम से सप्लाई हो रहा है।इसके अलावा शादी विवाह में भी या ज्यादा से ज्यादा सप्लाई किया जा रहा है और गैस एजेंसी वाले मोटी कमाई कर रहे हैं और उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।जब तक गैस बुकिंग नहीं हो जाती मोबाइल पर मैसेज नहीं आ जाता यह समस्या लगभग एक हफ्ते से चल रही है।एजेन्सी से नया नम्बर जारी किया गया है। मिस कॉल करने पर चौबीस घंटे मे मैसेज नहीं आता है तो ट्राई करते रहे। बिना बुकिंग की गैस उपभोक्ता को गैस नहीं मिलेगी।टोल फ्री नंबर दिखावा साबित हो रहा है। और गैस की कालाबाजारी भी रफ्तार पकड़ रही है। ठेला खुमचा वाले सिलेंडर गैस का उपयोग करते हैं वह भी ज्यादा कीमत चुकाकर किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे ही चला रहा तो घर चलना मुश्किल हो जाएगा और लकड़ी पर खाना बनाना पड़ जाएगा। पूरेनिया गैस एजेन्सी पर 387गैस आज उतर रहा है। शुक्रवार के दिन 87 सिलेंडर की सप्लाई की गई। होटल ठेला खुमचा वालो पर कुछ नहीं बोला। कई उपभोक्ता बिना गैस लिए एजेन्सी से वापस कर दिया गया। गैस एजेन्सी पर गैस नहीं दिया जा रहा है।चाहे बुकिंग हो या ना हो गैस नहीं दिया जा रहा है। गैस पहुंचाने का समय भी बदल गया है। कई उपभोक्ता गैस ना मिलने पर परेशान हो रहे है। होटल वालों को बिना गैस बुकिंग के ही गैस सप्लाई की जा रही है। जो समझ से पड़े हैं मड़िहान एसडीएम अनेग सिंह ने पीहू इंडियन गैस एजेंसी नदिहार पर छापेमारी की जहां पर सब कुछ ठीक पाया गया। लेकिन हिदायत दी गई गई की बिना कनेक्शन और बिना गैस बुकिंग के किसी को गैस नहीं दिया जाएगा। अधिकारियों को उपभोक्ताओं से मिलकर उनकी समस्या का निवारण भी करना चाहिए।

### ट्रैक्टर ट्राली में टकराने से बाइक चालक की मौत, स्वजनों में मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग महोगढ़ी गांव में शुक्रवार रात्रि करीब 8 बजे ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना बाइक चालक के स्वजनों को देते हुए । एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा बाइक चालक को मृत घोषित कर घटना की सूचना मेमो के माध्यम से पुलिस को दे दिया । वंही मृत चालक के स्वजनों में कोहराम मच गया है ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव निवासी 27 वर्षीय भीमराज बाइक से महोगढ़ी गांव बाइक से गए थे । की वापस लौटते समय हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग महोगढ़ी गांव में समाने से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में टकराने से बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना मृत चालक के पिता हिंछलाल को दिया और एम्बुलेंस सेवा 108 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये पर चिकित्सक विमल कुमार ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना पुलिस को मेमो के माध्यम से दे दिया है। मृत बाइक चालक को एक पुत्र है पत्नी सीमा गर्भवती है मृत बाइक चालक दो भाइयों में छोटा था माता सुनीता रोते रोते बेसुधा हो जा रही है इस संबंध में चिकित्सक विमल कुमार ने बताया की बाइक चालक को एम्बुलेंस सेवा वाहन से मृत अवस्था में लाया गया था मृत घोषित कर पुलिस को सूचना मेमो से भेज दिया गया है।

### मारपीट करने चार मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के रतेह गांव निवासी सोनमनि चौरसिया ने शुक्रवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर गांव निवासी चार लोगो के विरुद्ध गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की शुक्रवार को समय 1 बजे दिन पुरानी रंजिस को लेकर भटपुरवा गांव निवासी रमेश चौरसिया राम कैलाश, प्रवेश अनुज उर्फ लालन ने मिलकर मेरी पत्नी उषा देवी को गाली गलौज देते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर रहे थे बीच बचाव करने गया तो मुझे भी मारने पीटने लगे इसी बीच पटेहरा गांव निवासी शकुंतला आ गई।

## सिलेंडर के न मिलने से लकड़ी विक्रेताओ की कट रही है चांदी



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद में गैस सिलेंडर की बढ़ती किल्लत से उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सुबह से शाम तक लम्बी लाईन गैस एजेंसियों पर लग रही है लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी उपभोक्ताओ का दर्द बांटने को तैयार नहीं है केवल कागज में गैस सिलेंडर की अधिकता दिखाई जा रही है मौके पर नदारद है।।गैस सिलेंडर की बढ़ती मारा मारी से गांव देहात नगर में हाय तोबा मचा हुआ है जिसको लेकर उपभोक्ता परेशान हैं । वहीं लकड़ी विक्रेताओ की कट रही है चांदी तो लकड़ी माफियाओं के दिन बहुर गये है जिससे जंगलों की पहरेदारी बढ़ गई है।आलम यह हों गया है कि लोग चुल्हा जलाकर रसोई बनाने को मजबूर हो गए हैं सिलेंडर न मिलने से बहुतायत दुकानदारों की दुकानें बंद हो गई है वहीं कितने घरों में भोजन नहीं बन पा रहे हैं । जिससे गांव देहात शहर के दुकानदारों के सामने रोज़ी रोटी की संकट पैदा हो गई है। जनपद के एजेंसियों पर गैस की बढ़ती मारा मारी से चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। रात में ही उपभोक्ता गैस एजेंसियों पर डेरा डाल दे रहे हैं फिर भी सिलेंडर पाने से वंचित हो जा रहे हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का लगा आरोप, पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज

आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**हलिया (मिर्जापुर )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला की तहरीर पर न्यायालय के आदेश से पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने आरोप लगाया है कि उसकी सोलह वर्षीय बेटी 29 मई 2024 को घर पर अकेली थी। उस समय वह अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए गई हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान रिश्तेदारी में चचिया ससुर का बेटा विनय कुमार निवासी नटकी थाना मांडा जनपद प्रयागराज घर में घुस आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बताया गया कि किसी तरह पीड़िता ने खुद को आरोपी से छुड़ाया।

## निघासन में तेंदुए की दस्तक : खेत में चर रही गाय को बनाया शिकार

- खेत में चर रही गाय पर तेंदुए का हमला, मौके पर मौत
- क्षेत्र में दहशत, ग्रामीणों ने गश्त बढ़ाने और तेंदुआ पकड़ने की उठाई मांग



**समृद्धि न्यूज़, निघासन (लखीमपुर खीरी)।**

दक्षिण निघासन के लुधौरी वन रेंज क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। निघासन-पलिया स्टेट हाईवे पर स्थित लोनियान पुरवा मोड़ के पास खेत में चर रही एक गाय को तेंदुए ने हमला कर मार डाला। घटना के बाद आसपास के गांवों में भय का वातावरण व्याप्त हो गया है और ग्रामीण शाम ढलते ही खेतों की ओर जाने से कतराने लगे हैं। जानकारी के अनुसार लोनियान पुरवा मोड़ के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे शिलवंत गुप्ता का खेत है, जहां गेहूं की फसल खड़ी है। शनिवार देर रात या तड़के किसी समय खेत में चर रही गाय पर तेंदुए ने हमला कर दिया। झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक झपट्टा मारते हुए गाय को दबोच लिया। हमले में गाय की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब किसान खेतों की ओर पहुंचे तो खेत का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। गेहूं की फसल कई जगह से रौंदी हुई थी और मिट्टी पर बड़े-बड़े पंजों के निशान दिखाई दे रहे थे। खेत में कुछ दूरी पर गाय का शव पड़ा मिला, जिस पर हमले के स्पष्ट निशान थे। यह नजारा देखते ही आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही दक्षिण निघासन वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने खेत में मिले पगचिह्नों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तेंदुए के हमले की पुष्टि की। वन दरोगा अखिलेश रावत ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विभाग सतर्क हो गया है। तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे खेतों में अकेले न जाएं और समूह में ही खेतों की ओर जाएं। साथ ही रात के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई है। तेंदुए की इस घटना के बाद आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तेंदुए को पकड़ने की व्यवस्था नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ी घटना हो सकती है।

### ट्रेलर से टक्कर में बाइक सवार पत्नी-बेटी की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा हाईवे पर स्थित बस्तरा फ्लाईओवर ब्रिज पर शनिवार को दोपहर बाद हुए दर्दनाक सड़क हादसे में गाजीपुर निवासी बाइक सवार महिला और उसकी बेटी की घटनास्थल पर मौत हो गई। बाइक चालक गंभीर रूप से घायल ट्रामा सेंटर रेफर। ट्रेलर चालक भी घायल हुआ है। बाइक में टक्कर के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के दूसरे हिस्से की ओर झुककर लटक गया। गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के हरीबल्लवपुर तिवारीपुर निवासी 38 वर्षीय मनोज चौधरी अपनी पत्नी 35 वर्षीया रीता और 12 वर्षीया बेटी सौम्या के साथ बाइक से मध्यप्रदेश जा रहे थे। मनोज चौधरी मध्यप्रदेश के मउगंज के गांव में परवल की खेती करने के लिए जा रहा था। मिर्जापुर की ओर से मध्यप्रदेश की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर जब लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा गांव के पास फ्लाईओवर ब्रिज पर पहुंचा तो उसी दौरान उसने आगे जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर में बाइक फंस कर करीब 50 मीटर तक घसीटता घसीटता चला गया।हादसे में मां बेटी रीता और सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई।उनका क्षत विक्षत शव सड़क पर बिखर गया था।बाइक चला रहे मनोज चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में ट्रेलर चालक 35 वर्षीय रोहित तिवारी निवासी लटियार थाना हनुमना, जिला मऊगंज (मध्यप्रदेश) भी घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा। वहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए मीरजापुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।हादसे के बाद फ्लाईओवर पर कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल रहा और जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना ग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया।

### बाणसागर नहर में गिरे लावारिस मवेशी को राहगीरों ने सुरक्षित निकाला

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हर्रा गांव के जंगल में स्थित बाणसागर नहर में गिरे एक लावारिस मवेशी को शनिवार को राहगीरों ने कड़ी मेहनत कर बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली।हलिया मतवार मार्ग पर बने पुल से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर नहर में गिरे गौवंश पर पड़ी, जो पानी में फंसकर तड़प रहा था। यह देखकर राहगीरों ने तुरंत गांव से रस्सी मंगवाई और काफी प्रयास के बाद गौवंश को नहर से बाहर निकाल लिया।इस सराहनीय कार्य को देखकर आसपास के लोग राहगीरों की प्रशंसा की ग्रामीणों का कहना है। कि बाणसागर नहर के किनारे सुरक्षा जाली न होने के कारण अक्सर जंगली जानवर और लावारिस गौवंश पानी पीने के लिए नहर में उतर जाते हैं, लेकिन पक्की ढलान होने की वजह से बाहर नहीं निकल पाते। इससे कई बार उनकी जान भी चली जाती है।स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार से मामले की जांच कराकर नहर के किनारे सुरक्षा जाली लगवाने की मांग की है।

### चचेरे भाइयों के विवाद ने ली जान : कुल्हाड़ी के बेंट से वार, एक की मौत




**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जनपद के कोल्हुई थाना क्षेत्र में मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और चचेरे भाइयों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति की जान चली गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोल्हुई पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल गुलरिहा के रहने वाले चचेरे भाई राम अवतार और श्याम मोहन चौहान तुलसीपुर चौराहे पर चाय की दुकान चलाते थे। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर श्याम मोहन की पत्नी अंकिता और राम अवतार के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते यह विवाद गाली-गलौज और फिर मारपीट में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान स्थिति इतनी बिगड़ गई कि राम अवतार को कुल्हाड़ी के बेंट से सीने में गंभीर चोट लग गई। घायल अवस्था में परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्मीपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोल्हुई पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी रीना की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी श्याम मोहन और उसकी पत्नी अंकिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105, 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी श्याम मोहन को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आगे की जांच जारी है। मामले की विवेचना कर रहे सब-इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि राम अवतार के सीने में कुल्हाड़ी के बेंट से गंभीर चोट लगने के कारण उनकी हालत बिगड़ गई थी, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-फतेहगढ़

पत्रांक:मीमो/ 1-30/ 2025-26 दिनांक 9/3/2026

-: ई-निविदा सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ई-निविदा नोटिस के अनुसार 15वां वित्त आयोग में उपलब्ध धनराशि से कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा नोटिस संख्या-1348 दिनांक 07/03/2026

1- अपरान्ह का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2- आमंत्रित निविदा दिनांक 19/03/2026 अपरान्ह 4.00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।
3- अपलोड करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र वॉछित समस्त अभिलेखों एवं मूल जमानत धनराशि के साथ निर्धारित तिथि व समय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जा सकती है।
4- निविदाओं की तकनीकी बिड ऑनलाइन दिनांक 19/03/2026 को अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद


## तवीन फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष तत्सत मणि ने असहाय बच्चियों का थामा हाथ, शिक्षा व विवाह की जिम्मेदारी उठाई

- माता की पांचवीं पुण्यतिथि पर तीन अनाथ बच्चियों के नाम एसआईपी से आर्थिक सहयोग की घोषणा, क्षेत्र में हो रही सराहना



**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय तवीन फाउंडेशन, नई दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष तत्सत मणि ने एक बार फिर मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए तीन असहाय बच्चियों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी उठाई है। अपनी स्वर्गीय माता माया देवी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की तीन बेटियों की शिक्षा और भविष्य के लिए आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। मिली जानकारी के अनुसार महाराजगंज जनपद के फरेंदा क्षेत्र के ग्राम सभा करमहा निवासी स्वर्गीय विकास पांडेय की कुछ समय पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनके निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार में उनकी पत्नी सोनी, मां प्रभावती पांडेय और तीन बेटियां पायल, सृष्टि और शिखा रह गईं। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण बच्चियों की पढ़ाई और उनके भविष्य को लेकर परिवार गंभीर चिंता में था। जब इस परिवार की स्थिति की जानकारी तत्सत मणि को हुई तो उन्होंने तुरंत मदद के लिए कदम बढ़ाया। 8 मार्च को अपनी माता की पुण्यतिथि पर उन्होंने घोषणा की कि तीनों बच्चियों की शिक्षा, देखभाल और भविष्य में विवाह के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए बच्चियों के नाम बैंक खातों में एसआईपी के माध्यम से नियमित रूप से धनराशि जमा कराई जाएगी, ताकि उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके। तत्सत मणि के इस सराहनीय कदम की पूरे क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के समय में किसी असहाय परिवार की जिम्मेदारी उठाना बहुत बड़ा और प्रेरणादायक कार्य है। इस पहल से न केवल उस परिवार को सहारा मिला है बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी मजबूत हुई है।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

पत्रांक/सफाई निविदा/2025-26/268 दिनांक- 12.03.2026

(सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधान मण्डी स्थल गोला गोकर्णनाथ की सफाई हेतु अनुभवी एवं सुद्रण इच्छुक फर्म/व्यक्तियों से स्वीकृति दिनांक से दिनांक 31.03.2027 तक वार्षिक/ मासिक ठेके पर कार्य कराये जाने हेतु अलग-अलग सील बन्द निविदायें निर्धारित शर्तो के अधीन तीन लिफाफा पद्धति से (जिसमें एक लिफाफे में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड का अलग-अलग लिफाफा) दिनांक 30.03.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें समिति कार्यालय से किसी कार्य दिवस में राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट जो ए.पी.एम.सी. गोला गोकर्णनाथ के पक्ष में देय हो अथवा नकद धनराशि पर 590.00 रू. के भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा की धरोहर राशि 75,000.00 रू. की राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जो सचिव मण्डी समिति, गोला गोकर्णनाथ के नाम बंधक हो तथा उक्त कार्य की निर्धारित शर्त नं. 2 एवं 3 के द्वारा अपेक्षित सभी अभिलेख/ प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को उपजिलाधिकारी/सभापति मण्डी समिति गोला गोकर्णनाथ के द्वारा की दिनांक 30.03.2026 को अपरान्ह 04 बजे तकनीकी बिड एवं अपरान्ह 04:30 बजे वित्तीय बिड कार्यालय मण्डी समिति गोला गोकर्णनाथ में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति उक्त कार्यो हेतु नियम एवं शर्ते नोटिस बोर्ड पर एवं कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में पढ़ी अथवा देखी जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार उप-जिलाधिकारी/सभापति मण्डी समिति गोला गोकर्णनाथ में निहित होगा।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोला गोकर्णनाथ, खीरी

उपजिलाधिकारी/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति
गोला गोकर्णनाथ, खीरी